Sir, more significant or the big-ticket announcements in the current Budget are a new Health Protection Scheme which will subsume the Rashtriya Swasthya Bima Yojana and give a universal insurance cover up to Rs.1 lakh to each BPL family. Besides, it gives an additional top-up cover of ₹ 30,000 to senior citizens in the family. The opening of 3,000 additional Jan Aushadhi Stores providing for sale of subsidized generic drugs — I will emphasize on this thing a little later in my intervention — and a new National Dialysis Services Programme for easy accessible outreach of dialysis facilities extending up to district hospitals in the PPP mode. What is the challenge now before the Health Minister? The health scene is vastly changing. Barring pulmonary tuberculosis, communicable diseases are not that aggressive these days. But it has given space to three major killers, namely, cardio vascular diseases, which is 24 per cent of the total mortality; chronic respiratory diseases, which is 11 per cent of the total mortality; and cancer, which is 6 per cent. In the five-year period, between 2009 and 2014, major surgeries, surgeries involving total anesthesia, registered huge surges. I will give you the surge percentage. You will really be astounded. There is a surge of 997 per cent in the State of Maharashtra; 470 per cent in Karnataka; 400 per cent in Bihar; 509 per cent in Chhattisgarh; and, 494 per cent in Andamans. This is because of the reason that doctors very frequently resort to cesarean births and hysterectomies, rather than normal birth as a matter of routine. Apparently, there is also avoidable misuse due to the lure of insurance-based schemes. But the significant signal, that is generated by these statistics, is that preventive care and early diagnosis are taking backseats, perhaps, due to acute shortage of staff, particularly in rural areas, and the consequent thrust by private hospitals for easy resort to tertiary care interventions, like, surgeries after neglecting primary and preventive health care.

[Shri Rangasayee Ramakrishna]

That brings me to a central point of my intervention. There is a dire need for spreading public awareness of one's own anatomy and basic understanding of an early self-diagnosis. It is a well articulated health research which says that substantially one's health is the resultant of one's DNA and genes. Ailments like Diabetes and Hypertension are broadly inherited. It is here that one feels that the still largely prevalent pattern of arranged marriages in India ought to be based more on DNA matching rather than horoscopes/*Janampatri* matching.

There is a dire need for proper health records. This is the most glaring minus point in our health system. Every time, you visit a doctor you have a new prescription, new list of tests. They do not even check what your existing parameters are. I will give you an example. In the early seventies, it is almost 50 years' back, I was working with the Economic Commission of Europe. At that time, they initiated a project for East-West Trade Cooperation. At that time, there was no trade between the Socialist Bloc and the Western Bloc. I was one of the team members. I made an in-depth study of the complementarities of the free market economies of two countries. One was Poland, which despite its collectivist features, had still retained private ownership of farming. The other one was Sweden. Though it was an market economy, yet it had built up a welfare edifice where the State was directly responsible for areas, like, public health and transportation.

In Stockholm, I studied the working of Danderyd Hospital, which was a central hospital of Stockholm. It catered to almost entire citizenry of Stockholm. The Chief Executive of that hospital was not a doctor. He was a clinical Psychologist. It is a very interesting thing that almost in every patient's room or cottage, he had provided a small kitchen where the patient himself can cook his food. His argument was that most of the illnesses will be cured if you are mentally active on other things, particularly, cooking. It makes you forget your illness and you get cured easily. Now, this was an era when computers had still not arrived. I am talking of 1970. That hospital had the basic health data of every single citizen of Greater Stockholm stored in punch cards. Any patient who accessed the hospital had his diagnostic symptoms coded and fed into a punch card which was matched with his basic health data in the hospital. The first diagnosis and the first prescription was, actually, done by the punch cards, not by the doctor. This gives me an idea. Although it is a massive organisational challenge which we have, we should have the basic health parameters data of every citizen, digitally stored, like weight, height, blood data, blood sugar, lipid profile, kidney and liver function data, base ECG/Echo reports, urine analysis etc. This will substantially reduce the ill effects of the prevailing

3.00 P.M.

doctor-pharma nexus, on which I will dwell at length later. Once a year the data can be updated by holding health data camps. Unnecessary costly diagnostic tests and mindless prescriptions without an understanding of the patient's other health parameters and consequent side effects can thus be minimised.

In my own experience, a few years back, when my doctor shifted me from one branded drug to another, I suffered for almost six months with inexplicable giddiness and vertigo, for which I went through dozens of costly scans, MRI etc., etc., but with no clue. I happened to attend one of the orientation lectures when lo and behold, I learnt that the new prescribed drug had a major side effect of severe giddiness and vertigo. Back from the lecture, I cross checked with Google. The Google confirmed this thing. I discontinued the drug. I became totally all right. From that time onwards, Google is my personal doctor. I don't depend too much on doctors. ...*(Time-bell rings)*... refer to this experience since it underscores the need for a regular health-card system, which can be easily designed and updated with increasing digitalisation and network connectivity in our country now. The basic stored data will easily indicate which patient is prone to what disease. This will negate the need for more and more test reports and more and more complex and costly diagnostics. That brings me to another major issue. The current rules of business allocation need drastic correction. An ideal Ministry of Health should be in-charge of the Pharma industry also. We have a very peculiar division. Pharmaceutical is being looked after by the Chemical and Fertiliser Ministry and the Health Ministry is emasculated in this thing. I was a Member of the Standing Committee on Commerce which gave a very comprehensive and a very mind blowing Report on the FDI in Pharma sector, which is the 110th Report. It was given in August 2013. In its concluding para 39, it states, "The Committee is of the considered opinion that since medicines ana drugs are an integral aspect of public health structure, the Department of Pharmaceuticals should be subsumed within the Ministry of Health and Family Welfare for effective policy formulation and monitoring of pharma sector in larger public interest." This is a very big lacunae.

Now, I have some very close relatives, my nephews and nieces, who are doctors practising in the US. There, the Food and Drugs Administration (FDA), subjects them to periodic evaluation of all their prescriptions to assess whether medical practitioners overprescribe, and also whether they tend to be influenced by particular brands. Unless our Medical Council does some such thing, the nexus cannot be broken.

Periodic orders have been given, mandating generic prescriptions. I think, after we gave the very same Report, even, the CGHS gave instructions for generic medicines.

[Shri Rangasayee Ramakrishna]

...(Time-bell rings)... Sir, I have a lot of time. I will complete. The Standing Committee Report also mentions that Tamil Nadu and Rajasthan Medical Services Corporations have been able to procure generic drugs at prices 50 to 60 times less than the retail prices of brands made by market leaders. There is a very interesting case study which we made in that Committee. There is a Bayer's anti-cancer drug 'Sorafenib'. That drug was being sold at ₹ 2,80,000 per month for a patient, cancer patient. Using Section 84 of the Patents Act, the Supreme Court ordered a Compulsory Licensing, and the Compulsory Licensing allowed one Natco Company to make the drug available at a cost of just ₹ 8,400 a month. ₹ 2,80,000 was the price that they were paying earlier and this Company made it at ₹ 8,400, the same drug. Now the fact is that the FDI in Pharmaceuticals has played havoc since hardly any investment has come in the green field route.

The same Standing Committee had recommended a blanket ban on brown field FDI. But nothing has happened. I will cite one of the many examples of carterisation arising out of the takeover of the Indian pharma companies. Almost all Indian pharma companies have now been taken over by the Western companies. This is about a case study which we looked into of RANBAXY merger with DAIICHI-SANKYO which led to the immediate withdrawal of all patent challenges by RANBAXY on PFIZER's blockbuster medicine 'LIPITOR' in eight countries. They had to withdraw their patent application. *...(Time-bell rings)...*

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): अब आप पूरा करिए।

SHRI RANGASAYEE RAMAKRISHNA: Sir, I will now come to medical education which is a real villain of the piece. It is a monumental mistake. The capitation fees collected has ruined all prospects of providing affordable health care to the masses. We should have confined medical education to be provided only by the State, leaving the field open to private sector only to provide hospitals. A bond for serving in rural areas should be made a rigid condition. It is also a criminal waste of scarce resources to permit medical graduates to compete for Civil Service Examinations.

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): अभी आपके दो और वक्ता हैं इसलिए प्लीज conclude.

SHRI RANGASAYEE RAMAKRISHNA: Sir, just two-three minutes.

Health insurance has so far not taken off at all. There is a huge disconnect between the notional coverage and the effective coverage. Only 1.2 per cent of the hospitalisation cases of rural population and 6.2 per cent of the urban population have received even part reimbursement. Looking to the totality of the situation, the poor seems to turn to

subsidised care in public hospitals and that too, provided these services are available nearer their homes. The UK model is one of a National Health Service where Government sets up hospitals and provides comprehensive health service to citizens. The American model is one of insurance based health care but that is a model which gives insurance coverage even to non-hospitalised out patient diagnostics and medicines. But since Indian Pharmaceutical industry seems to have lost out to foreign multinationals, the costs of medicines and diagnostics have steeply increased and consequently the insurance industry will also be more geared to the rich.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Thank you.

SHRI RANGASAYEE RAMAKRISHNA: Sir, I still have some more things to say.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): There are two more speakers. ...*(Interruptions)*...

कुछ सम्मानित सदस्यः बोलने दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): समय जितना है उतना ही बोलेंगे।

SHRI RANGASAYEE RAMAKRISHNA: Okay, Sir. So, I earnestly hope that our Naddaji takes stock of the above situation and creates a new health care architecture in the National Health Policy which he is currently examining. Thank you.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (उत्तर प्रदेश): महोदय, आपने इस बहुत ही महत्वपूर्ण चर्चा पर मुझे बोलने का अवसर दिया, जिसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। स्वास्थ्य मंत्रालय की कार्यप्रणाली की चर्चा बहुत महत्वपूर्ण है। पूरे हिन्दुस्तान की 126 करोड़ की आबादी जिसमें बहुत सी आबादी नौजवानों की है, बच्चों की है, महिलाओं की है और बुजुर्गों की भी है ... उनको स्वस्थ और सबल कार्य बल के रूप में संभाल कर रखना भारत सरकार का कर्त्तव्य है और माननीय नड्डा जी इस जिम्मेदारी को निभा रहे हैं। हम उनका अभिनन्दन करते हैं।

सर, अभी आदरणीय गुलाम नबी आजाद ने शुरूआत की। उन्होंने पिछले वर्षों में यूपीए सरकार ने जो किया, जिस रास्ते पर चले, उसका जिक्र किया और अभी रंगासायी रामाकृष्णा जी भी बता रहे थे कि कुछ अहम सवाल हैं, जो अभी अछूते रह गए हैं। निश्चित रूप से स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है और जिस तरीके से उसको निभाया जा रहा है, उसमें कहीं न कहीं कुछ सवाल भी हैं।

सर, मैं आज ही एक अखबार, 'द हिन्दू' पढ़ रहा था। मुझे लगता है कि माननीय मंत्री जी ने भी देखा होगा। उसमें एक बड़ी न्यूज है, वह यह है कि 'SCI panel to monitor the MCI'. मतलब एक संस्था, जो हिन्दुस्तान में डॉक्टर्स पैदा कर रही है, उसकी कार्य प्रणाली पर इतने अहम सवाल! पार्लियामेंट की स्टैंडिंग कमेटी ने उस पर चर्चा की और उसके संबंध में जो रिमार्क दिया गया है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने यह रिमार्क दिया है, "Medical education and profession in the

[श्री रवि प्रकाश वर्मा]

country is at its lowest ebb and is suffering from total system failure." आज हालत यह है कि इस चीज़ पर गौर करते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट ने एक Oversight Committee बना कर रिटायर्ड जज, मि. आर.एम. लोढ़ा के हवाले किया है कि वे खुद देखें, एक साल तक watch करें कि एमसीआई कैसे काम कर रही है। यह बहुत दुखद है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने जो रिमार्क किया है, उसमें बड़ी मजेदार बात यह है, उसमें यह लिखा है, "A Constitutional Bench led by Justice Anil R. Dave, in a 165 page-judgement, said that the Apex Court was constrained to exercise its extraordinary powers under article 142 of the Constitution as the Government had not acted on the report of the Parliamentary Standing Committee on Health and Family Welfare. सर, यह बहुत बड़ी बात है। हम कहां से चले और कहां तक पहुंचे! आज हिन्दुस्तान की आबादी 125 करोड़ हो गई है। इन लोगों को एक credible health mechanism प्रोवाइड कराना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। पर आज सच्चाई तो यह है कि आज हम लोग जूझ कर रहे हैं कि डॉक्टर्स नहीं हैं, पूरे हिन्दुस्तान में इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी है, संसाधनों की कमी है, technology properly induct नहीं हो रही है, एक सही कार्य संस्कृति नहीं बन पा रही है, जिसके कारण delivery में दिक्कत हो रही है। आप किसी भी अस्पताल में पहुंच जाइए, वहां पर आपको लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिलेंगी। मुझे लगता है कि जो हमारी कार्य प्रणाली है, हिन्दुस्तान की जनता, कमजोरों, मजबूरों, गरीबों और खास तौर पर मरीजों के प्रति जो हमारा सोचने का तरीका है, उसको नए तरीके से रिवाइज़ करने की जरूरत है। हम सिर्फ आलोचना नहीं करना चाहते हैं। आप लोगों ने बहुत काम भी किया है। उसका जिक्र अभी हो रहा है, बाहर भी हो रहा है और यहां भी हो रहा है कि निश्चित रूप से आज़ादी के बाद आज तक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में आप लोग बहुत आगे गए हैं, हम सब लोग आगे गए हैं। रिसच में भी आगे बढ़े हैं, लेकिन आज की तारीख में पूरी दुनिया में एक खेल चल रहा है, खास तौर पर हेल्थ मैनेजमेंट का जो सारा कारोबार चल रहा है, उसमें एक खेल चल रहा है। बाजार में उसके साथ वह काम किया गया है, जो नहीं करना चाहिए था। सर, मेरे पास जानकारी है कि हेल्थ के क्षेत्र में खुले बाजार का जो introduction है, यह जनता के प्रति न्याय नहीं है। अभी इस बात का जिक्र चल रहा था कि बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां खुले बाजार के माध्यम से हिन्दुस्तान के अंदर, जो हमारी existing indigenous कंपनियां थीं, जिन्होंने रिसर्च में अच्छा पैसा लगाया था और जो दवाइयों के नए-नए प्रोडक्ट्स लाई थीं, उनको acquire कर रही हैं। उसके बाद, राजनीतिक तौर पर पूरी धरती पर मोनोपली कायम करने के लिए वे अपनी इस स्ट्रैटजी का इस्तेमाल कर रही हैं। वे दवाइयों के तौर पर क्या मोनोपली कर सकती हैं, इसका केवल एक उदाहरण हम आपको देना चाहते हैं। मेर जानकारी में यह आया कि Sierra Leone, Liberia में Ebola का breakout हुआ। जिन कंपनियों ने इबोला की वैक्सीन तैयार की थी, उसकी दवाइयाँ तैयार की थीं, उन्होंने पेटेंट कानूनों के माध्यम से उसका लाभ उठाया। सर, मेरे पास यह जानकारी है कि वहाँ पब्लिक के ऊपर जो फाइनेंशियल बर्डन था, वह दो साल में 32.6 बिलियन डॉलर्स था, जबकि मरीज करीब 18-20 हजार थे। उनमें से 8 हजार बच पाए, बाकी सब मर गए। सबसे मजेदार बात यह है कि एक EcoHealth Alliance है, जो इस बात का जिक्र कर रहा है। यह बड़ी चिन्ताजनक बात होगी। मैं माननीय मंत्री जी को यह बता देना चाहता हूँ कि दुनिया की निगाह ट्रीटमेंट पर नहीं, कारोबार पर है। जो बड़ी कंपनियाँ हैं, ट्रीटमेंट के लिए they are least worried. उनका निशाना इस बात पर है कि कारोबार कैसे होगा? सर, EcoHealth

Alliance कह रहा है, "The word will see about five new emerging infections every year." यानी की कारोबार चल रहा है, नये-नये vector evolve किए जा रहे हैं, just to claim the advantage of Patent rules और फिर उनकी दवाइयाँ तैयार की जा रही हैं। उनका कहना था कि जो mild infection होंगे, उनका 374 बिलियन डॉलर का global बिजनेस होगा। Imagine! अगर कोई severe infection होगा, तो बिजनेस 7.3 ट्रिलियन डॉलर्स प्रति वर्ष होगा। Imagine! आखिर इस धरती पर क्या होना है? जो लोग खुले बाजार के बड़ी जबर्दस्त हामीदार हैं, आज हम उनसे सवाल करना चाहते हैं कि आखिर इस बाजार का लक्ष्य क्या है, इसकी मंजिल क्या है? हिन्दुस्तान के अंदर भी हम देख रहे हैं कि जो बाजार हैं, जिस तरह से हमारी संसद में बार-बार चर्चाएँ हुई कि रोजमर्रा के काम आने वाली दवाइयाँ, जो life-saving drugs हैं, उनकी क्या कीमत है, जबकि एक तरफ हमारा generic medicine system exist कर रहा है। पूरा मेडिकल सिस्टम कहीं भी generic medicine को prescribe करने के हक़ में नहीं है। मैं यह कह रहा हूँ। महँगी-महँगी दवाइयाँ लगाई जा रही हैं और बहुत-सी दवाइयाँ तो ऐसी हैं जो पूरी दुनिया में बैन कर दी गई हैं, जिनके बारे में यह बताया जा रहा है किं इसान को अगर वे दवाइयाँ दी जाएँगी तो उसकी बॉडी में long-term damage होगा। एलोपैथिक मेडिसिंस की जो लॉबी बनी हुई है, वह बड़ी-बड़ी पूँजी में इन्वेस्ट कर रही है, उनके लिए पैरवी कर रही है, वह हम लोगों से भी आकर मिलती है, विधायकों से भी आकर मिलती है, वह जन-प्रतिनिधियों को प्रभावित करती है और सरकारों को प्रभावित करती है। उस लॉबी के माध्यम से पूरी धरती पर सरकारों को प्रभावित किया जा रहा है। आज वह लॉबी कारोबार के लिए हर देश में जा रही है और हमें लगता है कि वह हमारी समस्याओं का समाधान लेकर आई है, तो मुझे लगता है कि हमारी सरकार को एक बार फिर से पुनर्विचार करना होगा कि वे कारोबार करने के लिए आए हैं, वे हमारी समस्याओं का समाधान करने नहीं आए हैं। इस मुल्क में आज भी गरीबों की तादाद बहुत ज्यादा है। पार्लियामेंट में यह चर्चा हुई है कि 40 परसेंट लोग ऐसे हैं, जो आज भी 20 रुपये रोज से ज्यादा खर्च नहीं कर सकते। उनके लिए इन विदेशी कंपनियों का वरदान, इन विदेशी और इंग्लिश दवाइयों का वरदान, मुझे नहीं लगता कि वह हमें सही जगह पर लेकर पहुँचेगा। आज सुबह क्वेश्चन ऑवर में हमारे एक साथी एमपी यह जिक्र कर रहे थे कि पूरी दुनिया में integrated therapy चालू हो गई। हिन्दुस्तान के बारे में माननीय मंत्री जी बता रहे थे, लेकिन मैं जानता हूँ कि उसका कहीं कोई नामोनिशान भी नहीं है, उसका कोई नाम भी नहीं लेना चाहता। बल्कि एलोपैथिक डॉक्टर्स कहते हैं कि जो आयुष के डॉक्टर्स हैं, वे चूरन-चटनी वाले डॉक्टर्स हैं। उनके दिमाग के अंदर एक snob भरा हुआ है कि उन्होंने allopathic treatment system पढ़ा है, इसलिए वे superior हैं और बाकी जितनी भी लोकल थैरेपीज़ हैं, जो हजारों साल से हिन्दुस्तान की जनता को केटर कर रही हैं, वे inferior हैं, वे चूरन-चटनी वाले डॉक्टर्स हैं। मजेदार बात यह है कि हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी आबादी, जो ग्रामीण या शहरी क्षेत्रों में रहती है, उसका भरोसा उन पर ज्यादा है और वे उनको फॉलो भी करते हैं। फिर कुछ बात जरूर है। आज स्वास्थ्य मंत्रालय के सामने यह बड़ी चुनौती है कि वह देश को एक समर्थ और स्वस्थ कार्यबल गारंटी करे, जो मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से स्वस्थ हों। उस लिहाज़ से हमारी जो एनआरएचएम की प्रणाली चल रही है, उसको हमें रिवाइज़ करना होगा। बड़ी अहम बात है कि पूरी दुनिया में मानव संसाधन को सबसे महत्वपूर्ण संसाधन माना जाता है। हमने भी पार्लियामेंट के अंदर exalt किया है, हमने भी कई बार पार्लियामेंट में exalt किया है कि सबसे बड़ी कोई पूंजी अगर हिन्दुस्तान की कोई है, तो वह हिन्दुस्तान की जनशक्ति है, युवा शक्ति है, जिसकी तादाद आज 76 परसेंट से ऊपर होने जा रही है,

[श्री रवि प्रकाश वर्मा]

जो आने वाले सेंसस तक 85 परसेंट तक हो जाएगी। आज उसकी हालत क्या है? मैं जिक्र ले रहा था, लगभग 40 परसेंट लोगों में टीबी का इन्फेक्शन मौजूद है, चाहे वे रोगी नहीं हैं, लेकिन जिन हालात में वे रहे रहे हैं, उनके अंदर इन्फेक्शन मौजूद है। मैं एचआईवी पर रिपोर्ट देख रहा था तो गवर्नमेंट की एजेंसीज़ का क्लेम है कि हिन्दुस्तान में करीब ढाई मिलियन के आस-पास लोग एचआईवी से ग्रसित हैं, लेकिन वस्तुस्थिति इससे ज्यादा खराब है और इन फिगस के बारे में लोगों को शंका है, दुनिया की जो एजेंसियां हैं, वे इस संबंध में शंका कर रही हैं। कैंसर के पेशेंट्स की तादाद लाखों में है। आप एक बीमारी का नाम लीजिए। मुझे लगता है कि हिन्दुस्तान तो diabetes का कैपिटल हो चुका है, cardiac patients की तो राजधानी बन गया है। इन हालात में जो एप्रोच है, वह कैसी रहनी चाहिए? गवनमेंट ऑफ इंडिया ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं अपनी पार्टी से अकेला वक्ता हूँ।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): आप कन्क्लूड करिए, कोई दिक्कत नहीं है।

श्री रवि प्रकाश वर्मा: गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, जैसी कि खबर है, जीडीपी का एक परसेंट भी मुश्किल से खर्च कर पा रही है। जिस मुल्क में 125 करोड़ की आबादी है और जिस आबादी पर हिन्दुस्तान को सुपर पावर बनने का जज्बा और जिम्मेदारी है, उस पर मेडिकल एक्सपेंडिचर मुश्किल से 1 परसेंट है! आप गौर करिए कि वह .09 परसेंट है, पूरा 1 परसेंट भी नहीं है। नेपाल में वह हमसे ज्यादा है, वहां जीडीपी का 1.5 परसेंट है, बंगलादेश में जीडीपी का 1.6 परसेंट है, श्रीलंका में जीडीपी का 1.8 परसेंट है, जापान में सीधे-सीधे 8 परसेंट है, इटली का 8.4 परसेंट है, फ्रांस का 10.4 परसेंट है, डेनमार्क का 8.9 परसेंट है, बेल्जियम का 10.1 परसेंट है, आस्ट्रेलिया का 9.2 परसेंट है, कनाडा का 10.10 परसेंट है। सर, यह बड़ी मज़ेदार बात है, यह तो मज़ाक हो गया! क्या इससे बड़ा कोई मज़ाक हो सकता है? इतने कम संसाधनों में हम हिन्दुस्तान की जनता को empower करके उसको एक सुपर पावर बनाने का ख्वाब देख रहे हैं। कहीं हम शेखचिल्ली तो नहीं हो जाएंगे? ...(**व्यवधान**)... ख्वाब देखना और काम करना, दोनों अलग-अलग चीज़ें होती हैं। सर, मैं बहुत लम्बा नहीं जाऊंगा। मेरी केवल एक सीरियस apprehension है कि एमआरएचएम एक *ad hoc* सिस्टम है, हिन्दुस्तान को एक regular health care system चाहिए, जो इंग्लैंड में है, एक neighbourhood का अस्पताल हो, जो एक limited specific population का data मेन्टेन करे। जैसा कि अभी रंगासायी जी कह रहे थे, । agree to his point कि अस्पताल को हर सिटिज़न का data मेन्टेन करना चाहिए। अब तो डिजिटल एज है, यह कोई मुश्किल काम नहीं है। उसके साथ-साथ investigation जरूरी है। हम ट्रीटमेंट की बात कर रहे हैं, ट्रीटमेंट से पहले investigation मेंडेटरी होना चाहिए कि हर आदमी का investigation साल में हो। ऐसा दुनिया के कई देशों में है। वहां इसे इतना जरूरी कर दिया गया है कि अगर investigation नहीं होगा तो सेलेरी नहीं देंगे, perks नहीं देंगे, सहूलियतें नहीं देंगे। हम investigation में खर्चा नहीं कर रहे हैं, हम ट्रीटमेंट में खर्चा कर रहे हैं और हम उनसे पनाह मांग रहे हैं कि हम हार गए हैं, थक गए हैं कि हमारे पास पैसा नहीं है। अगर समय रहते ट्रीटमेंट हो जाता है तो यकीन मानिए, आदमी का नज़रिया बदलता है, एक healthy attitude डेवलप होता है और हिन्दुस्तान के अंदर जो मेडिकल ट्रीटमेंट का बर्डन पड़ने वाला है, उसको कम करता है। मैं फिर कहना चाहता हूं कि इसको रिवाइज़ करने की जरूरत है कि हर neighbourhood में जो अस्पताल हो, वह मूल रूप से पहले तो

investigation पर ध्यान दे। सर, मैं खास तौर से कहना चाहता हूं कि हमारे यहां public health professionals का भयानक अभाव है। केवल दो राज्य हैं, जहां पर public health professionals एम्प्लॉय किए जाते हैं। मुझे तो लगता है कि पूरे हिन्दुस्तान में उनकी जरूरत है। जो CHC और PHC आपने बनाया है, उनका मैनेजमेंट होना है, उनका एडमिनिस्ट्रेशन होना है, उनकी accounting होनी है और वहां स्थानीय स्तर पर जनसंपर्क होना है। क्या उसे कोई डॉक्टर करेगा? हमारे पास पहले ही डॉक्टरों की कमी है। अगर CAC के ऊपर एक डॉक्टर की जिम्मेदारी दे देते हैं कि वही PR work भी करे, वही accounting भी करे, वही administration भी करे, वही सरकार की सारी योजनाओं की मॉनिटरिंग भी करे, तो एक डॉक्टर हम कम कर दते हैं। एक मेडिकल प्रोफेशनल को कम करके हम कौन-सा भला कर रहे हैं? मुझे लगता है कि इसके बारे में पॉलिसी बनानी चाहिए। जहां कहीं भी हमारे हॉस्पिटल हैं, वहां पर हमारे Public Health Professional mandatory होने चाहिए। एक आदमी रहे, जो लगातार जनता के टच में रहे। आज आपने मिशन पर मिशन, मिशन पर मिशन कायम कर दिए। आपने इतने सारे मिशन कायम कर दिए कि वे भटक गए। आप नया मिशन खड़ा करते हैं, तो वे दूसरे मिशन को भूल जाते हैं।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): रवि प्रकाश वर्मा जी, आपका बोलने का समय पूरा हो गया है।

श्री रवि प्रकाश वर्मा: उपसभाध्यक्ष महोदय, कुछ महत्वपूर्ण बातें हैं, उन्हें कह कर मैं अपनी बात खत्म करना चाहता हूँ। आज जब सुप्रीम कोर्ट संज्ञान ले रहा है कि हमारे सिस्टम के अंदर खामियां हैं, हमें दोबारा से देखने की जरूरत है, तो क्या यह हमारे ऊपर obligation नहीं है? हम उसमें झांक कर देखें और एक result-oriented approach लेकर चलें।

उपसभाध्यक्ष महोदय, सरकार ने गरीबों के लिए smart-cards बनाए हैं। मालूम है क्या होता है, गरीब आदमी smart-card लेकर हॉस्पिटल जाता है, लेकिन वहां उसको पता ही नहीं चलता है कि उसने बीमा कम्पनी के माध्यम से कितना खर्चा, किस मद में कर दिया गया और पता लगता है कि एक घर का एक बच्चा हॉस्पिटल गया और हिसाब बराबर। आप खर्चा कर रहे हैं, ऐसा नहीं है कि आप खर्चा नहीं कर रहे हैं, लेकिन इसमें लाभ बीमा कम्पनी का हो रहा है। मैं फिर से कहना चाहता हूं कि पूरी दुनिया में जो बीमा कंपनियां defunct हो गयीं, आज वे स्वास्थ्य का कारोबार करने के लिए आपके यहां पर आई हैं। हमारी आंखें खुल जानी चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं ज्यादा लम्बी बात नहीं खीचूंगा।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): जी, धन्यवाद।

श्री रवि प्रकाश वर्मा: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं पार्लियामेंट में एक बार पहले भी कह चुका हूं कि एक regular health care की जरूरत है, उसको गवर्नमेंट अरेंज करे और बहुत जल्दी लेकर आए। मैं यही कहना चाहता हूं कि NRHM में जो आपने संविदा नियुक्तियां की थीं, वे अपने परपज़ में पूरी नहीं उतरीं। वे turn-out नहीं दे पा रही हैं। हमारा आपसे आग्रह है कि चाहे कैसे भी करिए, हिन्दुस्तान के अंदर super specialists और specialists की तादाद बढ़ाने का प्रयास करिए, जैसा कि चीन ने किया है। उसने medical curriculum को चेंज किया है और उसके बाद वह बड़े पैमाने पर super-

[श्री रवि प्रकाश वर्मा]

specialists पैदा कर रहे हैं। यह चुनौतीपूर्ण स्थिति है, जो हमारे सामने आ रही है, जिसको हमें ठीक करना है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे एक चीज़ और कहना चाह रहा था कि ग्रामीण क्षेत्रों में हमारी access कमजोर है और remote areas में और भी कम है। मुझे वे लोग मिले हैं, जो आरएमपी/पीएमपी की प्रैक्टिस करते रहे हैं। एक तरफ हम ASHAs बहुओं को ट्रेनिंग देकर लगा रहे हैं, तो मुझे लगता है कि data building के लिए और initial treatment के लिए इन लोगों की सेवाओं पर हम लोग यकीन कर सकते हैं। ...(**समय की घंटी**)... मुझे एक आग्रह और करना है कि Roads and Accident Survey में आया है कि डेढ़ लाख लोग हर साल सड़कों के ऊपर मर रहे हैं और साढ़े चार लाख लोग अपंग हो रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, trauma centres की बहुत कमी है। मैं इस तरफ आपका ध्यान खींचना चाहता हूं। इसके साथ ही एक-दो बिंदु और हैं, जिनके बारे में मैं आपसे कहना चाहूंगा। सर, राज्य सरकारों ने भी आपके साथ मिलकर अच्छा काम किया है, इससे मैं इन्कार नहीं करता हूं, लेकिन एप्रोच बदलने की जरूरत है। अभी उत्तर प्रदेश सरकार ने, हमारे मुख्य मंत्री जी ने एम्बुलेंस 102 और 108 चालू की थीं, आपकी मदद से चालू की थीं, वे बहुत लोकप्रिय हुईं। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस तरह की योजनाएं पूरे हिन्दुस्तान में चलनी चाहिए। इसका सीधे-सीधे जो गरीब लोग हैं, उनको फायदा मिल सकेगा। यह बहुत अच्छा काम हुआ है।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): बहुत अच्छा है। देखिए, अब समय बहुत ज्यादा हो गया है। मुझे समय से डिबेट पूरी करानी है।

श्री आनन्द शर्मा (हिमाचल प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, कई पार्टीज़ के एक भी सदस्य नहीं हैं। आप इनको बोलने दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): वह मुझे पता नहीं है, लेकिन इनका जितना समय था, उससे ज्यादा समय मैंने इनको बोलने के लिए दे दिया है। आपका बहुत ज्यादा समय हो गया है।

श्री रवि प्रकाश वर्मा: उपसभापति महोदय, मैं अभी समाप्त कर रहा हूँ। हमारे जो एमपीज़ हैं, उनका पब्लिक से बहुत कनेक्शन बना हुआ है। हम माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहते हैं कि आदरणीय सुषमा जी जब स्वास्थ्य मंत्री हुआ करती थीं, तब उन्होंने स्वास्थ्य मेले के लिए सभी एमपीज़ को मौका दिया था कि आप अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य मेला लगाएं। उससे जो कनेक्ट बनता है पब्लिक से और हैल्थ सर्विसेज़ से, वह समाप्त हो गया है। इसको फिर से जोड़ने की जरूरत है। एक रिक्वेस्ट आपसे और करनी है कि जो लोग कांस्टिट्यूंसी से इलाज कराने के लिए यहां आते हैं, हालांकिं मत्री जी तो हमारी मदद करते रहते हैं, फिर भी मैं आपसे आग्रह करना चाहूंगा कि कुछ ऐसा जरूर करा दीजिए कि जो लोग अपेक्षाओं के साथ आते हैं, उनका ट्रीटमेंट प्राइयॉरिटी पर हो जाए। वहां पर बहुत

ज्यादा rush रहता है। जो हैल्थ का इंफ्रास्ट्रक्चर है, इसको और बढ़ाने की जरूरत है, इस पर खर्चा बढ़ाने की जरूरत है। हम सब लोग आपके साथ खड़े हुए हैं। आप माननीय प्रधान मंत्री जी से बात करिए। यह national commitment है और इससे पीछे हटना हम लोगों को किसी हाल में मंजूर नहीं है, धन्यवाद।

श्रीमती कहकशां परवीन (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका और अपनी पार्टी के नेताओं का शुक्रिया अदा करती हूं कि मुझे इस विषय पर चर्चा करने का मौका दिया। पिछले सत्र में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव माननीय मंत्री जी पेश कर रहे थे, तो इन्होंने बहुत सारी योजनाओं का ज़िक्र किया था। जब विपक्ष के नेता जनाब गुलाम नबी आज़ाद साहब ने अपनी बातें रखी थीं, तो इन्होंने इस बात का ज़िक्र किया था कि आने वाले सत्र में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर चर्चा करा लीजिए और सरकार ने यह चर्चा कराई, मैं इसके लिए सरकार का शुक्रिया अदा करती हूं।

आज हम सदन में जिस चर्चा के लिए बैठे हैं, वह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की बात करने के लिए है कि उसको कैसे सुदृढ़ किया जाए। किसी भी राज्य एवं राष्ट्र का विकास वहां के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर निर्भर करता है। जब स्वास्थ्य की बात होती है और जब हमारी नजर उस तरफ जाती है कि स्वास्थ्य का लाभ लेने के लिए गरीब, महिला, बच्चे और बूढ़े जब अस्पतालों में लाइनों में लगे रहते हैं, और अपनी बारी का इंतजार करते हैं, तब यह अहसास होता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोग किस तरह से परेशान हैं। सरकार जितनी भी योजनाएं बनाती हैं, वे गरीबों के हितों के लिए बनाती है। गरीबों को इनका फायदा मिले, इसके लिए बनाती है। मुझ से पूर्व वक्ताओं ने जो बात रखी है, मैं उस बात को दोहराना नहीं चाहती हूं, लेकिन एम्स के विषय पर मैं कुछ कहना चाहती हूं। एम्स स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना एक मुकाम रखता है। लोग सभी जगहों से यहां इलाज के लिए आते हैं, लेकिन डॉक्टर्स की भारी कमी की वजह से, मैन-पावर की कमी की वजह से जो गरीब लोग, गरीब औरतें और बच्चे स्वास्थ्य का लाभ लेने आते हैं, वे काफी देरी होने के कारण निजी अस्पतालों में जाकर, अपनी जमीन बेचकर कर्ज़ लेकर अपना इलाज कराते हैं। इसमें सुधार की आवश्यकता है।

माननीय महोदय, एम्स में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था है, रजिस्ट्रेशन कराइए और इलाज कराइए। मैं सरकार से यह पूछना चाहती हूं कि आप लोग ऑनलाइन की बात कहते हैं, तो यह अच्छी बात है, नई सोच के साथ चलना चाहिए, लेकिन 70 फीसदी लोग गांवों में रहने वाले हैं। उनको स्वयं मोबाइल पर नम्बर लगाना नहीं आता है, उनको बैंक में अपना खाता खुलवाने के लिए फॉर्म भरना नहीं आता है, जो अपने अन्य कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर होते हैं, ये लोग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कैसे करेंगे? इसमें सुधार की आवश्यकता है। इसलिए जो लोग गांवों से चलकर आते हैं, वे एम्स का नाम सुनकर आते हैं और जब उनको यहां रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है या काफी परेशानी उठानी पड़ती है, तो वे उससे निजात पाने के लिए अपनी जमीन को भी बेचकर अपना इलाज कराते हैं। सरकार गरीबों के लिए योजनाएं बनाती है। आपने इस बार के बजट में जो प्रावधान रखा है, उसको पिछली बार से बढ़ाकर रखा है। आपने 2015-16 में स्वास्थ्य के क्षेत्र में 33,831.6 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा था और इस बार आपने 38,206.3 करोड़ रुपए रखे हैं, यह अच्छी बात है। मैं सरकार से यह कहना चाहती हूं कि 12वीं पंचवर्षीय योजना में GDP के 2.5 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया था। आपने कहा कि हम इसमें बढ़ोतरी करेंगे। आपने बढ़ोतरी की बात कही लेकिन आपने बढ़ोतरी मात्र 0.25

[श्रीमती कहकशां परवीन]

परसेंट ही की। आप बताएँ कि आप अपने इस लक्ष्य की प्राप्ति कैसे करेंगे? और आप जो स्वास्थ्य में सुधार की बात कर रहे हैं, यह कैसे लाएँगे? संसदीय समिति की रिपोर्ट में भी ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए केन्द्र सरकार फंड का आबंटन उचित तरीके से नहीं करती, ऐसी बात कही गई है। साथ ही, समिति की रिपोर्ट में मंत्रालय के आवंटित बजट और प्रस्ताविक बजट में काफी अंतर की बात कही गई है। मान्यवर, हम चाहेंगे कि आप अपने जवाब में इसके बारे में सदन को बताएँ।

'प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना' की मद में आबंटन बढ़ाया गया है, यह अच्छी बात है, लेकिन भारत सरकार के CAG की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014-15 में जो राशि एम्स जैसे संस्थानों को दी गई थी और ऐसी इंस्टीट्यूट्स को दी गई थी, उसकी 70 फीसदी राशि का उपयोग भी नहीं हो पाया है। आखिर इसका क्या कारण है?

महोदय, बहुत दिनों से बात चली आ रही है, जन-औषधि की दवा की बात की जाती है, ताकि गरीब लोगों का इलाज सस्ते में हो। आज जो महँगी दवाइयाँ मिल रही हैं, उसके कारण बहुत सारे लोग इलाज नहीं करा पाते हैं और अपनी जिन्दगी से हाथ धो बैठते हैं। 2008 में जन-औषधि स्टोर खोलने पर विचार किया गया था। वर्तमान में उसकी संख्या 164 है, जिनमें से आज की डेट में जन-औषधि के, official website के अनुसार, मात्र 87 स्टोर्स ही कार्य कर रहे हैं। माननीय मंत्री महोदय, आपने इस साल के बजट में यह कहा है कि हम 3 हजार जन-औषधि स्टोर्स खोलेंगे, यह बहुत अच्छी बात है, यानी जो लोक सभा की 543 सीटें हैं, अगर हर सीट के लिए देखा जाए, तो हर सीट के हिस्से में 5 स्टोर्स आएंगे। यह अच्छी बात है कि जब हर सीट के हिस्से में 5 स्टोर्स आ जाएँगे, तो बहुत सारी समस्याएँ भी दूर हो जाएँगी और गरीबों को सस्ती दवाइयाँ भी मिलेंगी। इसके लिए बहुत-बहुत शुक्रिया, लेकिन जब 2008 में घोषित योजना में आज भी 164 दुकानें नहीं चल पा रही हैं, तो आप 3 हजार स्टोर्स की monitoring कैसे करेंगे और इसका लाभ लोगों को कैसे देंगे? मैं इस पर सरकार से जवाब चाहूँगी।

माननीय सदस्य वर्मा साहब ने यह बात रखी है कि डॉक्टर्स महँगी दवाइयाँ prescribe करते हैं। क्या आप यह बताने का कष्ट करेंगे कि कितने डाक्टर्स जन-औषधि वाली दवाइयाँ लिखते हैं? वे इसे prescribe ही नहीं करते हैं और अगर prescribe करते हैं, तो वे दवाइयाँ नहीं मिलती हैं! इसलिए माननीय मंत्री महोदय, आप इस तरफ भी ध्यान दें, क्योंकि आप गरीबों की बात कर रहे हैं। चूँकि अमीर आदमी अपना इलाज पैसे के बल पर अन्य जगह करा लेते हैं, लेकिन गरीब आदमी तो सरकारी योजनाओं पर ही आश्रित रहता है।

महोदय, आपने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2015 का जो प्रारूप बनाया है और आपने उसमें जो सिस्टम लागू करने की बात की है, वह आपने PPP model पर किया है। जो जाँच है, जैस CT Scan जैसी जाँच है, MRI जैसी जाँच है, उसके लिए आप PPP मॉल अपनाना चाहते हैं। एम्स जैसे अस्पतालों में भी लोग जाते हैं, वहाँ भी जाँच होती है, लेकिन मरीज लंबी कतारों में नहीं लगना चाहता है और प्रायः उसको बाहर से जाँच कराने की सलाह दी जाती है या फिर वह स्वेच्छा से बाहर चला जाता है।

...(**समय की घंटी**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): अभी आपके पास दो मिनट हैं।

श्रीमती कहकशां परवीनः नहीं, नहीं, आप दो मिनट की बात कर रहे हैं। सुबह आप महिला उत्पीड़न की बात कर रहे थे, दहेज प्रथा रोकने की बात कर रहे थे, अब एक महिला अपनी आवाज रख रही है, तो आप घंटी बजा रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः नहीं, नहीं, इस तरह से नहीं कहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्माः सर, मेरा आपसे एक अनुरोध है। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः आनन्द जी, आप तो जानते हैं कि यहाँ पर जो समय लिखा गया है, मुझे उसका पालन करना होता है।

श्री आनन्द शर्माः बिज़नेस एडवाइज़री कमेटी ने इसके लिए चार घंटे का समय रखा है। ...(**व्यवधान**)... यह चीज़ सदन तय कर सकता है। ...(**व्यवधान**)... इसके लिए चार घंटे का टाइम अलॉट हुआ है। सदन में इतने राजनैतिक दल नहीं हैं। ये अच्छा बोल रही हैं। ...(**व्यवधान**)... जब हाउस ठीक चल रहा होता है, ऐसे में अगर कोई सदस्य अच्छा योगदान करे, तो उसका सम्मान होना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती कहकशां परवीनः माननीय उसभाध्यक्ष जी ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः आनन्द जी, मेरा डिस्क्रिमिनेशन नहीं है। ...(**व्यवधान**)... आप तो सीनियर लीडर हैं। ...(**व्यवधान**)... मैं आपको रोक नहीं रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्माः आधे दल तो हैं ही नहीं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः मैं आपको रोक नहीं रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... मेरे पास जो समय दिया गया है, मुझे उसी का अनुसरण करना है। ...(**व्यवधान**)... इसके अलावा मैं कुछ नहीं कर सकता हूं।

श्री के.सी. त्यागी (बिहार)ः सर, आनन्द शर्मा जी ठीक कह रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः आप आनन्द शर्मा जी की बात क्यों कर रहे हैं? आनन्द शर्मा जी स्वयं जाकर बात करें। ...(**व्यवधान**)... यहां नहीं होगा। ...(**व्यवधान**)... वह मुझे मालूम है ...(**व्यवधान**)... मैंने कहा है कि आप अपनी चर्चा जारी रखिए और उसे निर्धारित समय पर पूरा कीजिए। ...(**व्यवधान**)... मैं आपको बोलने से रोक नहीं रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI K.C. TYAGI: She is the only speaker from the JD(U). इस बिल के लिए चार घंटे का टाइम है और ये महिला भी हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)ः मुझे यह बात मालूम है, लेकिन इस बिल पर बोलने के लिए इनको इतना ही समय दिया गया है। ...(**व्यवधान**)... इनको 11 मिनट का समय दिया गया है, मैं इनको रोक नहीं रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... मैं इनको दो मिनट का समय और दे दूंगा। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती कहकशां परवीनः किसी सदस्य को तो आप दस-दस मिनट का समय देते हैं, लेकिन एक महिला को कम समय दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): मैं तो सबको समय के साथ ही रोक रहा हूँ। यदि हम रोकेंगे नहीं, तो हाउस चलाना मुश्किल होगा। ...(**व्यवधान**)... अब आप आगे बोलिए। ...(**व्यवधान**)... आप बहुत अच्छा बोल रही हैं, अपनी बात जारी रखिए।

श्रीमती कहकशां परवीनः आप पीपीपी की बात कर रहे हैं। मैं जानना चाहती हूं कि क्या सरकार स्वास्थ्य विभाग या स्वास्थ्य के क्षेत्र का निजीकरण करने जा रही है? चूंकि स्वास्थ्य का लाभ गरीब लोग ले रहे हैं, लेकिन अगर पीपीपी मॉडल के तहत उसको निजी कंपनियों के हाथ में दे दिया जाएगा, तो इससे आम जनता का नुकसान होगा। चाणक्य ने कहा है, "जहां का राजा व्यापारी हो, वहां की प्रजा को भिखारी होने से कोई रोक नहीं सकता है।" मैं आपसे यह चाहूंगी कि जब आप अपना जवाब दें, तो इस बात का जवाब अवश्य दें। ...(**व्यवधान**)...

महोदय, सरकार ने यह फैसला लिया है कि गरीब परिवार को एक लाख रुपये का हेल्थ इंश्योरेंस कवर दिया जायेगा। क्या आपने अब तक इसका आकलन किया है कि इस वर्ष कितने लोगों को आपने इसका लाभ दिया है या देंगे? क्या आपने इसके लिए कोई सर्वेक्षण निर्धारित कराया है?

मैं एक बात और कहना चाहती हूं। अभी जो एम्स का मामला आया था, मैंने ज़ीरो ऑवर में इसको उठाया भी था। एक पल्लवी ग्रोवर नाम की नर्सिंग स्टूडेंट थी, उसने आत्महत्या कर ली और आत्महत्या करने से पहले उसने एक सुसाइड नोट लिखा कि मैं जो आत्महत्या कर रही हूं, वह किसी के कहने पर नहीं कर रही हूं, खुद अपनी मर्जी से कर रही हूं। लेकिन उसकी मां ने कुछ लोगों के कहने पर शिशिर महावर पर, जो होस्टल वार्डन है, केस दर्ज कर दिया, जिसकी सुनवाई अनुसूचित जाति आयोग में की गई। पी.एल. पुनिया साहब उसके अध्यक्ष थे। उन्होंने एम्स को यह सिफारिश की कि उन्हें पुनः उनके पद पर बहाल किया जाए, लेकिन उन्हें अब तक बहाल नहीं किया गया।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): ठीक है, धन्यवाद।

श्रीमती कहकशां परवीनः बस दो मिनट और दे दीजिए, मैं कुछ सुझाव देना चाहती हूं। मेरा सुझाव है कि अस्पतालों में जो इमरजेंसी सेवाएं हैं, उनमें जो डॉक्टर्स बैठते हैं, वे जूनियर डॉक्टर्स होते हैं या फिर जो इंटर्नशिप कर रहे होते हैं, वे होते हैं। एमर्जेंसी में सीनियर डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई जानी चाहिए।

राज्यों में आपने जो एम्स जैसे अस्पताल खोले हैं, अगर उनकी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा, तो एम्स में इतनी भीड़ नहीं होगी और वहीं पर लोगों का उचित इलाज हो पाएगा। सर, एमसीआई को सरकारी कॉलेजों और अस्पतालों में सीट बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि हमारे यहाँ डॉक्टर्स की जो कमी है, वह पूरी की जा सके।

मेरा चौथा सुझाव यह है कि हमारे यहाँ डॉक्टरी की जो पढ़ाई करते हैं और जब वे डॉक्टर बन जाते हैं, तो वे ज्यादा पैसे कमाने के लिए विदेश चले जाते हैं, लेकिन हमारे यहाँ सेवा नहीं करते। उनको यह कहा जाए कि वे हमारे हिन्दुस्तान में ही रहकर सेवा दें। आप रोजगार की बात करते हैं।

नर्सों की तादाद बढ़ाने के लिए नर्सिंग कॉलेज खोले जाने की बात माननीय एलओपी साहब ने कही थी कि उनके जमाने में नर्सिंग कॉलेजेज़ खोले गए। बहुत सारी नर्सें बेरोजगार हैं। प्राइवेट नर्सिंग होम्स में भी उनको रखने की व्यवस्था की जाए। जो योजनाएँ सरकार चला रही है, ये योजनाएँ जमीन तक जाएँ, गरीबों को इनका लाभ मिले, इसके लिए पंचायती राज व्यवस्था एवं नगर निकाय के प्रतिनिधियों को बेदार करने की जरूरत है।

सबसे आखिरी और सबसे महत्वपूर्ण बात, जो माननीय मंत्री महोदय और आपकी सरकार करती है, 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य भारत' की जो कल्पना करती है, तो 'स्वच्छ भारत' और 'स्वस्थ भारत' तभी बन पाएगा जब जिस तरह से हमारे माननीय नेता, श्री नीतीश कुमार जी ने बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू कर दी है, इसी तरह से यदि पूरे हिन्दुस्तान में पूर्ण शराबबंदी लागू कर दी जाए, तभी 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' का आपका सपना साकार हो पाएगा।

महोदय, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

श्री वीर सिंह (उत्तर प्रदेश): महोदय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के काम-काज पर हमारी नेता आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी ने मुझे बोलने का शुभ अवसर दिया है, इसके लिए मैं उनका धन्यवाद अदा करता हूँ। मैं अपनी पार्टी की तरफ से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा में भाग लेने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

महोदय, किसी भी देश का विकास तभी सम्भव है, जब उस देश की जनता का स्वास्थ्य ठीक हो और उस देश में माँ और बच्चे का स्वास्थ्य ठीक हो, क्योंकि स्वस्थ माँ ही स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है और यही बच्चे भविष्य में स्वच्छता के लक्ष्य को पूरा कर सकते हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि एक देश तभी तरक्की कर सकता है, जब उसके नागरिकों के पास मूलभूत सुविधाएँ हों, परन्तु विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में यह दुष्कर प्रतीत होता है।

महोदय, वर्तमान समय में सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर जीडीपी का 1.2 प्रतिशत ही प्रति वर्ष खर्च करती है, जो दुनिया भर के देशों के मुकाबले सबसे कम है। यहाँ तक कि अफ्रीका में भी यह प्रतिशत 1.7 है। वर्ष 2016-17 के लिए सरकार ने आयुष मंत्रालय के लिए 650 करोड़ रुपये, 'प्रधान मंत्री स्वास्थ्य योजना' के तहत 1,330 करोड़ रुपये और 'राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम' के तहत 343 करोड़ रुपये आबंटित किए हैं। कुल स्वास्थ्य सेवाओं का आबंटन 39,532.55 करोड़ रुपये है, जो विगत वर्ष यानी 2015-16 में 32,282.17 करोड़ रुपये था। मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि जन स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.5 फीसदी तक बढ़ाया जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के वंचित और कमज़ोर वर्गों के तबकों को भी पूर्णतया मिल सके और देश के विकास को गति मिल सके।

महोदय, देश में 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति' बनाने की तैयारियाँ चल रही हैं। विशेषज्ञों से लेकर आम जनता तक से राय लेकर उसका मसौदा तैयार किया जा चुका है। मैं उसका स्वागत करता हूँ, परन्तु एक शंका होती है कि क्या अभी तक हमारे स्वास्थ्य को लेकर मंत्रालय गम्भीर नहीं था, क्योंकि नीति के अभाव में यह कैसे कार्य कर रहा था? क्या माननीय मंत्री जी इस विषय पर अपना स्पष्टीकरण देने का कष्ट करेंगे?

[श्री वीर सिंह]

महोदय, देश में प्रति वर्ष 2.5 करोड़ बच्चों का जन्म होता है, परन्तु अनेकों स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बावजूद विश्व के 40 फीसदी कुपोषित बच्चे भारत में हैं और हर वर्ष लगभग 25 लाख बच्चे कुपोषण से मर जाते हैं। मंत्री जी से आशा है कि वे देश को कुपोषण से निजात दिलाएँगे।

महोदय, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आन्ध प्रदेश और अन्य प्रदेशों में कुपोषण का बहुत बड़ा प्रभाव है। महाराष्ट्र के मेलघाट में तो कुपोषण से काफी मौतें होती हैं। उस ओर जहाँ ट्राइबल्स लोग रहते हैं, वहाँ पर इसका ज्यादा प्रभाव है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि उस ओर ध्यान देने की अति आवश्यकता है।

महोदय, देश में लगभग प्रति वर्ष 11 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर से हो रही है। कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसका इलाज महंगा है और इसकी पर्याप्त व्यवस्था भी देश में नहीं है। अतः माननीय मंत्री जी, देश में पीपीपी मॉडल पर कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिए बेहतर सुविधाएं व दवाइयां मुहैया करवाएं, जिससे इस गंभीर बीमारी की रोकथाम सुनिश्चित हो सके। महोदय, कैंसर बीमारी ऐसी है कि गरीब इसका ठीक से इलाज नहीं करवा पाता, उसके पास इतना पैसा नहीं होता है और सरकार की तरफ से भी ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। महोदय, जितने भी सांसद हैं, प्रधान मंत्री राहत कोष के लिए हम चिट्ठी लिखते हैं। ये चिट्ठियां काफी समय तक वहां पड़ी रहती हैं, उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। तो इसके लिए मंत्रालय की तरफ से अलग से एक विभाग होना चाहिए कि गरीबों के लिए जो चिट्ठियां हम लिखते हैं, जो बेचारे अपना इलाज नहीं करवा पाते हैं, तो उनके लिए राहत समय से मिल जानी चाहिए। हमने कई चिट्ठियां लिखी हैं जिनमें सिफारिश की है। लेकिन उनको पैसा नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसा ही सभी सांसदों का हाल होगा। मेरा निवेदन है कि इस ओर ध्यान दिया जाए और प्रधान मंत्री राहत कोष से उन गरीबों को इलाज के लिए पैसा दिया जाए।

महोदय, देश में हर 10 में से 6 युवतियां एनीमिया की शिकार हैं, तथा जिन महिलाओं में एनीमिया था, उनके बच्चों में भी खून की कमी पाई गई है। अतः सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए और अनिवार्य दवाओं का मुफ्त वितरण करना चाहिए। महोदय, जो गरीब महिलाएं हैं, जब वे गर्भवती होती हैं, तो उनको अच्छा खाना नहीं मिलता है, बच्चा भी कमजोर पैदा होता है। तो हमको बच्चा पैदा होने से पहले उसकी मां का भी ध्यान रखना चाहिए और गरीब महिलाओं को ऐसा आहार प्रदान करना चाहिए, जिससे उनके बच्चे स्वस्थ पैदा हों तथा बीमार बच्चे पैदा न हों।

महोदय, भारत मेडिकल टूरिज्म का एक उभरता हुआ केन्द्र है। यहां दुनिया भर के लोग इलाज कराने आते हैं। बावजूद इसके, देश के ज्यादातर लोगों की पहुंच से इलाज की सुविधा बाहर है। चूंकि देश की तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने में देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा असमर्थ है और निजी अस्पतालों में इलाज की कीमतें ज्यादा हैं, ऐसे में बुनियादी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, जिससे कि स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार से वह असरदार हो। सरकार को राज्यों के साथ मिलकर ऐसे कदम उठाने चाहिए, जिससे लोग स्वास्थ्य सेवाओं का उचित लाभ उठा सकें। महोदय, प्राइवेट अस्पतालों में इलाज महंगा होता है। फीस ज्यादा ली जाती है। वहां एक ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि अस्पतालों में रेट फिक्स हो जाना चाहिए, जिससे वे ज्यादा चार्ज न

करें। सरकार की तरफ से ऐसा नियम बन जाना चाहिए कि आप इलाज तो करेंगे लेकिन आप फिक्स चार्जेज़ से ज्यादा नहीं लेंगे।

महोदय, देश में सस्ती दवाएं 137 जन-औषधि केन्द्रों में बहुत सस्ती दरों पर उपलब्ध हैं और जल्द ही 3,000 जेनेरिक दवाओं की दुकानें देश भर में खोलने का प्रावधान है। महोदय, यह अच्छा प्रयास है। किन्तु ज्यादातर यह देखने को मिलता है कि दवाई एक होती है, जैसे जेनेटिक है। इसको जो कम्पनियां बनाती हैं उनकी कीमतें अलग-अलग होती हैं, जबकि डॉक्टर्स लिख देते हैं कि एक कम्पनी की ही दवाई लेकर आएं, क्योंकि उसकी कीमत ज्यादा होती है। डॉक्टर्स इस प्रकार की दवाई क्यों लिखते हैं क्योंकि उनका कम्पनी से कमीशन बंधा हुआ होता है। तो माननीय मंत्री जी, मेरा यह कहना है कि एक दवाई की दो कीमत नहीं होनी चाहिए, भले ही उसको दो कम्पनियां बना रही हैं। उनकी कीमत एक ही होनी चाहिए। महोदय, इस ओर भी आपको ध्यान देना होगा। महोदय, यह भी आवश्यक है कि राज्य सरकारें दवाओं की उपलब्धता की बारीकी से निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि सस्ती दवाओं की आपूर्ति में कोई कमी न हो। आज जरूरत इस बात की है कि दवाओं को मूल्य नियंत्रण नीति से जोड़ा जाए, ताकि जो दवाएं इस सूची में शामिल नहीं हैं, उनकी कीमत कम हो सके। महोदय, मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। वहां एक जिला गोरखपुर है, जहां के पानी में बहुत कमी है। उस पानी की कमी से Hepatitis, वायरल, डॉयरिया जैसी तमाम तरह की बीमारियां उत्पन्न होती हैं। तो वहां के दूषित पानी के बारे में सोचना चाहिए, जिससे कि बीमारियों को रोका जा सके। उसी प्रकार से मथुरा और आगरा के पानी में नमक ज्यादा है। बहुत खारा पानी है। खारे पानी से वहां पर ब्लड प्रेशर होता है, किडनी खराब हो जाती है। इससे तमाम ऐसे रोग बढ़ रहे हैं, इस ओर भी हमें ध्यान देना चाहिए। उसके साथ-साथ देश में जितनी बड़ी-बड़ी फैक्टरियां हैं, उनका जो दूषित पानी है, वह नदियों में जाता है, नालों में जाता है। गजरौला में और हमारे नोएडा और ग्रेटर नोएडा, दादरी में तमाम ऐसी फैक्टरियां हैं। जैसे गजरौला की वाम फैक्टरी है, उसका पानी जब नदी में जाता है तो वह पानी लाल रंग का हो जाता है। आस-पास के गांवों में जो नल लगे हुए हैं, उन नलों का पानी भी लाल रंग का हो जाता है। उससे तमाम बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। माननीय मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि आप ऐसे फैक्ट्री मालिकों पर शिकंजा कसें और उनसे कहें कि वे उस पानी को स्टोर करें और उसको शुद्ध करके वहां से बहाया जाए ताकि इससे उत्पन्न होने वाली बीमारियों को रोका जा सके। जो फैक्ट्रियां या कंपनियां दूषित पानी को नदियों में डाल रही हैं, इस संबंध में मुझे ऐसा लगता है कि आप उन पर शिकंजा नहीं कस पाएंगे, क्योंकि अगर ऐसा करते, तो यह काम बहुत पहले ही हो गया होता। इसी के कारण बीमारियां ज्यादा बढ़ रही हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि इस ओर भी आपको ध्यान देने की ज्यादा आवश्यकता है। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं सिर्फ दो मिनट और लूंगा।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): आप मुख्य मुद्दे पर बोल दीजिए और अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री वीर सिंह: सर, देश में मरीजों को सस्ती जांच की सुविधा मिलनी चाहिए। खून की जांच, एक्स-रे या दूसरे अनिवार्य परीक्षणों का खर्च लोग वहन कर सकें, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। क्लीनिकल डायग्नोस्टिक से जुड़ी महंगी जांचों, जैसे अल्ट्रासाउंड, सीटी, एमआरआई स्कैन की सुविधाएं अक्सर सरकारी अस्पतालों में नहीं मिलतीं, क्योंकि सभी सरकारी अस्पतालों में ये सुविधाएं

[श्री वीर सिंह]

नहीं हैं। ये सारी जांच की सुविधाएं प्राइवेट अस्पतालों में हैं और वहां पर ये जांच ऊंची कीमतों पर होती हैं। मेरी यह मांग है कि हर जिला अस्पताल में ये सारी सुविधाएं होनी चाहिए। आज सरकारी अस्पतालों का यह हाल है कि वहां पर डॉक्टर्स नहीं हैं। वहां पर मरीज जाता है, तो उनको वहां पर डॉक्टर नहीं मिलता है। यदि कोई महिला डिलीवरी के लिए वहां जाती है, तो उस बेचारी की अस्पताल के दरवाजे पर ही डिलीवरी हो जाती है, क्योंकि वहां पर डॉक्टर ही नहीं हैं। इस ओर भी आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। वहां गरीबों का बुरा हाल है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में सिर्फ गरीब लोग जाते हैं, अमीर लोग तो अपना इलाज कहीं भी करा लेते हैं। इस तरह से आज पूरे देश में गरीबों का बुरा हाल है। एक तरफ तो सरकार गरीबों की बात करती है, दूसरी तरफ सरकार गरीबों का कोई ध्यान नहीं रखती है, न स्वास्थ्य के बारे में और न ही किसी दूसरी विषय में। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि आप सरकारी अस्पतालों की दशा और दिशा को सुधारें, जिससे कि गरीबों को इसका लाभ मिल सके।

सरकार को नियंत्रण और निगरानी तंत्र की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। सरकार से मान्यता प्राप्त जो अस्पताल हैं, उनकी देखभाल में सामान्य मानकों को लागू करें तथा साथ ही सेवा व अन्य कार्यक्रमों पर नज़र रखी जाए, जिससे कि मानक देखभाल और मरीजों की देखभाल अच्छी तरह से हो सके। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): आपकी सारी बातें आ गई हैं, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री वीर सिंह: सर, अस्पताल में ओपीडी और अन्य तरह की जांच के लिए मामूली फीस रखनी चाहिए। इसमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि सभी वर्गों के लोग इसका लाभ उठा सकें और उन्हें भी सारी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकें।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): वीर सिंह जी, धन्यवाद।

श्री वीर सिंह: सर, इस तरह की योजनाओं की आलोचना होती है। ...(**व्यवधान**)... सरकारी अस्पतालों के निजीकरण की बात कही जाती है, लेकिन यह सीमित संसाधनों में बेहतर सुविधा देने का काम हो सकता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा (उत्तर प्रदेश): सर, इनको मत रोकिए। चूंकि यह बहुत महत्वपूर्ण इश्यू है, इसलिए इनको बोलने दिया जाए।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): मेरा रोकने का काम नहीं है, मेरा तो चलाने का काम है।

श्री वीर सिंह: महोदय, "एम्स" और पीजीआई, चंडीगढ़ जैसे कई बड़े अस्पताल इस नीति को अपना चुके हैं और इसके संतोषजनक परिणाम भी आए हैं। ...(**व्यवधान**)...

महोदय, स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत गरीबों को एक लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने की योजना है, लेकिन यह नाकाफी है। यह राशि बढ़ाई जानी चाहिए, जिससे उन्हें

अधिक से अधिक लाभ मिल सके, क्योंकि कैंसर, किडनी जैसे जो भयानक रोग हैं, इनका एक लाख रुपए में इलाज नहीं हो सकता है। इस ओर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए।

महोदय, मेरा सुझाव है कि स्वास्थ्य केन्द्रों में इमरजेंसी सेवाएं बेहतर होनी चाहिए। नए अस्पतालों को खोलने के लिए मानक निर्धारण नीति होनी चाहिए। साथ ही साथ डॉक्टरों व पैरामैडिकल स्टाफ की कमी के चलते होने वाली असुविधाओं को समाप्त करने के लिए नई भर्तियां करनी चाहिए। हर जिले में डायलिसिस केन्द्र होने चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति दिल्ली नहीं आ सकता है, इसलिए हर जिले में यह सुविधा होनी चाहिए।

महोदय, एमबीबीएस व एमडी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए सीटों को बढ़ाने की आवश्यकता है और उसमें एससी, एसटी वर्ग का भी ध्यान रखना चाहिए। इन्हीं सब सुझावों के साथ मैं इसका समर्थन करता हूँ, धन्यवाद।

SHRI C.P. NARAYANAN (Kerala): Sir, we are discussing the working of the Ministry of Health and Family Welfare. Talking of health, I am reminded of the words of Swami Vivekananda, who had said, "in a modern society, people have to be well fed, well educated and well looked after." Now, here, we are discussing the third aspect, of being 'well looked after'. When we go through the figures, we find that, on an average, per year, 3.1 per cent of the GDP is spent on public health, of which 1.3 per cent is spent by governmental agencies. Of this, only 0.25 per cent is the share of the Central Government. So, we find that it is only less than one twelfth of the total expenditure in health. This has to be changed. The 2015 NSSO Report reveals that in the Government hospital, only 11.5 per cent of total outpatients come there. The rest are depending on private hospitals. It also shows that on an average, the amount spent for an in-patient in a Government hospital is ₹ 6,120/-. In a private hospital, it is ₹ 25,280/-. It is more than four times in a private hospital compared to the Government hospital. We find that only less than 30 per cent of the people seek the public health system. In such a situation, what we are doing is, we are handing over the responsibility of public health system, particularly, the hospital treatment, to insurance. In the present Budget, the Finance Minister has extended a project of spending ₹ one lakh per family through medical insurance which will be increased by ₹ 30,000/- in the case of senior citizens. But, what happens is that, if you take the experience of the NRHM and the NHM, particularly during the previous years, in many States, the insurance amount at that time was ₹ 30,000 in the private hospitals, by the time one or two patients are treated in a private hospital, the whole amount will be spent. So, they will not be able to send more patients from a family. So, this kind of insurance, where the private sector fleeces the people and where the Government policy is to leave more and more of our people to the private hospital, it will be a great disaster. Now, when we look to the WHO figures, it says that every year, 52 lakh people die, which means

[Shri C.P. Narayanan]

4.00 P.M.

there is one death per minute in our country and it also shows that among patients below 40 years, one in six dies out of cancer or heart disease. Because of this, it is projected that during the period 2016 to 2030, the total expenditure for treating non-communicable disease patients will be 6.2 trillion, that is, 6.2 lakh crores of dollars or about 420 lakh crores of rupees. Now, if you work it out for per year, it will mean that you have to spend about ₹ 2.8 lakh crores per year. It is against that. We have to see what we have set up in our Budget this year. It is not even one tenth of that amount. So, this is the picture. What do we require? We are not spending even one-tenth of what the WHO projects. We find that because of the way in which we have been dealing with at the Government hospital, because of the lack of doctors, nurses and other employees, particularly in rural hospitals, more than 70 per cent of our patients depend on the private hospitals. And this increases the expenditure of the public. In a family, if there is a patient who has got cancer or heart disease or kidney disease, they have to sell their house or take a huge loan. That is the situation. Particularly, in Kerala, we come across such instances a number of times. So, in this context, we have to see to it that this is avoided.

Sir, I wish to mention two more points. One is, we had introduced ASHA workers to help the Public Health System. We have got millions of ASHA workers in our country and most of them are women. But they are ill-paid. According to the present situation, even though the ASHA system was introduced only temporarily, we know now that we will not be able to do away with it for the next ten to twenty years, which means that we should properly pay these people. There should be proper payment of wages to them and they should also be given proper service conditions.

Another thing is that in our medical health system, right from the MCI to local hospitals, everywhere, we find corruption, rampant corruption. This has to be dealt with. Even the Supreme Court, the other day, intervened saying that we should introduce the National Eligibility Entrance Examination because in a vast number of private colleges, the admission process itself is corrupt. So, I demand, the Government has to take a decision that the health system, in the course of the next few years, will be made totally free of corruption. Thank you, Sir.

श्री भूपिंदर सिंह (ओडिशा): धन्यवाद उपसभापति महोदय, आज स्वास्थ्य विभाग के ऊपर जो चर्चा चल रही है, उसमें एक नयी बात देखने को मिली। मैं प्रतिपक्ष के नेता श्री गुलाम नबी आज़ाद जी को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने यहां पर, जो कुछ उन्होंने अपने कार्यकाल में किया, उसी के ऊपर चर्चा की और एक भी negative बात, एक भी सरकार की आलोचना करने की बात, समालोचना करने की बात नहीं कही। यही गणतंत्र की, लोकतंत्र की परम्परा की महान का है कि हम सरकार के सामने ऐसी

बातें करें, जिनसे सरकार के सामने चैलेंज हो, एक आह्वान हो कि अगर उन्होंने कुछ किया तो मैं भी कुछ करके दिखाऊंगा। मुझे उम्मीद है कि हमारे मित्र मान्यवर नड्डा जी, जिनका बहुत experience है, वे स्टेट में भी मिनिस्टर रह चुके हैं, उनके लिए भी उन्होंने उस तरफ से एक आह्वान दिया है कि इन सब योजनाओं का क्या-क्या हुआ। सर, इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि स्वास्थ्य के संबंध में जो जरूरत थी, लेट होने पर भी, यूपीए सरकार स्वास्थ्य के संबंध में समय पर revolution लेकर आयी। नेशनल रूरल हेल्थ मिशन के संबंध में हम सब सन् 2014 में चिंतित थे कि उसको हटाया जा रहा है। जो आज आशाकर्मी काम कर रही हैं, यह कोई छोटी व्यवस्था नहीं है। हमारे जैसे देश में, जहां 126 करोड़ से ज्यादा की आबादी है और जहां हर साल एक नया आस्ट्रेलिया जितना देश बनता है, हमारी पॉपुलेशन से ऐड होता है, उस देश के अंदर एक और revolution लाने की आवश्यकता है कि जहां पर हम 20,000 की संख्या में पीएचसी बना रहे थे, आज केन्द्र सरकार को यह सोचना चाहिए कि जो पिछड़े इलाके हैं, जो पहाड़ी इलाके हैं, आप भी हिमाचल से आए हैं, जो हमारे ओडिशा जैसे आदिवासी क्षेत्र हैं, जो छत्तीसगढ़ से लेकर, झारखंड से लेकर, मध्य प्रदेश से लेकर, राजस्थान तक हर जगह हैं, वहां पर जो गरीब तबका है, जहां डॉक्टर्स की कमी है, जहां डॉक्टर नहीं है, जहां मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी आज तक नहीं हो पायी थी, वहां पर कम से कम भारत सरकार को आइडेंटिफाई करना चाहिए कि यहां पर कमजोरियां हैं और उनके संबंध में हमें विशेष रूप से सोचना चाहिए।

महोदय, पांच मेडिकल कॉलेज भारत सरकार की ओर से चल रहे हैं। हमारे मुख्य मंत्री जी ने आपसे मिलकर लिखित में भी दिया है कि उसमें आपने हमें जो पैसा 75:25 देना चाहिए, जो 1,008 करोड़ रुपए देने चाहिए... उसमें से अभी तक, जहां तक मुझे मालूम है, हमें 90 करोड़ रुपये भी नहीं मिले और हमारी मेडिकल कॉलेज की सभी बिल्डिंगों का almost काम खत्म होने को है। मैंने कई बार आपसे बात की है और आपने भी सहृदय उसको स्वीकार किया है कि आप सारा पैसा देंगे। जब एम्स का उद्घाटन किया गया तब गुलाम नबी आज़ाद जी मंत्री थे। उनसे हमारे मुख्य मंत्री श्री नवीन पटनायक जी ने कहा कि Balasore में भी एक medical college की जरूरत है। वहीं पर खड़े होकर उन्होंने कह दिया कि ठीक है, हम एक और कर देते हैं, तो मैं आज आपसे उम्मीद करूंगा, मैं KBK से आया हूं, मैंने आपसे कई बार निवेदन किया है कि KBK सबसे पिछड़ा इलाका है और वहां पर 90:10 का रेश्यो चलता है। मैंने Kalahandi में एक medical college के लिए निवेदन किया था और आज मैं उम्मीद करता हूं कि आप भी वैसा ही बड़ा दिल दिखाकर यहां पर खड़े होकर कहेंगे कि उस पिछड़े इलाके के लिए मैं भी कालाहांडी के लिए वह देता हूं। अगर वहां पर गुलाम नबी आज़ाद जी ने खड़े होकर कह दिया कि मैं एक और देता हूं, तो आप भी यहां पर कह दीजिए कि मैं भी आपको देता हूं, यह मैं आज आपसे उम्मीद करूंगा।

इसके साथ-साथ हमारा Upgradation of Regional Cancer Centre, जो Acharya Harihara Regional Cancer Centre, Cuttack का है, वहां पर केवल Odisha के ही मरीज नहीं आते हैं, वहां पर entire Eastern India के लोग आते हैं और वह बहुत ही बढ़िया Medical Institute है, Cancer Institute है। उसके साथ ही हमने चार और institutes के बारे में भी कहा है, जो कि Regional Cancer Care Centre at Capital Hospital, Bhubneswar, Veer Surendra Sai (VSS) Medical College in Burla और एक MKCG College in Berhampur में और एक Kalahandi में, जिसका MoU भी sign हो चुका है। इसके लिए मैं आपको धन्यवाद दूंगा। मैं आज़ाद

[श्री भूपिंदर सिंह]

साहब के समय से, पिछले 9 साल से कोशिश कर रहा था, आपने भी मुझसे वायदा किया था और आप उसके ऊपर जरूर गौर करेंगे कि वहां cancer institute की कितनी आवश्यकता है। हमारे यहां cancer के मरीज बढ़ रहे हैं। गुटके की वजह से लोगों की क्या हालत हो रही है, इसके बारे में भी आप जानते हैं। Sir, continuance of Central Share under National Health Mission का जो budget है, उसमें भी हमारा 60:40 का जो रेश्यो है, उसके बारे में हमने अनुरोध किया था कि उसे 75:25 किया जाए। आप हमारी इस मांग को भी consider कर लीजिए। Release of Additional Grant-in-Aid under Rashtriya Arogya Nidhi के लिए हमने छोटी सी रकम मांगी है, उसको हमने पांच करोड़ से बढ़ाकर दस करोड़ करने का अनुरोध किया है, हमें उम्मीद है कि आप हमारी इस छोटी सी मांग को जरूर पूरा करेंगे। Establishment of four ANM and four GNM training centres: ANMTC at Gajapati, Rayagada, Malkangiri and Nawarangpur ये सभी tribals हैं, ninety per cent of tribal population are there in this area. Sir, Keonjhar, Mayurbhanj, Koraput, Gajapati, Rayagada, Balasore, Malkangiri GNMTC के लिए सभी इलाके जो हैं, Left wing extremism के हैं और सभी tribal areas हैं, इनके बारे में हमने भारत सरकार को बार-बार लिखा है। हम उम्मीद करते हैं कि आप इसकी तरफ ध्यान देंगे। आपके पास जो टीम है, जो आपके ऑफिसर्स हैं, आपको बहत ही अच्छे ऑफिसर्स मिले हैं। कुछ ऑफिसर्स हमारे ओडिशा से भी आए हैं। मैंने देखा है कि उनमें भी काम करने की हिम्मत है और आपकी जो टीम वहां बैठी है, उसको मैं यहां से देख रहा हूं कि जितनी गौर से वे हमारी बातें सुन रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि आपको उससे बहुत सपोर्ट मिलेगा और हमारी समस्याएं भी हल हो पाएंगी। ...(**समय की घंटी**)... Setting up of Central Institute of Yoga, उपसभाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी ने कहा कि योगा और नेचुरोपैथी... हमने वहां पर 100-bedded के लिए 20 एकड़ जमीन दी है, हमने भुवनेश्वर, ओडिशा में जमीन दे दी है।

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): आपने जमीन दी है, थोड़ा आसमान दे दो।

श्री भूपिंदर सिंह: Establishment of Regional Institute of Paramedical Sciences, इसके लिए 85:15 का जो शेयर होना चाहिए, हमारी जो 74 करोड़ की मांग है, इस मांग को हम बहुत दिनों से करते आ रहे हैं, इसको हम लिखते आ रहे हैं, आप इसको देख लीजिए। Strengthening of State Drug Regulatory System, इसके ऊपर भी Twelfth Five Year Plan period में जो अमाउंट 56.35 करोड़ था, उसके बारे में हमने बार-बार लिखा है, 20-09-2013 से, उस पर आप थोड़ा सा गौर करिएगा। Setting up of Central Cosmetic Testing Laboratory जिसकी बहुत आवश्यकता है, उसके लिए भी हमने करोड़ रुपये की मांग की है। इसके लिए भी हमने खुर्दा में एक एकड़ जमीन दी है, इसकी स्थापना के लिए भी आप कोशिश करिएगा।

सर, जब मैंने यह सवाल ज़ीरो ऑवर में हाउस में उठाया था, तो पूरे हाउस ने मेरा साथ दिया था। आज आप देखेंगे कि अल्ट्रासाउंड की कितनी आवश्यकता है। दिल्ली में ऐसे अल्ट्रासाउंड केन्द्र हैं, जो रिन्यू भी नहीं हुए हैं, उनकी हजारों दुकानें चल रही हैं। जब बिल आया था, तब मैंने सुझाव दिया था कि यह स्टेट सब्जेक्ट है, लेकिन उसके बावजूद भी हमारे संविधान में कहा गया कि आप, मैं, मंत्री, प्रधान मंत्री और राष्ट्रपति या कोई और भी every individual is the property of the State. अगर

एक भी जान जाती है, तो यह हम सबके लिए एक शर्मनाक बात है। इसीलिए मैं अनुरोध करूंगा कि BPL में 30 हजार राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और अभी जो 60 साल से ऊपर वाले लोगों के लिए एक लाख तय है, वहां क्या होगा?

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*)

अगर आप देखेंगे कि आज हॉस्पिटल्स में जब कोई आदमी ICU में जाता है, तो उसका एक दिन में एक लाख रुपए से ज्यादा का बिल अता है। इसलिए आप लाख रुपए की बात उठाइए और 30 हजार की बात छोड़िए। मंत्री महोदय, आज आप दिल खोलकर सामने आइए और हिन्दुस्तान का हर नागरिक, जो आदमी गरीब है, मिडिल क्लास है, किसान है, उसके स्वास्थ्य के पूरे खर्च को वहन करने के लिए, आज आप दिल दिखाइए। इसके लिए सभी पार्टियां तथा पूरा सदन ...(**समय की घंटी**)... यह बात सुनकर हमारे डिप्टी चेयरमैन साहब भी बहुत खुश हो गए हैं कि आप इनको फ्री ट्रीटमेंट दीजिए।

श्री उपसभापतिः इसीलिए मैंने bell बजाई है।

श्री भूपिंदर सिंहः आपने अभी fast bell बजाई है। अभी आप मुझे और दो बार bell देंगे। You will join us. To be honest, in our country, every man is sellig his or her property or whatever they earned. Small service holders, small businessmen छोटी सी दुकान है, they are selling their entire property to save one life! It is there in the Constitution that the life of every individual is the property of the State/conutry/Government. So, let us make healthcare free for all citizens of this country. सर, हम लोगों को तो यहां ट्रीटमेंट मिल जाता है, क्योंकि हम पार्लियामेंट में हैं, लेकिन जो MLAs हैं, जिनके इंश्योरेंस की बात चल रही है, मैंने देखा है कि कोई इंश्योरेंस कम्पनी पैसा नहीं देती है। हॉस्पिटल वाले बोलते हैं कि बिल लाओ नहीं तो छोड़ेंगे नहीं। आज यह MLAs की हालत है, बाकी दूसरे लोगों की हालत की बात तो छोड़ दीजिए। जो Ex MPs हैं और जिनके पास CGHS का कार्ड भी है, कार्ड के बिना दिल्ली के हॉस्पिटल्स से डेड बॉडी भी नहीं देते हैं। आज यह भी हालत है, इसलिए हमें इस पर विचार करना है।

सर, मैं अंत में एक बात और कहना चाहूंगा कि हमारे यहां Parliament House Annexe में.... आप हमारे इतने पुराने डिप्टी चेयरमैन हैं। Mr. Deputy Chairman, you are the most senior Member of this Parliament. You are here for the last so many years.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Najmaji is the senior most.

SHRI BHUPINDER SINGH: Yes, She is there. She will join me. अभी उठकर वे बोलेंगी कि हां, भूपिंदर सिंह जी ने जो कहा है, उसको जल्दी करिए। मैं जानता हूं कि वे अभी खड़ी होकर बोलेंगी। यह बात है कि Annexe में जो हॉस्पिटल हैं, उसमें MRI, ultrasound आदि का प्रबंध कराइए और जब हम मेडिसिन्स के बारे में डॉक्टर्स से पूछते हैं, तो वे भी कहते हैं कि हम ओपनली तो नहीं कह सकते, लेकिन यह बात सही है कि हम भी नहीं जान पाते कि यह मेडिसिन्स नकली है या असली है 'as a doctor, as an expert, I also assure that medicines are original'. आप इसके लिए भी कोई प्रावधान कराइए। डिप्टी चेयरमैन सर, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आप भी अपनी

[Shri Bhupinder Singh]

तरफ से कुछ करिए। मैंने यह सुझाव दिए हैं कि Annex का development हो। हमारी Hon. former Deputy Chairman और Hon. Minister यहां बैठी हैं, ये सबसे सीनियर हैं। इन्होंने जो हालत पहले देखी थी, आज भी वही हालत है। जो 20-25 साल पुराने सांसद हैं, वे मुझसे कहते हैं कि हमने 25 साल पहले जो चीज़ देखी थी, वही चीज़ आज Annexe में है, उससे ज्यादा नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः हो गया।

श्री भूपिंदर सिंहः सर, मैं लास्ट में यह कहना चाहूंगा कि मंत्री जी भवानीपटना, कालाहांडी में आपकी एक अच्छी छवि रहे कि आप वहां सेन्ट्रल गवर्नमेंट का एक हॉस्पिटल देंगे, आपसे यही उम्मीद करते हुए, मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Good, You have spoken well. Now, Shri Sanjay Raut.

श्री संजय राउत (महाराष्ट्र)**:** सर, Ministry of Health and Family Welfare, इसमें दो departments हैं - Department of Family Welfare and Department of Health Research. दोनों ही departments देश के लिए, जनता के लिए बहुत crucial हैं। श्री जगत प्रकाश नड्डा जी के नेतृत्व में काम अच्छा चल रहा है, काम आगे बढ़ रहा है, लेकिन जब मैं गुलाम नबी आज़ाद जी का भाषण सुन रहा था, तो मुझे लगा कि हमें अभी और काम करने की जरूरत है। Next Session में हमारी लिस्ट बड़ी होगी, आपने किया था और हमने भी करके दिखाया है। यह तो देश का एक ऐसा क्षेत्र है, जो देश की गरीब जनता से जुड़ा हुआ है। हम हमेशा कहते हैं, हमारे यहाँ कहावत है कि "जान है तो जहान है", लेकिन हमारे यहाँ जान है, तो बीमारी भी है, हमारे देश की यह हालत है। हेल्थ सेक्टर से जुड़े हुए तमाम मुद्दों को हमें गम्भीरता से देखना चाहिए। Health care के मामले में United Nations का जो मूल्यांकन होता है, उसमें हमारे देश का नंबर आज भी 130-132 के बीच है। यह ठीक बात नहीं है। अगर इस समय हिन्दुस्तान में लोग खाने-पीने के बाद सबसे ज्यादा पैसा किसी पर खर्च करते हैं, तो वह हेल्थ के ऊपर खर्च करते हैं। जो आंकड़ें टेक्नोपैक ने दिए थे, उसके अनुसार वह लगभग 2 लाख 60 हजार करोड़ से भी ज्यादा है, जो लोग हेल्थ के ऊपर खर्च करते हैं।

डिप्टी चेयरमैन सर, हम मजबूत अर्थव्यवस्था की बात करते हैं, लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था का बहुत सारा घाटा लोगों के बीमार होने से है। अगर हमें अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत करनी है, तो अर्थव्यवस्था को चलाने वाले जो हमारे लोग हैं, जो जनता है, जो उनके हाथ है, जो दिमाग हैं, उनको मजबूत और स्वस्थ रखना होगा। यह हमारे मंत्रालय का काम है, लेकिन हमारे देश की स्थिति क्या है? जब कोई बीमारी अचानक से आती है, बढ़ती है, तो यह कुछ लोगों का एक बहुत बड़ा धंधा बन जाती है, बिजनेस बन जाती है, चाहे डेंगू हो, मलेरिया हो, स्वाइन फ्लू हो या चिकनगुनिया हो। तब विदेश की कंपनियों का turnover बढ़ जाता है और ये लोग खुश हो जाते हैं कि बीमारी बढ़ गई। वे ऐसी अफवाह फैलाते हैं कि उनका बिजनेस बढ़ जाता है, उनका turnover बढ़ जाता है। यह कोई सीक्रेट बात नहीं है, लेकिन उस हिसाब से हमारे मंत्रालय का बजट नहीं बढ़ता है। बजट बढ़ता है, यह थोड़ा-थोड़ा बढ़ेगा, लेकिन हमारे मंत्रालय के बजट के जो आँकड़े हैं, वे इतने आशाजनक नहीं हैं। मुझे लगता है कि हमें इसका बजट भी बढ़ाना चाहिए।

[**उपसभाध्यक्ष (डा. ई.एम. सुदर्शन नाच्चीयप्पन**) *पीठासीन हुए*]

दूसरी बात, गुलाम नबी आज़ाद साहब ने कैंसर के बारे में बात की, हमारे और भी साथियों ने इसके बारे में बात की। कैंसर पर कंट्रोल करने के लिए हम क्या रिसर्च कर रहे हैं, हम यह जानना चाहते हैं। आपके जो advertisements होते हैं, हम फिल्मों में देखते हैं या पोस्टर्स पर देखते हैं कि गुटका खाने से, टोबैको खाने से, सिगरेट पीने से कैंसर होता है। बहुत से राज्यों में गुटका के ऊपर बैन भी लगाया गया है, टोबैको के ऊपर भी बैन लगाया गया है, फिर भी कैंसर बढ़ रहा है। सिर्फ टोबैको खाने से या गुटका खाने से कैंसर नहीं होता है, बल्कि कुपोषण से कैंसर होता है, गंदा पानी पीने से कैंसर होता है। आज पूरे देश में लोगों को पानी नहीं मिल रहा है और वे दूषित पानी पी रहे हैं। फिर pollution है, उससे भी कैंसर बढ़ रहा है। मराठवाड़ा में और बिहार के भी बहुत से पाट्र्स में मैंने देखा है कि लोगों को जो पानी मिल रहा है, वह कैंसर जैसी बीमारियों को बढ़ावा देता है। सर, हमारे प्रधान मंत्री कहते हैं कि देश के जो युवा हैं, जो youth हैं, वे हमारे देश का भविष्य हैं, वे हमारी शक्ति हैं, लेकिन आज हमारे देश में युवाओं में कैंसर निरंतर बढ़ रहा है। World Health Organization के अनुसार भारत में कैंसर पीड़ितों की कुल संख्या में 15 प्रतिशत युवा वर्ग के लोग हैं। भारत में हर साल 10 लाख कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिनमें से लगभग दो लाख मरीजों की उम्र 15 से 25 साल के बीच होती है। 2020 तक भारत में कैंसर के मामलों में 15 प्रतिशत का इज़ाफा हो सकता है। मुझे लगता है कि हमारे लिए यह अच्छी बात नहीं है।

महोदय, मैं मुम्बई में रहता हूं। हमारे मुम्बई में टाटा कैंसर हॉस्पिटल है। कैंसर का इलाज करवाने के लिए वहां पूरे देश से लोग आते हैं, लेकिन वहां ऐसी स्थिति हैं, वहां के लोग हमारे पास आते हैं और हम खुद भी देखते हैं कि लोग वहां सड़कों पर रहने के लिए मजबूर हैं। वहां मरीजों को एडमिशन नहीं मिलता है। लोग आठ-आठ, दस-दस, पन्द्रह-पन्द्रह दिन टाटा कैंसर हॉस्पिटल के आस-पास की गलियों में सोते हैं, वहीं खाते हैं। कई लोग तो भीख मांग-मांग कर जीते हैं, क्योंकि उनको अपना इलाज करवाना है। वहां उनके रहने, खाने का कोई बंदोबस्त नहीं है और न ही उनके इलाज का बंदोबस्त है। जब हम इतने बड़े देश में इस प्रकार की हालत देखते हैं, तो चिंता होती है। आज हम देखते हैं और पढ़ते हैं कि हमारे देश में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत के आंकड़े भी बढ़ गए हैं। हमें अपने देश के बच्चों की तरफ सबसे ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

Mr. Vice Chairman, Sir, India is among the top three countries with high diabetic population.

दूसरा, मैं सरकार से पूछना चाहता हूं, हमारे देश में मच्छर और चूहे मारने का जिम्मा किसके पास है? बीमारी का सबसे बड़ा कारण ये मच्छर हैं। हिन्दुस्तान में मच्छरों के कारण हेल्थ संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। पिछले दस साल में मलेरिया के चलते पांच लाख लोगों की मौत हो गई है। प्रतिदिन लगभग 100 से ज्यादा लोग मलेरिया के कारण बीमार होते हैं और मरते हैं और यह सब मच्छर की वजह से होता है। डेंगू भी मच्छर से होता है। एक फिल्म में नाना पाटेकर का एक डायलॉग था, "एक मच्छर आदमी को हिजड़ा बना देता है।" लेकिन मैं कहना चाहता हूं, "एक मच्छर देश को बीमार बना देता है।" इसके लिए आप सोचिए। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Mr. Sanjay, you have to share time with others also.

श्री संजय राउतः सर, अभी टाइम है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): I have given you more time.

श्री संजय राउतः सर, World Health Organization ने हिन्दुस्तान को मलेरिया के लिए high risk zone में डाला है। हमारे देश को मलेरिया के खिलाफ कमर कसनी पड़ेगी।

दूसरा है, Zika Virus. भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में Zika Virus एक बड़ी आबादी को भयभीत कर रहा है। जो गर्भवती महिलाएं इस वायरस की चपेट में हैं, वे ऐसे शिशुओं को जन्म देती हैं, जिनका मस्तिष्क पूरी तरह से विकसित नहीं होता है। उनके द्वारा विकृति से भरे हुए बच्चे का जन्म होता है। इसके ऊपर हमारे देश में रिसर्च की जरूरत है।

सर, हमारे प्रधान मंत्री और अन्य मंत्री विदेश जाते हैं और विदेशों के राष्ट्राध्यक्ष हमारे यहां आते हैं। हम हमेशा पढ़ते रहते हैं कि देश में फॉरेन इन्वेस्टमेंट बढ़ रहा है। आज सबसे ज्यादा इन्वेस्टमेंट हेल्थ केयर के सेक्टर में होने की जरूरत है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि पिछले दो सालों में हेल्थ सेक्टर में हमारे देश में कितना इन्वेस्टमेंट हुआ है?

सर, आज गरीब लोगों के लिए हेल्थ सेक्टर एफोर्डेबल नहीं रह गया है। हम बड़ी-बड़ी बातें तो करते हैं, लेकिन आज भी जो लोग गांव के अस्पतालों में जाते हैं, उनको दवा की सुविधा भी नहीं मिलती है। हमारे देश में सैकड़ों ऐसे अस्पताल भी हैं, जहां डॉक्टर तक की सुविधा नहीं है। हर हिन्दुस्तानी का यह फंडामेंटल राइट है कि उसे हेल्थ केयर मिलनी चाहिए। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि हमारे देश में हेल्थ केयर का एक लो-कॉस्ट मॉडल बनना चाहिए। मुझे आशा है, हमारे स्वास्थ्य मंत्री इस बारे में विचार करेंगे। चाहे युवा हों, बच्चे हों या बूढ़े हों, सभी के लिए यदि आप एक low cost healthcare का मॉडल देंगे, तो देश अवश्य ही स्वस्थ रहेगा, खुश रहेगा, धन्यवाद।

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Andhra Pradesh): Sir, thank you very much for giving me this opportunity.

मैं आपसे यह कहना चाहती हूं, देश भर में, हर कल्चर में हम एक साथ अपने से छोटों को यह आशीर्वाद देते हैं - "दीर्घायुष्य भव", यानी लम्बा जीवन जिओ। पुराने बुजुर्गों ने बहुत अच्छी तरह पहचाना कि Health really is wealth. The Health Minister is working hard for reaching the targets and the signatories that we have been to international conventions. आज के दिन हमारा metrics of work क्या रहा? We are the youngest population in the world, the youngest country thereby. We have skewed gender ratios. The girls have been killed disproportionately. We have sub-Saharan African region malnutrition, which makes the country spend on the young people instead of them being productive for the nation. We have high infant mortality even today; even more than Bangaldesh and the countries

next door or smaller countries than us. We are host country for a whole lot of diseases like diabetes, HIV and Tuberculosis, which is alarmingly multiple drug-resistant. In this metrics, did anyone ever think that keeping good health or being victims of bad health, is also a poverty alleviation programme? Has anyone ever thought of health as poverty alleviation? As other respective colleagues have also articulated, the truth of the fact is that — out-of-pocket expenses and. OOPE as it is known - today, we are the victims of private hospitals and medical practices. Almost 80 per cent of our doctors, 26 per cent of nurses, 49 per cent of the beds available, 78 per cent of ambulatory services and 60 per cent of in-patient services are in the private sector. When this happens, what actually happens is, 78 per cent of the healthcare spends are out-of-pocket expenses, as a result of which 39 million people are forced into poverty every year because they have to sell their assets. They have to sell different organs of their body. They sell their kidneys to make the ends meet and to pay hospital bills. Seeing that, it is a terrifying reality, यह सच है। विदेशों से लोग यहाँ आकर हमारी गरीबी का फायदा उठा कर हमारे लोगों से उनकी किडनीज़ खरीद लेते हैं, कुछ और खरीद लेते हैं और इनके साथ धोखेबाजी होती रहती है। Hundred million women are missing in Asia because of female foeticide. Twelve million girls were aborted in the last decade. Forty-five per cent of women, आज भी हमारे यहाँ कई जगहों पर ऐसी ceremonies और culture हैं, where we will say that the child marriage is permitted, तीज पर जाकर, राजनीति में भी जितने लोग हैं, वे जाकर सोचते हैं कि इससे पुण्य मिलता है, लेकिन 18 साल से कम उम्र की लड़की की शादी करवाना, यह महापाप है। एक साल के अन्दर-अन्दर वह एक माँ बन जाती है। इससे नुकसान ही होता है, कहीं भी फायदा नहीं होता है। Now, I come to PNDT Act violations. We all have done this with all good intentions, but, it is horrendously being misused even today. Only 50 cases of female foeticide have been reported across the country in 2014 alone. हम सब यह जानते हैं कि हमारे देश में इससे कई गुना ज्यादा भ्रूण हत्या आज भी चलती ही रहती है। इसकी वजह से आज के दिन the sex ratios have been skewed. यह ज़माना आ गया है कि कई जगहों पर किसी लड़के के लिए वधू नहीं मिलती है। अजीब-अजीब सिचुएशन डेवलप होती जा रही है। जैसे, हरियाणा से लोग जाकर केरल से बहू लेकर आते हैं ...(**व्यवधान**)... या गुजरात से। दोनों को भाषा पता नहीं है और चार बच्चे पैदा करते हैं। चार भाई एक लड़की से शादी कर रहे हैं, क्योंकि वे गरीबी के कारण वे चार वधुओं को नहीं ला सकते। अब इस पर आप एडमिनिस्ट्रेटिव कंट्रोल कैसे करेंगे, जायदाद किसके पास जाएगी, बीमारी आए तो हम कितने बापों को ढूँढेंगे? ऐसी कई प्रॉब्लम्स हमारे सामने उपस्थित हो जाती हैं। यह सब देखते हुए what is the condition of our public health centres? In many places we do not have public health centres. For that matter you don't have CGHS centres. The State of Goa does not have CGHS. There are no public health centres available anywhere. They don't have permanent premises. तो मैं मंत्री जी को एक सलाह देना चाह रही हूँ कि पब्लिक हेल्थ सेंटर्स बनाने में हम मनरेगा का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहाँ की जिला परिषद या पंचायत इन पब्लिक

[Shrimati Renuka Chowdhury]

हेल्थ सेंटर्स को बनाने के लिए जमीन दे सकती है और मनरेगा के द्वारा अगर हम बिल्डिंग बना देंगे and, then, we will have to ensure that there are medical services available. National communicable disease जो आज भी हैं, हमने कभी पहचाना नहीं। अभी भाई साहब कह रहे थे कैंसर गुटका खाने से नहीं होता, कुपोषण से होता है। हां, ठीक बात है, जब शरीर कमजोर होता है तो हम बीमारियों के शिकार बन जाते हैं। जब तक शरीर मजबूत नहीं होता, तब तक वह चट्टान जैसे खड़ा होगा, तो फिर it can withstand and *hamla* of any disease. But what happens? Today, T.B. बढ़ती जा रही है। टी0बी0 के साथ-साथ हमारा लाइफस्टाइल भी बड़ा विचित्र है। आप क्या सोच रहे हो कि हवाई जहाज में फर्स्ट क्लास टिकट खरीदकर बैठने से आपको टी0बी0 हाथ नहीं लगाएगी। बीमारी एक ऐसी चीज़ है जो कोई देश की सीमा नहीं पहचानती, कोई इकोनॉमिक्स डेटा नहीं पहचानती, highly indiscriminating है हैल्थ। It can attack anyone. कोई मज़हब या किसी को बचाती नहीं है। अगर बीमारी को हमें काबू में रखना चाहिए तो अपना स्वास्थ्य ठीक रखना है। स्वास्थ्य ठीक रहने के लिए आपके विटामिन डी का क्या हाल है? लोग सोचते हैं कि अजीब सिचुएशन है कि भारत में इतनी धूप होती है कि धूप में खड़े होने से विटामिन डी हमारे शरीर में अपने आप आ जाता है, जो नहीं आता है। बड़े-बड़े डॉक्टर्स में विटामिन डी की बहुत कमी महसूस होती है, क्योंकि वे कभी बाहर निकलते नहीं है। हम सब फेयर एंड लवली बन कर बैठना चाह रहे हैं। आजकल कोई बाहर नहीं निकलता है। कोई धूप में बैठता नहीं और बच्चे धूप में खेलते नहीं हैं। Why don't we ask for public parks for children to play so that they absorb Vitamin D, their calcium levels improve, the bone density increases, and you have healthy young citizens who will contribute to the nation? मगर यह होता नहीं है।

दूसरा, एक तरफ से हमारा जवान देश है, दूसरी तरफ से बुजुर्ग लोगों की पॉपुलेशन बढ़ती जा रही है। Longevity has increased because of better awareness, better diet. हम लोगों की उम्र बढ़ती जा रही है मगर सहूलियत क्या है? अगर आप हॉस्पिटल जाएंगे, there is no reference to geriatric care. And even our medical colleges rarely touch in their curriculum geriatric care. बुजुर्गों के लिए there has to be separate lines, and separate needs because they cannot stand in queues and wait forever, and they have disease which is peculiar to advancing age and that needs to be addressed immediately.

हम प्राइवेट हॉस्पिटल को जमीन दे देते हैं। उनको हर तरह की छूट दे देते हैं। क्या वे अपने obligation को फुलफिल कर रहे हैं? कहीं नहीं। Expired medical stents डॉक्टर्स को जबर्दस्ती एक कोटा दिया जाता है कि इस महीने में अगर आप यह stent इस्तेमाल नहीं करेंगे तो आपकी तनख्वाह से यह कटेगा। I know these cases because I have taken up the cause of patients. वे बिलिंग करते हैं foreign stent की और लगाते हैं Indian stent, यह भी हमने देखा है। They also experiment. The unethical practices of private hospitals have to be curtailed and examined on an absolutely emergency basis to see that unnecessary medication and medical procedures are not there. हम सब पैकेज बनकर बैठे हैं। हॉस्पिटल के अंदर कदम रखो, सबसे पहले असिस्टेंट पूछेगा कि आप कौन से पैकेज के हैं? आपका पैकेज कितने रुपए का है? मुझे

पैकेज बनने का कोई शौक नहीं है। मेहनत किए हुए पैसे खर्चते हैं और हॉस्पिटल का फर्ज बनता है, I think every medical college and private hospital must have an ethics panel on which there are other representatives and NGOs also which will monitor and see if unnecessary medical practices are being used, and they are exploiting the patients who are already in a difficult way. Along with that, you see, there is change in agricultural patterns.

अभी भाई साहब, खारे पानी का जिक्र कर रहे थे। फ्लोराइड पानी का बहुत नेगेटिव असर होता है, मगर किसी को पता ही नहीं है। Fluoride पानी के गांव में भी 'फ्लोराइड टूथ पेस्ट इस्तेमाल करो', की चमक टी0वी0 पर चलती है। किसी को पता नहीं कि अगर इमली के रस में खाना पकाया जाए, तो वह फ्लोराइड को शरीर से निकाल देता है। एक ज़माने में सब वही इस्तेमाल करते थे। एग्रीकल्चरल पैटर्न बन कर जब हाइब्रिड टमाटर आ गया, तब फ्लोराइड एरियाज़ में महिलाओं ने टमाटर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया और इमली को छोड़ दिया। इसके कारण शरीर में लायकोपिन बढ़ गया, मगर फ्लोराइड बाहर नहीं निकला। यह एक peculiar situation है, जिसके कारण आज की पीढ़ी में फ्लोराइड का असर पड़ रहा है और बुजुर्गों के शरीर में फ्लोराइड नहीं है। So, we have to examine the local situations and understand disease and bring about the disease control, जो होता नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Madam, you are making very excellent points. But ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: I am concluding, Sir. The Budget is set to spend 2.9 per cent of the GDP. हम सब जानते हैं कि 2.9 परसेंट कुछ भी नहीं है, वह तो बस एक तिनका है। This is not going to serve the purpose. हम किसको बेवकूफ बना रहे हैं? हम सब जानते हैं। अगर आप एक सिटिजन के स्वास्थ्य पर चंद पैसे खर्च करेंगे, तो इससे आप ही का फायदा होगा। इससे करोड़ों का फायदा होगा, जब एक स्वस्थ देश कमाएगा, मेहनत करेगा, पैसे कमाएगा, तो वह सरकार को ही देगा। मगर आज हमारी युवा पीढ़ी टीबी की शिकार है, एचआईवी की शिकार है, कुपोषण की शिकार है। अगर वह इन सबकी शिकार बनी है, तो वह क्या कमाएगी? उल्टा आप उस पर खर्च करेंगे और आपके लिए यह सौदा बहुत महंगा पड़ेगा। I think, the Government should immediately make sure that we are going to spend a lot more on integrated medical services. यह सच बात है कि दूसरे माननीय सदस्यों ने कहा कि हम एलोपैथी को देख कर बड़े चौंक जाते हैं और उसके पीछे भागते हैं तथा सारे डॉक्टर्स prescription लिखते जाते हैं। हालांकि कई गांवों में आज तक कोई डॉक्टर पहुंचा नहीं है। 5 हजार सालों से पीढ़ी के पीढ़ी जिंदा रहते यहां तक पहुंच गए हैं। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Thank you, Madam. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Integrating Indian systems and understanding it — I do not go by Lancet and others who tell us that the homoeopathic is rubbish and the ayurveda has no science. I do not agree with that. It is lack of awareness that they speak. The Ayurveda is an old science, which is 5,000 years old as compared to allopathy which is such a young science. Of course, we appreciate that tremendous work has been done in allopathy. But research should be increased for research and development. Pharmaceuticals में हम सिर्फ रिवर्स इंजीनियरिंग करते हैं, दूसरे देशों के आर एण्ड डी को उठा कर हम रिवर्स इंजीनियरिंग कर लेते हैं। यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन महंगी मेडिसिन is only going to subvert India. I think, it is very important that we need to take up this cause. And, I expect the hon. Health Minister to be sensitive to this need and make sure that we bring about the quantum change, and the leap that we require and the Prime Minister and the Government will allocate a Budget, which is far more realistic than what it is today. And, we will ensure that we have a healthy, safe and productive India.

Thank you very much for giving a patient hearing.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Madam, you have made a lot of important points.

Now, Shri Meghraj Jain.

श्री मेघराज जैन (मध्य प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, सबका स्वस्थ होना महत्वपूर्ण है और स्वास्थ्य के लिए हवा, पानी और अन्न, ये तीनों शुद्ध होने चाहिए। आज देश में न हवा शुद्ध है, न पानी शुद्ध है, न अन्न शुद्ध है और इसी के कारण बीमारियां आ रही हैं। साफ-सफाई और पर्यावरण, इन सबका माहौल ऐसा है, जो बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। आज खाने-पीने की जितनी चीजें हैं, दूध से लेकर घी, तेल, मसाले और अब तो अनाज यानी चावल, दालें तक नकली आने लगी हैं और उसके कारण गंभीर बीमारियां हमारे लोगों को हो रही हैं। किसी भी अस्पताल में जाएँ, वहाँ हजारों की संख्या में लोग लाइन में बैठे हैं। वहाँ डाक्टरों की कमी है। मरीज को समय पर जो इलाज मिलना चाहिए, वह नहीं मिल पा रहा है। हमारे यहाँ एक फैशन हो गया है कि जो चीज़ बाहर से आएगी, वही अच्छी है। यहाँ के लोगों में अपने देश की हर चीज़ को नकारने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। हमारी जो परम्परागत इलाज की व्यवस्थाएँ हैं, उनको भी अगर थोड़ा बढ़ावा दिया जाए तो बहुत सारी बीमारियों से उनके माध्यम से निपटा जा सकता है।

अभी हमारे पूर्व वक्ता रवि प्रकाश जी ने कहा कि हमारे यहाँ जो छोटे-छोटे मेडिकल प्रैक्टिशनर्स हैं, अगर उनको भी फिर से थोड़ी-बहुत वह ट्रेनिंग दे दी जाए, तो वे हमारी समस्या का बहुत कुछ निदान कर सकते हैं। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में एक मिराजपुर इलाका है, वहाँ पर एक और छोटे गाँव के अंदर जब मैं डाक्टर से मिलने गया, तो उस समय उसके जवान बेटे की मृत्यु हो गई थी। जब वे डाक्टर अपने बेटे का दाह-संस्कार कर लौटे तो उनके इंतजार में सौ-डेढ़ सौ आदिवासी बैठे थे, जो

कह रहे थे - थारो, पोरयो तो गयो, म्हारा पोरया ने बचाई ले। मतलब, तेरा लड़का तो गया, अब मेरे लड़के को बचा ले। तब वह डॉक्टर दाह-संस्कार कर लौटने के बाद अपनी आँखों में आँसू लिए उन मरीजों को दो-तीन घंटे तक देखता रहा - यह स्थिति है। मेरा यह निवेदन है कि ऐसे डॉक्टर्स को भी थोड़ी ट्रेनिंग दी जाए, क्योंकि गाँवों में छोटी-छोटी बीमारियों का इलाज करने के लिए कोई बड़ा डॉक्टर नहीं जाता है। एमबीबीएस डॉक्टर को गाँव में भेजिए, लेकिन वह वहाँ जाता नहीं है, तो गाँव के लोग वहीं इलाज करा लें, नहीं तो उनकी बीमारी बढ़ती जाती है। जब उनकी बीमारी आसध्य हो जाती है, तब वे शहर में आते हैं और आखिर में वे मौत के मुँह में चले जाते हैं। मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री से निवेदन करूंगा कि इस मामले में भी आप ध्यान दें।

जहां तक डॉक्टर्स की कमी का सवाल है, मैं मूल बात यह कहना चाहता हूं कि मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं, पर उनको मान्यता नहीं दी जाती है। हमारे यहाँ एक मेडिकल काउंसिल बनी हुई है, जब तक उनको पैसा न दिया जाए, वह मेडिकल काउंसिल भ्रष्टाचार का अड्डा है। वह बिल्कुल भ्रष्टाचार का अड्डा है। एक-एक मेडिकल कॉलेज जब उसके पास मान्यता के लिए जाता है, तो वे कहते हैं कि एक साल के लिए सात करोड़ लाओ और दूसरे साल के लिए वे फिर सात करोड़ माँगते हैं। मेडिकल कॉलेजेज़ की जाँच की जो वैधानिक फीस है, उसको वे भर देते हैं, लेकिन उनकी फीस डूब जाती है, जो कि लाखों में है। वे वहाँ जाँच करने के लिए जाते नहीं हैं। जहाँ पर सारी व्यवस्थाएँ हैं, वहाँ पर उनको अनुमति नहीं देते और जहाँ पर कुछ नहीं है, वहाँ अगर पैसा मिल जाए तो उनको अनुमति दे देते हैं। इसलिए ऐसी मेडिकल काउंसिल को भंग किया जाए। क्या वह सुप्रीम कोर्ट और संसद की समिति से ऊपर है? मेरा आपसे निवेदन है कि उसके लिए नियम बनाने के लिए अगर आपको यहाँ कोई विधान लाना हो तो आप लाइए और उस मेडिकल काउंसिल को भंग कीजिए। ऐसी मेडिकल काउंसिल किस काम की है, जो मेडिकल कॉलेज के लिए अनुमति न दे? डॉक्टरों की कमी है, सीटें नहीं बढ़ती हैं, पीजी करने के लिए अनुमति नहीं मिलती है, तो विशेषज्ञ कहाँ से आएँगे? इसके लिए विचार करना चाहिए और इसको देखना चाहिए।

कई-कई स्थानों पर दो-दो सौ और तीन-तीन सौ किलोमीटर तक कोई सुपर स्पेशलिस्ट नहीं है। ऐसी मध्य प्रदेश में स्थिति है। वे इंदौर में हैं, उदयपुर में हैं, वहाँ जाइए, क्योंकि बाकी जगहों पर वे नहीं हैं। मैंने अभी अखबार में जो पढ़ा, वह मैं आपको बताना चाहता हूँ। व्यक्ति भी है, देश भी है, जो प्रकृति के घोर दानव हैं, जिनका काम है, लूटो। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की जो दवाइयाँ आती हैं, वे 300 प्रतिँशत तक महगी हैं, उनके अंदर इतना मुनाफा है। मैं बताता हूँ कि जिसने अस्पताल खोल रखा है, जब वह अपने यहाँ किसी को दवाई की दुकान चलाने देता है, तो वह कहता है कि तुम मुझे 25 लाख, 30 लाख, 60 लाख रुपये दो और फिर बाद में 3 लाख रुपये महीना दो। उसके बाद भी वहाँ पर लोग लाइन लगाकर खड़े हैं कि वह दवाई की दुकान मुझे दे दो। इससे पता चलता है कि उस धंधे में कितनी कमाई है। इसके बारे में जांच की जानी चाहिए। दवाई सस्ती कैसे हो, इसके बारे में भी विचार करना चाहिए। ये जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों की दवाइयां हैं, ये बहुत ज्यादा महँगी हैं। उनके बजाय अपने हिन्दुस्तान की परम्परागत दवाइयों पर अनुसंधान होना चाहिए कि वे किन-किन बीमारियों में उपयोग की जा सकती हैं। अभी तक मेडिकल का मतलब तो यह है कि जो परम्परागत है, उसको छोड़कर बाकी जो हैं, उनके ऊपर हम विचार करते हैं और हम कोई अनुसंधान नहीं करते हैं। इसलिए उनके

[श्री मेघराज जैन]

लिए अनुसंधान करना चाहिए। भारतीय पद्धति में विभिन्न बीमारियों के लिए क्या दवाइयाँ हैं, उसके लिए अनुसंधान होना चाहिए। वह नहीं हो रहा है, करना चाहिए। जब वह करने की बात आती है, तो मुझे बहुत दुःख के साथ यह कहना पड़ता है कि हमारी जितनी भी भारतीय विशेषताएँ हैं, चाहे वे औषधि के क्षेत्र में हों या किसी भी क्षेत्र में हों, वे सब संस्कृत में हैं। जब संस्कृत की बात करते हैं तो लोग कहते हैं कि भगवाकरण हो रहा है, यह दकियानूसीपन हो रहा है। इस प्रकार का माहौल बनाने के लिए देश में लोग बैठे हुए हैं। अभी एक अखबार में समाचार आया, मैं स्वास्थ्य मंत्री जी से कहूंगा कि आप इसके बारे में छानबीन करवाएं कि चीन से जो हमारा खाने का सामान आयात हो रहा है, उसमें नकली चावल, नकली दालें आ रही हैं। समाचार पत्र में उसका पूरा विवरण दिया हुआ है। उस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए क्योंकि उसको खाकर हमारे यहां पर लोग बीमार होंगे। मेरा निवेदन है कि इन सब बातों पर ध्यान देते हुए ज्यादा से ज्यादा medical colleges खोले जाएं, वहां पर परम्परागत इलाज करने वाले केन्द्र खोले जाएं और जो गांव में बैठकर छोटा इलाज करते हैं, उनको ट्रेनिंग देकर सक्षम बनाया जाए, ताकि वे अधिकृत रूप से लोगों का इलाज कर सकें, धन्यवाद।

SHRIMATI VANDANA CHAVAN (Maharashtra): Thank you, Sir, for giving me this opportunity of speaking on the 'Working of the Ministry of Health and Family Welfare'. Considering the time, I will definitely make sure that you don't have to ring the bell.

Our country, Sir, has recorded several gains in health indicators over the past years. But India still continues to lag in several health indicators and much so in mortality rates and malnutrition. Sir, the challenges like climate change also has thrown up several challenges as far as vector diseases are concerned which are increasing day by day.

Sir, our country carries a disproportionate burden of the world's sick. Home to 17.5 per cent of the earth's population, it accounts to 20 per cent of global burden of diseased, 27 per cent of all neonatal deaths and 21 per cent of all deaths of young children below five years. Sir, the Government's allocation to healthcare, as a percentage of the country's Gross Domestic Product, has fallen to 1.05 per cent in 2015-16 from 1.47 per cent in 1986-87. Sir, low public health spending — we have realized — is alarming because it results in shooting up of healthcare services for every citizenry. Sir, Health Surveys of the National Sample Survey Organization, the NSSO, show that since 1990s, the dependence of Indians on private healthcare has sharply risen which is certainly not welcome. In 1986-87, 60 per cent of people availed of public health services and the rest private. But in 2014, Sir, this trend has reversed and only 41 per cent availed of public healthcare. This is alarming, and I hope the Ministry looks into this very, very sincerely.

Sir, the decline in dependence on public health is even sharper in urban areas — from 60 per cent in 1986-87 to almost 32 per cent in 2014. The impact of expenditure

on medical care is clearly catastrophic and therefore needs to be addressed because it really hampers the poorest of the poor families and now even the middle class. Sir, the families are forced to cover expenses by carving out their savings, by borrowings from various sources and even selling assets. If you see, in rural India, 67.8 per cent of families have reported that they met such costs from savings, 24.9 per cent reported that they were forced to borrow money and 0.8 per cent reported that they had to sell their assets like land and jewellery which is absolutely alarming. Sir, we have to realize that only a minority is protected by any form of insurance in spite of wide claims made by publicly-funded social health insurance schemes like Rashtriya Swasthya Bima Yojana. Only 14 per cent of people in rural areas and 18 per cent in urban areas are found to have some form of publicly-funded insurance. Therefore, I urge the Minister to really look into this seriously and try to make sure that this cover increases for more people. Unfortunately, Sir, we are steadily moving on a path where every illness in the household will push the entire family into more and more poverty and into a financial trap. Sir, with nearly half a billion people in this country, a lot more remains to be done to ensure the survival, growth and development of India's greatest asset which, as we know, is the children.

Sir, the lowering of the ICDS Scheme's budget provision is also very, very alarming. Such an approach of lowering funds meant for children's health is something which cannot be accepted. Therefore, this approach to a welfare programme, which is so crucial to the health of the next generation, reflects a poor set of development priorities.

Sir, the Government must focus on States with a large burden of stunted, underweight children. Unfortunately, even in a State like Maharashtra, which is supposed to be a very prosperous State, we find that several children, even in urban areas, are stunted and malnourished. Therefore, the Government needs to look into this very, very seriously. Empirical evidence on effectiveness of supplementary nutrition should prompt the Centre to enhance funding of the ICDS schemes.

Sir, a lot has been, spoken about communicable and non-communicable diseases. We see a lot of life-style diseases around us, due to climate change, due to pollution in the cities, due to polluted water, etc., because of which several citizens experience respiratory and water-borne diseases. A lot has been said here and, therefore, I will not take up that point. But, Sir, I would like to make one last point here, which probably has not been touched upon, which is that India is currently suffering from a mental health crisis. There are only 43 Government-run mental hospitals serving a population of 1.2 billion. What is more, mental is highly stigmatised in India, specially amongst women who are typically committed to mental health facilities, with no legal rights, receiving

[Shrimati Vandana Chavan]

involuntary treatment and, sometimes, even without proper diagnosis. Mental disorders afflict five crore of the Indian population, but we are really not serious about it. They need special care. Eighty per cent of our districts do not have even one psychiatrist in public service. Psychiatrists need to be encouraged to get into public service and serve these people. Sir, WHO estimates that roughly 36 per cent of Indians are depressed. There is stigma attached to any mental health problem, with the implication that the victim himself is responsible for it. Sir, conscious efforts need to be made to create awareness about this and people must be made to realise that depression is not a mental disease, which makes him typically somebody who has lost his head, but needs treatment and can be really improved. A report states that for every one lakh Indians between 15 and 29 years of age, 36 commit suicide annually. This is the highest rate amongst the youth in the world. Until 2014, India spent less than one per cent of its health budget on mental health. I urge the Government, I urge the hon. Minister, that this aspect needs to be looked into and I make a sincere request that there needs to be a heightened awareness amongst citizens. We need to institutionalise a mechanism where this awareness is created amongst people and help is reached. And, lastly, Sir, we need to raise the outlay for the health services *in toto.*

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E. M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Thank you. Now, Shri Ram Kumar Kashyap.

श्री राम कुमार कश्यप (हरियाणा): उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आज़ादी के बाद यद्यपि देश में चिकित्सा सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। फिर भी ज्यादातर लोगों की पहुंच से ये सुविधाएं बाहर हो गयी हैं। तेजी से बढ़ती हुई आबादी की जरूरतों को पूरा करने में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं नाकाफी हैं और निजी अस्पतालों में इलाज की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। क्लीनिकल डायग्नोस्टिक से जुड़ी हुई महंगी जांचों - जैसे अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एमआरआई की सुविधाएं प्रायः सरकारी अस्तपालों में नहीं मिलती हैं। इनकी ऊंची कीमतें लाखों मरीजों को पहुंच के दायरे से बाहर कर देती हैं, जिससे इलाज में देरी हो जाती है। मंत्री जी, महंगी जांच की ये सुविधाएं कम से कम हर जिला अस्पताल में तो होनी चाहिए।

अब मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ अन्य समस्याओं की तरफ आकर्षित करना चाहूंगा। हालांकि ये समस्याएं सेल्फ मेड हैं, परन्तु देश-हित में इन समस्याओं का समाधान होना जरूरी है। सबसे पहली समस्या खान-पान की है। आजकल हमारा जो खान-पान है, वह काफी दूषित हो चुका है। आज किसान जहां पर पानी की अच्छी सुविधाएं हैं, अपनी उपज को बढ़ाने के लिए बहुत भारी मात्रा में कीटनाशक खादों का इस्तेमाल करता है। अब जैसे धान की फसल उगने वाली है, धान की फसल उगाने से पहले किसान खेत में कीटनाशक दवाई का स्प्रे डाल देता है। जब धान रोपित हो जाएगा, तो उसके बाद किसान फिर कीटनाशक दवाइयों का उपयोग करेगा और जब धान की फसल पकने को होगी, तो उसके बाद फिर किसान कीटनाशक दवाइयों का उपयोग करेगा। इस काम में जब दवाइयां इस्तेमाल की जाती हैं, तो जब हम इससे तैयार अनाज खाएंगे, तो निश्चित तौर से वह जहरीला हो जाता है। यह हमारे स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर डालता है। इसके कारण आज छोटी उम्र

में ही बच्चों को कैंसर, मधुमेह और पीलिया व बी.पी. जैसी बीमारियां हो रही हैं। इसलिए माननीय मंत्री जी, मैं आपसे यह कहना चाहूंगा कि आप इस ओर विशेष ध्यान दें। मुझसे पहले माननीय मेघराज जी बता रहे थे कि आज देश में मिलावट का बोलबाला है। हम काफी समय से सुनते आ रहे हैं कि दूध में मिलावट होती है। दूध से बनी चीजें जैसे खोया और पनीर है, इनमें मिलावट होती है। मैं मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि यह कब तक चलेगा? आज लोग दूध से बनी चीजों से नफरत करने लगे हैं। आज लोग हजार बार सोचते हैं कि कहीं ये चीजें नकली तो नहीं हैं। मंत्री जी, यह एक चिंता का विषय है। अगर आज आप इसके बारे में नहीं सोचेंगे, तो कल आपको सोचना पड़ेगा। आप कल भी नहीं सोचेंगे, तो आपको पांच साल के बाद सोचना पड़ेगा। अगर आप पांच साल के बाद भी नहीं सोचेंगे, तो बीस साल के बाद तो आपको सोचना ही पड़ेगा। यह काफी विकट समस्या हो गई और यह हमारे खान-पान से संबंधित है। इसलिए आप इसकी तरफ ध्यान दीजिए।

मैं आपको इसके लिए एक सुझाव देना चाहूंगा। आज खेती में खाद डालना और कीटनाशक दवाइयां डालना किसानों की मजबूरी है। इसलिए हमारी सरकार की ड्यूटी बन जाती है कि हम किसानों को इस प्रकार के बीच व कीटनाशक दवाइयां दें, जो हमारे स्वास्थ्य को नुकसान न पहुंचा सकें। जो हमारे कृषि वैज्ञानिक हैं, वे इसमें अपना अहम योगदान दे सकते हैं। आज हमारी यह समस्या है कि जो हमारी एग्रीकल्चर युनिवर्सिटीज़ हैं और उनमें जो साइंटिस्ट्स हैं, वे रिटायर होते जा रहे हैं और उनकी बहुत ही कमी हो गई है, इसलिए उनकी रिक्तियों को भर कर, उनसे यह काम लिया जाए, ताकि वे अच्छे बीज पैदा करें और ऐसे कीटनाशक पैदा करें, जो हमारे स्वास्थ्य को नुकसान न पहुंचा सकें।

माननीय मंत्री जी, मैं आपसे यह बात दोबारा कहना चाहूंगा कि जो लोग मिलावट करते हैं, आप उनके साथ सख्ती से पेश आएं। यह मिलावट का काम कब तक चलता रहेगा? इस मिलावट के कारण देश में लाखों लोग मरीज बनते जा रहे हैं। मैं एक और बात आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि आजकल गर्मी के मौसम में गेहूं की कटाई के बाद जो अवशेष बच जाते हैं, उनको जलाने का प्रचलन हो गया है। किसान उसको जला देता है, तो इससे खेत की उपजाऊ शक्ति तो कम होती ही है, साथ ही खेतों में जो आग लगी होती है, वह हवा के कारण सड़क तक आ जाती है। सड़क के आसपास जितनी वनस्पति होती है, जितने पेड़-पौधे होते हैं, वे जलकर राख हो जाते हैं। मंत्री जी, आप तो जानते हैं कि इस आग से जान-माल का नुकसान भी होता है। आज के अखबार "दैनिक ट्रिब्यून" में एक खबर छपी है कि 'धुएं में फंसे मां-बेटा जिंदा जले'। एक ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने वाला बच्चा शौकीन, जिला पानीपत के सीक गांव का रहने वाला है और उसकी उम्र 17 साल है। वह अपनी माता सीमा के साथ अपनी किताबें खरीदने के लिए शहर में गया था। जब वह शहर से वापस अपने गांव लौट रहा था, तो उस समय खेतों में आग लगी थी। खेती की आग से इतना ज्यादा धुआं आ रहा था कि वह लड़का कुछ देख भी नहीं पा रहा था। उसने सोच कि हम इससे पार निकल जाएंगे। जब वह धुएं के अंदर से निकलने लगा, तो वह आग व धुएं की चपेट में आ गया और उसने आग में जलकर अपना दम तोड़ दिया। एक अन्य यात्री ने देखकर बताया कि वह जल गया है। उसकी मोटर साइकिल के कागजों से ही उसके बारे में जानकारी मिली कि वह कहां का रहने वाला है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि यह एक बहुत ही गंभीर समस्या है और आपको इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

मैं प्रायः NH-1 से जाता हूं, तो रात को खेतों में काफी आग दिखाई देती है। मंत्री जी, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अगर इस प्रकार से खेतों में आग लगती है, तो उसको बुझाने का क्या तरीका है? हम उस आग को किस माध्यम से बुझाने का काम करें? क्या आपके पास NH-1 में कोई हैल्पलाइन नं.

[श्री राम कुमार कश्यप]

5.00 P.M.

है, जिस पर फोन करके हम आग बुझाने के लिए कह सकें? आग लगने से वहां पर काफी वनस्पति और पेड़-पौधे नष्ट हो जाते हैं। माननीय मंत्री जी, मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि आप अपने मंत्रालय से अफसरों की एक टीम NH-1 भेजने का काम करें और वह टीम वहां पर सर्वे करे कि कितने पेड़ और कितने पौधे लगने से जले हैं। जब आपके पास रिपोर्ट आएगी, तो फिर आपको पता लग जाएगा कि वहां पेड़-पौधों को कितना नुकसान हुआ है? हमारे लिए पेड़-पौधें बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। ये हमें छाया देते हैं। अभी पीछे जब सूखे पर चर्चा हो रही थी, तो आज सूखे की प्रॉब्लम पूरे देश में है, इसलिए सूखे से बचने के लिए हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। यदि पेड़ों को इस प्रकार से जला दिया जाएगा, तो फिर हम सूखे से कैसे निपटेंगे? इसलिए मंत्री जी, आप इस ओर विशेष ध्यान दें।

मंत्री जी, मैं एक समस्या की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा। आज जितना भी कूड़ा-करकट है, चाहे वह पार्क का है या गलियों का है, उसे इकट्ठा करने के बाद उसमें आग लगा दी जाती है। जब उसमें आग लगा दी जाती है, तो उसके धुएँ से हमारा पर्यावरण दूषित हो जाता है और उससे बीमारियाँ फैलती हैं। इसलिए इसकी तरफ भी आप ध्यान दें। मैं कल ही दिल्ली करनाल बाइपास पर देख रहा था कि वहाँ पर कूड़े-करकट का ढेर लगा हुआ है, उसमें 4-5 दिन से आग लगी हुई है और उसमें से खतरनाक धुआँ निकल रहा है। वैसे तो दिल्ली में वातावरण को बचाने के लिए Odd-Even फॉर्मूला चलाया गया, परंतु कूड़े के ढेर में आग लगा दी जाती है। इसका कैसे समाधान होगा, इसकी तरफ भी आप ध्यान दें। मंत्री जी, इसलिए मैं आपसे कहना चाहूँगा, हालाँकि स्वास्थ्य स्टेट का विषय है, आप हरेक स्टेट को एक लेटर लिखें कि आपने आग बुझाने के लिए और कूड़े-करकट का समाधान करने के लिए क्या उपाय किए हैं। मंत्री जी, अगर आप ऐसा कर पाएँगे, तो आप स्वास्थ्य के ऊपर काफी ध्यान दे पाएँगे और हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। मुझे इतना ही कहना था।

महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। जय हिन्द, जय भारत।

श्री मोहम्मद अली खान (आन्ध्र प्रदेश): वाइस-चेयरमैन साहब, आपने मुझे सेहत और फैमिली वेलफेयर मिनिस्ट्री की working के ऊपर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका तहेदिल से शुक्रिया अदा करता हूँ। साथ ही साथ मैं इस हाउस में यह बात रख देना चाहता हूँ कि कई मुकर्रिर ने मरकज़ी सरकार से, वज़ीर-ए-सेहत से मुख्तलिफ मसाइल के ऊपर अपनी तशवीश का इज़हार किया। यूपीए सरकार के दौर में अवाम को मद्देनज़र रख कर जितने भी हॉस्पिटल बनाए गए, सेहत का ख्याल रख कर अवाम की खिदमत के जज्बे से जितनी भी मरकज़ी सरकार या रियासती सरकारें आती हैं, तो अवाम भी ये उम्मीदें लगाए बैठी है कि उनकी सेहत को सुधारने में और उनकी सेहत को बरकरार रखने में, चाहे सरकारी हॉस्पिटल्स हों, चाहे प्राइवेट हॉस्पिटल्स हों, उनसे यकीनन एक उम्मीद की किरण पैदा होती है। मैं अपने आपको हिन्दुस्तान के कॉरपोरेट हॉस्पिटल की कारकर्दिगी तक महदूद रखूँगा। रियासती सरकार या मरकज़ी सरकार, जब कॉरपोरेट हॉस्पिटल्स को जमीन की शक्ल में या फाइनांस की शक्ल में या इलेक्ट्रिक की शक्ल में या पानी की शक्ल में या रोड़ की शक्ल में जो सुविधाएँ देती हैं, तो मैं समझता हूँ कि प्राइवेट हॉस्पिटल में यह प्लान रखा जाता है कि सतह-ए-गुरबत से नीचे जो लोग हैं, उनको इतनी फीसदी free treatment दिया जाएगा, लेकिन मैं आपके सामने कॉरपोरेट हॉस्पिटल की एक बात रखूँ। न हम कारपोरेट हॉस्पिटल के खिलाफ हैं, न हम, आप जो PPP मॉडल पर हॉस्पिटल की ओर जाना चाहते हैं, उसके खिलाफ हैं, बल्कि हम इनके सिस्टम के

खिलाफ हैं, हम इनके मरीजों के इलाज करने के जो तौर-तरीके हैं, उनके खिलाफ हैं। सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि हिन्दुस्तान की पूरी अवाम इसके खिलाफ है और वह अपनी आवाज़ उठाती है। जिन्दगी की हर वह कमाई, जो वह अपनी मेहनत से कमाता है, वह उसके इलाज पर खर्च हो जाती है। मैं एक हक़ीकत के वाक़ये से अपने आपको जोड़ते हुए, उसे इस हाउस के सामने रखूँगा। यह एक बहुत ही दर्दनाक वाक़या है। एक 50 साल की ख्वातीन, 5 या 6 मोशन होने की वजह से शहरे हैदराबाद में एक प्राइवेट हॉस्पिटल में गई, जिसका नाम यशोदा हॉस्पिटल है। वह 50-52 साल की ख्वातीन अपने शौहर के साथ 7.00 बजे हॉस्पिटल में अपने पैरों पर चलती हुई दाखिल होती है। उसके शौहर ने हॉस्पिटल वालों से कहा कि मेरी वाइफ को 5-6 मोशंस हुए हैं, वह वीकनेस फील कर रही है, मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा कि आप इसको ट्रीटमेंट देकर जल्द से जल्द ठीक करने की कोशिश कीजिए। एक घंटा गुजरा, डेढ़ घंटा गुज़रा, कई बार पूछा, लेकिन प्राइवेट हॉस्पिटल वालों के रवैये ने पैकेज के सिस्टम में आकर काम करना शुरू कर दिया। उस औरत के शौहर को यह बोला गया कि आपको 40,000 रुपये डिपॉज़िट करने पड़ेंगे। एक घंटा इंतजार करने के बाद उसके शौहर ने मजबूरन अपनी पॉकेट से 15,000 रुपये निकाल कर डिपॉज़िट करवा दिए। जब उस औरत ने कहा कि मुझ कमजोरी है, आप ग्लूकोज़ चढ़ा दीजिए, लेकिन रात को 11.00 बजे उस लेडी को रूम में शिफ्ट कर दिया जाता है। जो

†**جناب محمد علی خان (آندھرا پردیش)** : وائس چیئرمین صاحب، آپ نے مجھے صحت اور فیملی ویلفئر منسٹری کی ورکنگ کے اوپر بولنے کا موقع دیا، اس کے لئے میں آپ کا تہہ دل سے شکریہ ادا کرتا ہوں۔ ساتھ ہی ساتھ میں اس ہاؤس میں یہ بات رکھہ دینا چاہتا ہں کہ کئی مقرّر نے مرکزی سرکار سے، وزیر صحت سے مختلف مسائل کے اوپر اپنی تشویش کا اظہار کیا۔ یو۔پی۔اے۔ سرکار کے دور میں عوام کو مدّنظر رکھہ کر جتنے بھی ہاسپٹلس بنائے گئے، صحت کا خیال رکھہ کر عوام کی خدمت کے جذبے سے جتنی بھی مرکزی سرکار یا ریاستی سرکاریں آتی ہیں، تو عوام بھی یہ امیدیں لگائے بیٹھی ہیں کہ ان کی صحت کے سدھارنے میں اور ان کی صحت کو برقرار رکھنے میں، چاہے سرکاری ہاسپٹلس ہوں، چاہے پرائیویٹ ہاسپٹلس ہوں، ان سے یقیننا ایک امید کی کرن پیدا ہوتی ہے۔ میں اپنے آپ کو ہندوستان کے کارپوریٹ ہاسپٹل کی کارکردگی تک محدود رکھوں گا۔ ریاستی سرکار یا مرکزی سرکار، جب کارپوریٹ ہاسپٹلس کو زمین کی شکل میں یا فائننس کی شکل میں یا الیکٹرک کی شکل میں یا پانی کی شکل میں یا روڈ کی شکل میں جو سہولتیں دیتی ہیں، تو میں سمجھتا ہوں کہ پرائیویٹ ہاسپٹل میں یہ پلان رکھا جاتا ہے کہ سطح غربت سے نیچے جو لوگ ہیں، ان کو ~~اتنی~~ فیصدی فری ٹریٹمینٹ دیا جائے گا، لیکن میں ~~آپ~~ کے سامنے کارپوریٹ ہاسپٹل کی ایک

†Transliteration in Urdu script.

بات رکھوں۔ نہ ہم کارپوریٹ ہاسپٹل کے خلاف ہیں، نہ ہم، آپ جو پی۔پی۔پی۔ ماڈل پر ہاسپٹل کی اور جانا چاہتے ہیں، اس کے خلاف ہیں، بلکہ ہم ان کے سسٹم کے خلاف ہیں، ہم ان کے مریضوں کے علاج کرنے کے جو طور طریقے ہیں، ان کے خلاف ہیں۔ صرف میں ہی نہیں، بلکہ ہندوستان کی پوری عوام اس کے خلاف ہے اور وہ اپنی آواز اٹھاتی ہے۔ زندگی کی ہر وہ کمائی، جو وہ اپنی محنت سے کماتا ہے، وہ اس کے علاج پر خرچ ہو جاتی ہے۔ میں ایک حقیقت کے واقعہ سے اپنے آپ کو جوڑتے ہوئے، اسے اس ہاؤس کے سامنے رکھوں گا۔ یہ ایک بہت ہی دردناک واقعہ ہے۔

ایک پچاس سال کی خاتون، پانچ یا چھ موشن ہونے کی وجہ سے شہر حیدرآبادمیں ایک پرائیویٹ ہاسپٹل میں گئی، جس کا نام یشودہ ہاسپٹل ہے۔ وہ پچاس باون سال کی خاتون اپنے شوہر کے ساتھ سات بجے ہاسپٹل میں اپنے پیروں سے چلتی ہوئی داخل ہوتی ہے۔ اس کے شوہر نے ہاسپٹل والوں سے کہا کہ میری وائف کو پانچ چھ موشن ہونے ہیں، وہ کمزوری محسوس کررہی ہے، میں آپ سے درخواست کرونگا کہ آپ اس کو ٹریٹمنٹ دیکر جلد سے جلد ٹھیک کرنے کی کوشش کیجیے۔ ایک گھنٹہ گزرا، ڈیڑھ گھنٹہ گزرا، کئی بار پوچھا، لیکن پرائیویٹ ہاسپٹل والوں کے روپے نے پیکج کے سسٹم میں آکر کام کرنا شروع کردیا۔ اس عورت کے شوہر کو یہ بولا گیا کہ آپ کو چالیس ہزار روپے ڈپازٹ کرنے پڑیں گے۔ ایک گھنٹہ انتظار کرنے کے بعد اس کے شوہر نے مجبوراً اپنی پاکٹ سے پندرہ ہزار روپے نکال کر ڈپازٹ کروادیئے۔ جب اس عورت نے کہا کہ مجھے کمزوری ہے، آپ گلوکوز چڑھادیجئے، لیکن رات کو گیارہ بجے اس لیڈی کو روم میں شفٹ کردیا جاتا ہے۔ ٹیسٹ نہیں کروائے، ٹیسٹ کروائے گئے۔

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): You have to conclude.

श्री मोहम्मद अली खानः सर, मेरी मेडन स्पीच है, मैं आपका थोड़ा टाइम और लूंगा। मोशंस होने पर किडनी के टैस्ट का क्या सवाल पैदा होता है? मोशंस से एचआईवी का क्या संबंध है? मोशंस से ब्रेन के टैस्ट का क्या संबंध है? मोशंस से ब्लड ग्रुप की जांच का क्या संबंध है? मोशंस से लीवर के टेस्ट का क्या संबंध है? यही नहीं, रात को 3.00 बजे पेशेंट से यह कहा जाता है कि अच्छा हुआ आप जल्दी आ गए, वरना आपको किडनी में इन्फेक्शन हो जाता।

वाइस चेयरमैन साहब, यह और कोई नहीं, यह मैं था और यह मेरी मिसेज़ थीं। मैंने बार-बार हॉस्पिटल वालों से कहा कि मैं मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट हूं, आप सिर्फ वीकनेस के लिए दवा दे दीजिए, लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हॉस्पिटल वालों ने by force ये तमाम टैस्ट करवा दिए। मेरे पास सीजीएचएस का कार्ड भी था, लेकिन उन्होंने सीजीएचएस के कार्ड को एसेप्ट नहीं किया। मैं आपके सामने यह बात इसलिए बता रहा हूं, क्योंकि लाखों-करोड़ों गरीब लोग, जो प्राइवेट हॉस्पिटल के अंदर इलाज के लिए जाते हैं, उनसे लाखों रुपये की डिमांड करके, unnecessary tests करवाकर मुसीबत में घेरने की कोशिश की जाती है। कई तो ऐसे हॉस्पिटल हैं, जहां मौत का वाक़या हो जाने के बावजूद भी डैड बॉडी को हॉस्पिटल में रखवा कर, उस पर बिल वसूल किया जाता है।

मैं मरकज़ी सरकार से, खुसूसन में वज़ीरे मौसूफ से यह दरख्वास्त करूंगा कि जिस तरीके से तमाम लोगों ने मिलकर real estate के लिए regulatory authority बनाई थी, आज जरूरत है कि health के अंदर भी एक regulatory authority बनाई जाए, इससे अवाम का बहुत फायदा होगा। सेंट्रल गवर्नमेंट के इम्प्लॉइज़ और दूसरे लोग, जिनके पास सीजीएचएस का कार्ड होता है, माफ करना, वह पैसा भी अवाम की जेब से और सरकार के खज़ाने से आता है।

†**جناب محمد علی خان:** سر، میری میڈین اسپیچ ہے، میں آپ کا تھوڑا ٹائم اور لونگا۔ موشن ہونے پر کِڈنی کے ٹیسٹ کا کیا سوال پید ا ہوتا ہے؟ موشن سے ایچ آئی وی کا کیا تعلق ہے؟ موشن سے برین کے ٹیسٹ کا کیا تعلق ہے؟ موشن سے بلڈ گروپ کی جانچ کا کیا تعلق ہے؟ موشن سے لیور کے ٹیسٹ کا کیا تعلق ہے؟ یہی نہیں رات کو تین بجے پیشنٹ سے یہ کہا جاتا ہے کہ اچھا ہوا آپ جلدی آگئے، ورنہ آپ کو کڈنی میں انفیکشن ہوجاتا۔

وائس چئیرمین صاحب، یہ اور کوئی نہیں یہ میں تھا اور یہ میری اہلیہ تھیں۔ میں نے بار بار ہاسپٹل والوں سےکہا کہ میں ممبر آف پارلیمنٹ ہوں، آپ صرف کمزوری کے لیے دوا دے دیجئے، لیکن بڑے افسوس کے ساتھ کہنا پڑتا ہے کہ ہاسپٹل والوں نے بائی فورس یہ تمام ٹیسٹ کروادیئے۔ میرے پاس سی جی ایچ ایس کا کارڈ بھی تھا، لیکن انہوں نے سی جی ایچ ایس کے کارڈ کو ایکسیپٹ نہیں کیا۔ میں آپ کے سامنے یہ بات اس لیے بتارہا ہوں، کیوں کہ لاکھوں کروڑوں غریب لوگ، جو پرائیویٹ ہاسپٹل کے اندر علاج کے لیے جاتے ہیں، ان سے لاکھوں روپے کی ڈیمانڈ کرکے، غیر ضروری ٹیسٹ کرواکر مصیبت میں گھیرنے کی کوشش کی

†Transliteration in Urdu script.

جاتی ہے۔ کئی تو ایسے ہاسپٹل ہیں، جہاں موت کا واقعہ ہوجانے کے باوجود بھی ڈیڈ باڈی کو ہاسپٹل میں رکھواکر اس پر بل وصول کیا جاتا ہے۔

میں مرکزی سرکار سے، خصوصاً میں وزیر موصوف سے یہ درخواست کرونگا کہ جس طریقے سے تمام لوگوں نے ملکر رئیل اسٹیٹ کے لیے ریگولیٹری اتھارٹی بنائی تھی، آج ضرورت ہے کہ ہیلتھ کے اندر بھی ایک ریگولیٹری اتھارٹی بنائی جائے۔ اس سے عوام کا بہت فائدہ ہوگا۔ سینٹرل گوورنمنٹ کے ایمپلائز اور دوسے لوگ، جن کے پاس سی جی ایچ ایس کا کارڈ ہوتا ہے، معاف کرنا ، وہ پیسہ بھی عوام کی جیب سے اور سرکار کے خزانے آتا ہے۔

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN) : Mr. Khan, please conclude.

श्री मोहम्मद अली खानः ये लोग बेहताशा, बेइंतिहा उस जैसे को लूट रहे हैं। मैं हिन्दुस्तान के उन डाक्टरों को सलाम करता हूं, जिन्होंने सारी दुनिया के अंदर अपने देश का मुकाम बुलन्द किया है। चंद पेशेवर डॉक्टरों के द्वारा इसे कमर्शियल बना देने की वजह से यह पेशा बदनाम हो रहा है। तो मैं मरकज़ी सरकार से और स्टेट सरकार से कहना चाहूँगा कि there is no standardization in the patient billing systems in any private hospital. A thorough systematization of running the private hospitals is the need of the hour. Like the Real Estate (Regulation and Development) Bill, there must be a Private Hospitals (Regulation) Bill. The only grievance redressal place for the patients now is the consumer forum. The Private Hospitals Regulation Bill will be a better solution. Hospitals billing more than rupees one lakh to any patient in one occasion must submit their report to the regulatory authority or the details of the treatment given to the patient and the reasons for the changes, etc., and patient shall be in a position to approach the regulatory authority for faster grievance redressal. तो सरकार से मेरी अपील है, मैं वज़ीरे मौसूफ से भी अपील करूँगा, यह केस मैं अपने लिए नहीं, बल्कि उन गरीब लोगों के लिए, जो हिन्दुस्तान के अन्दर प्राइवेट हॉस्पिटल्स ...(**व्यवधान**)... एक सिस्टम बनाइए। ...(**व्यवधान**)...

†**جناب محمد علی خان :** یہ لوگ بے تحاشہ، بے انتہا اس پیسے کو لوٹ رہے ہیں میں ہندوستان کے ان ڈاکٹروں کو سلام کرتا ہوں، جنہوں نے ساری دنیا کے اندر اپنے دیش کا مقام بلند کیا ہے۔ چند پیشہ ور ڈاکٹروں کے ذریعہ اسے کمرشیل بنادینے کی وجہ سے یہ پیشہ بدنام ہورہا ہے۔ تو میں مرکزی سرکار سے اور اسٹیٹ سرکار سے کہنا چاہوں گا کہ:

†Transliteration in Urdu script.

there is no standardization in the patient billing systems in any private hospital. A thorough systematization of running the private hospitals is the need of the hour. Like the Real Estate (Regulation and Development) Bill, there must be a Private Hospitals (Regulation) Bill. The only grievance redressal place for the patients now is the consumer forum. The Private Hospitals (Regulation) Bill will be a better solution. Hospitals billing more than rupees one lakh to any patient in one occasion must submit their report to the regulatory authority or the details of the treatment given to the patient and the reasons for the changes, etc., and patient shall be in a position to approach the regulatory authority for faster grievance redressal.

† تو سرکار سے میری اپیل ہے، میں وزیر موصوف سے بھی اپیل کروں گا، کیس میں اپنے لئے نہیں، بلکہ ان غریب لوگوں کے لئے، جو ہندوستان کے اندر پرائیویٹ ہاسپٹلس ---(مداخلت)--- ایک سسٹم بنائیے ---(مداخلت)---

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Okay, thank you. Now, Dr. Satyanarayan Jatiya.

श्री मोहम्मद अली खानः कई हॉस्पिटल्स हैं, लेकिन ऐसा एक सिस्टम हॉस्पिटल में लाने के लिए मैं फिर से वजीरे मौसूफ से अपील करूँगा। मैंने अपना केस ऑलरेडी पिटीशन कमेटी में रखा है। कई लोग हैं, जो आपके इस दरवाजे तक नहीं पहुँचते हैं, आपके इस मुकद्दस मुकाम तक नहीं पहुँचते हैं। मुझे मेरी लीडर सोनिया गाँधी जी ने यह मौका दिया।

† **جناب محمد علی خان:** کئی ہاسپٹلس ہیں، لیکن ایسا ایک سسٹم ہاسپٹلس میں لانے کے لئے میں پھر وزیر موصوف سے اپیل کروں گا۔ میں نے اپنا کیس آلریڈی پٹیشن کمیٹی میں رکھا ہے۔ کئی لوگ ہیں، جو آپ کے اس دروازے تک نہیں پہنچتے ہیں، آپ کے اس مقدّس مقام تک نہیں پہنچتے ہیں۔ مجھے میری لیڈر سونیا گاندھی جی نے یہ موقع دیا۔

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Okay; you have made your point. Please conclude.

श्री मोहम्मद अली खानः तो मेरा यह फर्ज़ है कि मैं गरीब लोगों की नुमाइंदगी करूँ। मैं वज़ीरे मौसूफ से यह कहना चाहूँगा कि कई ऐसे काम हैं, जो आपके देखने लायक हैं। प्राइवेट हॉस्पिटल के बजाए सरकारी हॉस्पिटल की जो आपकी स्कीम है, उसे आप और आगे बढ़ाइए, आप उसे और मजबूती से करने की कोशिश कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

† **جناب محمد علی خان:** تو میرا یہ فرض ہے کہ میں غریب لوگوں کی نمائندگی کروں۔ میں وزیر موصوف سے یہ کہنا چاہوں گا کہ کئی ایسے کام ہیں، جو آپ کے دیکھنے لائق ہیں۔ پرائیویٹ ہاسپٹل کے بجائے سرکاری ہاسپٹل کی جو آپ کی اسکیم ہے، اسے آپ اور آگے بڑھائیے، آپ اسے اور مضبوطی سے کرنے کی کوشش کیجئے ---(مداخلت)---

†Transliteration in Urdu Script.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Okay, thank you. Now Dr. Satyanarayan Jatiya.

श्री मोहम्मद अली खानः तो मैं मरकज़ी सरकार से, रियासती सरकार से एक regulatory authority बनाने की अपील करूँगा। आप इसको बनवाइए और बिल को लाइए। इस हाउस के मेम्बर्स से, एक मेम्बर होने के नाते से, मैं आपसे अपील करता हूँ कि अवाम की बहबूदी और ख्वातीन के लिए और अवाम की सेहत के लिए एक रेगुलेटरी अथॉरिटी आप मंजूर कीजिए और पास कीजिए। मैं बीजेपी सरकार से, एनडीए सरकार से उम्मीद रखता हूँ कि अवाम की खिदमत के लिए आप यह बिल जरूर लाएँगे। जय हिन्द।

جناب محمد علی خان: تو میں مرکزی سرکار سے، ریاستی سرکار سے ایک ریگولیٹری اتھارٹی بنانے کی اپیل کروں گا۔ آپ اس کو بنوائیے اور بل کو لائیے۔ اس ہاؤس کے ممبرس سے، ایک ممبر ہونے کے ناطے سے، میں آپ سے اپیل کرتا ہوں کہ عوام کی بہبودی اور خواتین کے لئے عوام کی صحت کے لئے ایک ریگولیٹری اتھارٹی آپ منظورکیجئے اور پاس کیجئے۔ میں بی۔جے۔پی۔ سرکار سے، این۔ڈی۔اے۔ سرکار سے امید رکھتا ہوں کہ عوام کی خدمت کے لئے آپ یہ بل ضرور لائیں گے۔ جے ہند۔

डा. सत्यनारायण जटिया (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, जिस बात के लिए हम यहाँ चर्चा पर अपने आपको केन्द्रित किए हुए हैं, वह एक महत्वपूर्ण चर्चा है। इंसान की जिंदगी को बेहतर तरीके से गुजराने के लिए जो भी कुछ इंतज़ामात करने होते हैं, उसके लिए क्या प्रबंधन होना चाहिए, यह हमारे सारे कामकाज का आधा है। मोटे तौर पर सरकार का यह काम बजट के जरिए होता है और हमारी सरकार जब यह बजट लाई, तब माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने कहा था कि बजट 2016 हमारे गाँवों, किसानों, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों के जीवन में एक गुणात्मक परिवर्तन सुनिश्चित करेगा। निश्चित रूप से 'सबका साथ और सबका विकास' करने के लिए, इस जरूरत की पूर्ति करने के लिए, जहाँ हम इस तरह से बात कर रहे हैं, सामाजिक दृष्टि से भी इन सारी बातों को करने के लिए उपाय किए गए हैं। मुझे मालूम है कि ये सारे काम कोई आसान काम नहीं हैं। हरेक ने कहा है कि कुछ होना चाहिए, परन्तु होने के लिए भी तो कुछ चाहिए। शरीर है, तो सब कुछ है। 'शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम्।' अगर शरीर नहीं है, तो फिर कुछ भी नहीं है। हमारे यहाँ कहा गया है कि मनुष्य की आयु सौ वर्ष की है। परन्तु यह सौ वर्ष हैं कहाँ? अगर माना जाए कि यह सौ वर्ष है, तो आधा समय तो सोने में बीत जाता है, उसका आधा समय बचपन में और बुढ़ापे में गुजर जाता है और जो कुछ बचा रहता है, वहउसकेदुखमें,कष्टोंमें,व्याधियोंमेंबीतजाताहैऔरऐसालगताहैकियहजिन्दगीतोएकलहर की तरह से है, तो मनुष्य को सुख कहाँ है? इसके बारे में ऐसा कहा गया हैः

†Transliteration in Urdu script.

"नृणाम आयुः वर्षशतम् परिमितम्।
तत अर्धम् रात्रौ गतम्।
तस्य परस्य अर्धस्य अपरम् अर्धम्,
बालत्व वृद्धत्वयो गतम्।
शेषम् व्याधि वियोग दुःख सहितम्
सेवा आदिभिः नीयते।
वारिंतरग चंचलतरे जीवे,
प्राणिनाम् सौख्यम् कुतः?"

और इसलिए जिंदगी को बेहतर बनाने के उपाय करने के लिए जिस शिद्दत के साथ माननीय प्रधान मंत्री जी ने, माननीय वित्त मंत्री जी ने, माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने उपाय किए हैं, वे तारीफे-काबिल हैं। जितने ये संसाधन हैं और हम जानते हैं कि हमारा जो केन्द्र का बजट है, उसमें से हमने राज्यों को 10 प्रतिशत राशि बढ़ा करके दी है। इसके बावजूद भी हमारा जो अपना बजट है और उसमें जो उपाय किए गए हैं, उसमें सरकार का जो बजट आया है, उसमें स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय तथा आयुष मंत्रालय के परिव्ययों को वर्ष 2015-16 के 33,282.17 करोड़ से बढ़ा करके 2016-17 के बजट अनुमान में 39,532 करोड़ कर दिया गया है। तो निश्चित रूप से यह जो वृद्धि हुई है, यह हमारी सोच की है और उसके लिए योजनाएं लागू करने का काम हुआ है और निश्चित रूप से यह हरेक के लिए एक आदर्श है। उन योजनाओं का लाभ आम गरीब आदमी को मिलने वाला है, जो योजनाएं बनाई गई हैं। हमारे स्वास्थ्य मंत्री जी ने जो कहा कि बजट 2016-17, एक दूरदर्शी और प्रगतिशील बजट है, जिसमें ग्रामीणों, किसानों, युवाओं सहित समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखा गया है। बजट से समाज से वंचित और कमजोर वर्गों को भी पूरा फायदा पहुंचेगा, बजट से देश के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा है, देश भर में 3,000 जन-औषधि स्टोर खोले जाएंगे, जहां सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध होंगी। ये सस्ती दवाएं जो जेनेरिक दवाएं हैं, वे तो हैं ही हैं परन्तु वे उपलब्ध नहीं होतीं और उपलब्ध न होने का कारण निश्चित रूप से एक लम्बे समय से जो चली आ रही नीति है, जो हमारी मान्यताएं हैं, उन मान्यताओं को तोड़ने की बात है। अब ये जो 3,000 जन-औषधि केन्द्र खुलेंगे, उससे किस का भला होने वाला है? आम आदमी की पहुंच में दवाएं होंगी। हम जानते हैं कि गरीबों के लिए दवाओं का मुहैया होना बहुत मुश्किल बात है। मुझे याद है कि एक बार जब मैं गांव का दौरा कर रहा था, तब उस गांव में बुखार से पीड़ित एक आदमी, जिसके लिए वहां कुछ भी सहायता करने के लिए उपाय नहीं था, उसको तेज बुखार था। यदि उस समय में और जन-स्वास्थ्य रक्षक के माध्यम से या इसी प्रकार की किसी योजना के माध्यम से एक पैरासिटैमॉल की टेबलेट दे दी जाती या दी जा सकती होती तो निश्चित रूप से उसको एक रिलीफ मिलता तथा उससे उसको आसानी होती। किन्तु इतनी छोटी-छोटी बातों के बारे में चिंता करने का काम, जैसे अभी आशा वर्कर के बारे में कहा गया, अब ये सारी आशाओं से ही आशाएं पैदा होंगी, उम्मीदें पैदा होंगी और उन उम्मीदों के ऊपर ही और निश्चित रूप से हम अपने देश के लोगों को सुख और सुविधा प्रदान कर सकेंगे। तो इस प्रकार की जो छोटी-छोटी सुविधाएं हैं, उनको उपलब्ध कराने के बारे में हमने काम किया है। बाद में डायलिसिस की बात आई। राष्ट्रीय डायलिसिस सेवा कार्यक्रम को भी जिला अस्पतालों तक चलाया जाएगा और वहां डायलिसिस सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे आबादी के एक बड़े हिस्से को बहुत राहत मिलेगी।

[डा. सत्यनारायण जटिया]

यह सेवा पीपीपी पद्धति से प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दिशा में डायलिसिस उपकरणों के कुछ पुर्जों को विभिन्न शुल्कों से मुक्त कर सही दिशा में कदम उठाया गया है। मैं जानता हूं कि अगर डायलिसिस सुविधा न हो तो आदमी की जिंदगी खतरे में है और वह कुछ ही दिनों तक ज़िंदा रह पाएगा। उसका जिंदा रहना मुश्किल है। मुझे याद है कि मैं एक बार कहीं किसी की गमीं में गया था और मुड़ते ही जब मैं नीचे की मंजिल पर आया तो पता लगा कि उसको और डायलिसिस की जरूरत है। अभी डायलिसिस न हो तो कैसे होगा? लेकिन संयोग से दो दिन के बाद मुख्य मंत्री जी का एक दौरे का कार्यक्रम था और वहीं सभा में मैंने यह दरख्वास्त देने का काम किया। वह दरख्वास्त देने के कारण मध्य प्रदेश में हमने जो सुविधा उपलब्ध कराई है, वहीं से, मंच से ही मुख्य मंत्री ने घोषणा की कि इनकी डायलिसिस के पूरे खर्च की व्यवस्था सरकार उठाने वाली है। यह तो एक प्रकरण की बात है। किन्तु इस तरह से हजारों लोग जो परेशान हो रहे हैं, यह जो किडनी है, अगर किडनी का काम करना बंद हो जाए तो उस आदमी का जीना मुश्किल हो जाता है। मुझे ऐसे कई लोगों का पता है, जिनको डायलिसिस की सुविधा मिल गई है। वे वर्षों तक अपनी जिंदगी को जीने का काम कर रहे हैं। निश्चित रूप से ये सुविधाएं माननीय मंत्री जी ने घोषित की हैं कि राष्ट्रीय डायलिसिस सेवा कार्यक्रम के तहत यदि जिला अस्पतालों तक पहुंच जाएगी तो एक बहुत बड़ा सेवा का काम होगा।

इसी प्रकार से गरीबों को बीमे की सुविधा की बात कही गई। वह जो बीमा है, अब उसको एक लाख तक बढ़ा दिया गया है। यह जो राशि है, यह बड़े लोगों को सुनने में कम लगती है, किन्तु पहले जब यह नहीं था, तब उसके कारण बहुत ज्यादा मुश्किलें हो गई थीं। मैं उम्मीद करता हूँ कि इस बीमा का लाभ गरीब वर्ग के लोगों को, वंर्चित वग के लोगों को, अनुसूचित जाति के लोगों को, अकल्लियत वर्ग के लोगों को मिलेगा, क्योंकि वही लोग होते हैं, जिनको इसकी जरूरत होती है। मैं मानता हूँ कि इतने पैसे से गंभीर बीमारियों का इलाज नहीं हो सकता है। हमारे यहां इलाज की जो पद्धति है, वह तीन पद्धतियों में बंटी हुई हैं। हर जगह इस प्रकार का विभाजन हुआ है। यदि आप शिक्षा के क्षेत्र में देखेंगे, तो पाएंगे कि बड़े लोगों की शिक्षा बड़ी महंगी होगी, गरीब लोगों की शिक्षा गरीब जैसी होगी। ऐसा लगता है कि शिक्षा का यह जो अंतर है, उसको बनाए रखना प्रजातंत्र के सिद्धांतों के विपरीत है। गंभीर बीमारियों के इलाज में बहुत पैसा लगता है। बड़े-बड़े अस्पतालों में फाइव स्टार की सुविधाएं उपलब्ध हैं, वहां पर अगर किसी को हार्ट का ऑपरेशन कराना हो या उसका इलाज कराना हो, तो उसको 5-10 लाख रुपए लगेंगे। अब एक गरीब आदमी 5-10 लाख रुपए कहां से लेकर आएगा? मेरा यह कहना है कि जब हम बड़े-बड़े अस्पतालों को बड़ी-बड़ी सुविधाएं देने के काम में प्रोत्साहन देने का काम करते हैं, उन्हें जमीन देने का काम करते हैं, बिजली, पानी तथा बाकी की सुविधाओं को उपलब्ध कराने का काम करते हैं, तो ऐसे बड़े अस्पतालों में जरूरतमंद लोगों के लिए भी स्थान तय करना चाहिए। ये स्थान तय तो होते हैं, किन्तु मिलते नहीं हैं, इसलिए इन सारी बातों को करने के लिए हमें उपाय करने चाहिए। इसमें जिम्मेदारियां इस तरह से हो गई हैं कि हम इसको कभी राज्य सरकारों पर डाल देते हैं, कभी केन्द्र सरकार उसको मानने को तैयार नहीं होती है। ऐसे में न केन्द्र करता है और न राज्य करता है और गरीब आदमी परेशान होता रहता है। मेरा यह कहना है कि हमने बड़े-बड़े अस्पतालों को जो जमीन दी है, उनको जो प्राथमिक सुविधाएं दी हैं, उन सुविधाओं के आधार पर यह बात तो जरूर होनी चाहिए कि हम जरूरतमंद लोगों को उस प्रकार की सेवाओं का लाभ देने का काम कर सकें।

जो गरीब और मध्यम वर्ग के लोग हैं, वे तो सरकारी अस्पतालों में जाते हैं और जैसा अभी कहा गया है कि "एम्स" में दिखाने के लिए लंबी कतार होती है। मुझे "एम्स" में जाने का मौका मिला, मैं लगातार एक सप्ताह तक उसमें जाता रहा और मैंने वहां पर देखा कि हजारों लोग बतरतीब और बेबस होकर अपने इलाज की प्रतीक्षा करते थे। यह बात अलग है कि वहां पर जो डॉक्टर्स थे, वे शिद्दत के साथ सारी बातों को करने के उपाय करते थे, किन्तु एक मरीज को देखने के लिए, समझने के लिए जितना समय चाहिए, उतना समय तो नहीं मिल पाता है, इसलिए इन सारी सुविधाओं का विस्तार करना बहुत जरूरी है। इस तरह के अच्छे लोग, specialised लोग कहां से मिलेंगे? ऐसे लोगों को तैयार करने के लिए, जैसा अभी कहा गया कि और मेडिकल कॉलेज खोलने की आवश्यकता है। दूसरी तरफ इन मेडिकल कॉलेजों में जिस तरह भर्ती करने का काम होता है, वह एक करिश्मे जैसा होता है। यह बात अलग है कि जो लोग परीक्षा में पास करके चले जाते हैं, उनको कॉलेज में जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, उनको वे सारी सुविधाएं वहां मुहैया नहीं हो पाती हैं। वहां के छात्रावास ठीक प्रकार के नहीं होते हैं। मुझे इसके बारे में पता है, क्योंकि मेरी बेटी ने भी जब एमबीबीएस का कोर्स किया था, उस वक्त उसको होने वाली जो कठिनाइयां और असुविधाएं थीं, उनको मैंने देखा और समझा है। उस आधार पर मैं कह सकता हूँ कि ऐसे जो छात्रावास हैं, उन छात्रावासों को छात्रावासों की तरह निर्मित करना चाहिए। उन छात्रावासों को छात्रावासों की तरह निर्मित करने के लिए सरकार विशेष प्रकार के उपाय करे और कम से कम जो सामान्य सुविधाएं हैं, वे सुविधाएं उन छात्रावासों में मिलनी चाहिए। वहां पीने के पानी की व्यवस्था ठीक प्रकार से हो, नहाने की सुविधा ठीक प्रकार से हो, वहां प्रकाश की व्यवस्था ठीक प्रकार से हो। इस प्रकार से संपूर्ण छात्रावास बनाने की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि जो विद्यार्थी मेडिकल प्रोफेशन में जाने वाला है, उनको दिक्कतों का सामना न करना पड़े। हमें उनके विकास के बारे में जरूर ध्यान देना चाहिए। यदि हम इस प्रकार की सारी बातों को करने के लिए उपाय करेंगे, तो यह अच्छा होगा।

एमडी की जो परीक्षाएं होती हैं, उनमें भी कैपिटेशन फी की बात आ गई है। उनमें एक करोड़ रुपए तक कैपिटेशन फी की बात आ रही है। अब कोई एक करोड़ रुपए कैपिटेशन फी देगा, तो फिर वह क्या सेवा कर सकेगा? प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में जो कैपिटेशन फी होती है, वह बहुत ज्यादा होती है। उसमें जर लगता है, जरिया लगता है, इन सारे प्रयासों के बाद बहुत हीला-हवाली के साथ सारी बातें होती हैं। क्या इसको करने के लिए कोई आसान तरीका नहीं हो सकता है? हम अपने देश में नए डॉक्टर तैयार करना चाहते हैं, तो ऐसे डॉक्टर तैयार करने के लिए सरकार को विस्तार करना चाहिए। सरकार को चाहिए कि निजी क्षेत्र में काम करने वाले जो अस्पताल हैं, जो शिक्षण सस्थाएं हैं, उनके साथ मिल कर कुछ इस प्रकार की प्रणाली विकसित करे, जिससे यह जो आम-आदमी के साथ बेईमानी होती है, जो शोषण होता है, उससे वह मुक्ति पा सके और अपने बच्चों को पढ़ाने का उपाय कर सके। यदि कोई बच्चा 50 लाख या 60 लाख रुपए देकर एमबीबीएस कोर्स में प्रवेश पाएगा, तो जब वह नौकरी में आएगा, तो वह भी उसी प्रकार कमाएगा। वह सेवा करने का काम नहीं कर सकेगा। ऐसी परिस्थितियों में आम लोगों की सेवा के लिए यह बहुत जरूरी है कि इस मेडिकल प्रोफेशन में जाने वाले लोगों को निश्चित रूप से मौका मिलना चाहिए, खुला मौका मिलना चाहिए और एक स्तर तक उसकी जाँच-परख करने के बाद, परीक्षाओं में पास हो जाने के बाद, एक एंट्रेंस एग्जामिनेशन हो जाने के बाद, एक कट-ऑफ लिस्ट बनाने के बाद उसको प्रवेश लेने के खुले मौके होने चाहिए। यह काम सरकारी

[डा. सत्यनारायण जटिया]

और निजी क्षेत्र में साथ-साथ चलना चाहिए, अन्यथा कोई मानने को तैयार नहीं होगा। इसी तरह से, जो मेडिकल प्रोफेशन एक व्यवसाय के रूप में हो गया है, जो सेवा का एक जरिया माना जाता था, वह नहीं रह पाएगा।

अगर गाँवों में सुविधाओं के बारे में बात की जाए, तो हम देखते हैं कि गाँवों में सुविधाएं कम हैं। अभी कुछ आशा जगी और उस आशा के अंतर्गत महिलाओं के बारे में जो बात कही गई है, वह बहुत चिन्ताजनक है। महिलाओं के बारे में जो अपेक्षा होती है, जब वह अपने पिता के घर में होती है और गरीब और मध्यम वर्ग के घर में होती है, तो निश्चित रूप से उसको कोई आराम या सुख मिल पाना मुश्किल ही होता है, क्योंकि वह अपने माँ-बाप के कामों में हाथ बँटाती है। वह अपनी माँ के साथ खेतों में जाकर काम करती है और उसके साथ-साथ अपने घर के बाकी के काम भी करती है। यह बात अलग है कि अभी हमारे प्रधान मंत्री जी ने कुकिंग गैस का कनेक्शन देने का जो काम किया है, वह अद्वितीय काम हुआ है। गाँवों में रहने वाली करोड़ से ज्यादा महिलाएँ, जो कंडे और गाँव के जलावन का उपयोग कर धुएँ में काम करती थीं और जिनके कारण उनकी आँखें और फेफड़े खराब हो जाते थे, उनसे उनको कुछ राहत मिलेगी। ऐसा लगता है कि हम आगे भारत का जो निर्माण करने जा रहे हैं, वह स्वस्थ भारत का निर्माण करेंगे, स्वच्छ भारत का निर्माण करेंगे और इन स्वास्थ्य की सुविधाओं के आधार पर ग्रामीणों को निश्चित रूप से सुविधाएँ देने का काम करेंगे।

मैं अभी महिलाओं की बात कर रहा था। जो लड़की पैदा होती है, जिसकी शादी हो जाती है, उसको शादी के बाद अपनी पीहर या मायके में बहुत ज्यादा मौका नहीं मिलता। वह जैसे ही शादी के बाद अपने ससुराल जाती है, तो वहाँ वह फिर मुश्किल में पड़ जाती है। उसके साथ प्रायः जो बर्ताव किया जाता है, हालांकि ऐसा सब जगह नहीं होता, किन्तु अधिकांश जगहों पर ऐसा होता है कि वह चूंकि नई जगह पर आती है, नये संबंधों को बनाने का काम करती है, सबके दिल में अपने काम के आधार पर वह जगह बनाना चाहती है, पर उसमें बहुत देर हो जाती है और तब तक वह प्रसूता हो जाती है। प्रसूता होने के बाद वहाँ उसके लिए न खान-पान की सुविधा होती है और न उसके स्वास्थ्य के बारे में किसी को चिन्ता होती है। वह जैसे ही प्रसूता होती है, तो उसकी जाँच करने के उपाय वहाँ नहीं होते हैं। अगर पहले महीने में ही उसकी जाँच के ठीक प्रकार से उपाय हो जाएँ और हर महीने उसकी जाँच की कुछ व्यवस्था और प्रणाली कायम हो जाए, तो उसके लिए काफी सुविधा हो सकती है। वहाँ जो पीएचसी होता है, जिसका एक समय में अपना एक नाम रहा है, ऐसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अस्पतालों में बदलने का उपाय करना चाहिए। वहाँ सब प्रकार की सुविधा हो, उसके लिए उपाय करके हमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को निश्चित रूप से अधिकतम सशक्त बनाना चाहिए, जहाँ उपचार की सारी सुविधाएँ हों। यह बात अलग है कि जाँच करने के लिए कुछ वाहनों का प्रबंध किया गया है, किन्तु वे सरकारी वाहन सरकारी तरह से ही काम करते हैं। जब उनका कोई पहिया पंक्चर हो जाता है तो फिर वह पंक्चर ही रहता है, उसको ठीक करने के लिए किसी को फुर्सत नहीं होती है। यह मानव की भूल की तरह होने वाली चीज़ है, जिसके कारण जो सुविधा मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल पाती है। अगर प्रसूता को कोई भत्ता देने की बात हो जाए, आशा कार्यकर्ता के साथ उसको ले जाने का उपाय हो जाए, किसी साधन के माध्यम से वह अस्पताल पहुँच जाए और छः महीने तक उसकी ठीक प्रकार से

जाँच हो जाए, तो सातवें महीने में उसके गर्भ का ठीक प्रकार से स्थापन होना और उसके बाद प्रसूति का ठीक होना आसान हो जाएगा। अस्पतालों में प्रसूति होना बहुत अच्छी बात है और यह बढ़ा है, परन्तु उसको और बढ़ना चाहिए, क्योंकि जो बच्चे पहले के महीनों में पैदा होते हैं, उनमें से अधिकांश बच्चे जीवित नहीं रह पाते हैं। ऐसे बच्चों को पुनर्जीवन मिले, ताकि एक नया भारत ठीक प्रकार से तैयार हो सके, क्योंकि आने वाले समय में बच्चों का भारत होने वाला है। यदि हम स्वस्थ बच्चों का भारत बनाएँगे तो निश्चित रूप से हम स्वस्थ भारत बनाने के काम में मदद कर सकते हैं। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Kindly sit down. Go to your seats.

डा. सत्यनारायण जटियाः महिलाओं और शिशुओं का टीकाकरण भी होना चाहिए। शिशुओं के जन्म के बाद उनके टीकाकरण का काम निश्चित रूप से हो जाना चाहिए, अन्यथा उस पर ध्यान न देने से कुछ टीके लग पाते हैं और कुछ टीके नहीं लग पाते हैं, जिसके कारण बात पूरी नहीं हो पाती है। इसलिए बच्चों का टीकाकरण भी ज्यादा जरूरी है। इस प्रकार, आगे आने वाले समय में बाल विकास की दृष्टि से सारी योजनाएँ बनाई जानी चाहिए। जैसा कि मैंने कहा कि हमने स्कूलों के अंदर दोपहर के भोजन की व्यवस्था की है। मैं कहना चाहूँगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो महिलाएँ प्रसूता हो गई हैं, जो गरीब वर्ग के लोग हैं, जो जरूरतमंद लोग हैं, जो मेहनतकश हैं, यदि उनके भोजन का भी ठीक प्रकार का प्रबंध हमने किया, तो निश्चित रूप से वे सशक्त होंगी। हमारी जो बहनें हैं और बच्चियां हैं, उससे वे निश्चित रूप से सशक्त होंगी। सशक्त नारी से ही सशक्त भारत का निर्माण होगा। आज के इस प्रसंग पर बहुत सारी बातों को कहने का मौका है। यह विभाग कोई छोटा विभाग नहीं है। यह आयुष विभाग है। आयुष में हमने अभी कीर्तिमान स्थापित किया है। दुनिया में, विश्व में हमने "योग दिवस" मनाकर कीर्तिमान स्थापित किया है। ऐसे "विश्व योग दिवस" में योग से परिचित कराया गया, जो हमारे यहाँ विशुद्ध रूप से प्रसिद्ध है, हमारे यहां की मौलिक विधा है। योग और आसन को किस प्रकार से ध्यान में बदला जाता है, किस प्रकार से मनुष्य को कृतित्वान बनाया जाता है, "सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च। मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणाम्।" सभी प्रकार से, संयम से अपने आपको केन्द्रित करके किस प्रकार से हम अपनी शक्ति को ध्यान के द्वारा बढ़ा सकते हैं, यह विधा भी हमारे यहां पर है। आज के इस प्रसंग पर मैं पुनश्चः हमारे माननीय मंत्री जी को एक अच्छा बजट लाने के लिए और उससे सरोकार रखने के लिए धन्यवाद करता हूं तथा हमारा जो आयुष विभाग है, उसकी जो सारी योजनाएं हैं, जो पहले मंजूर नहीं हो पायीं, उन सारी योजनाओं को मंज़ूर करके आयुष की विभिन्न विधाओं में, आयुर्वेद की विभिन्न विधाओं में, यूनानी की विभिन्न विधाओं में, होम्योपैथी की विभिन्न विधाओं में, जितनी भी भारतीय विधाएं हैं, उनका विस्तार करना चाहिए। उनमें प्रामाणिक रूप से दवाएं और औषधियां मिल सकें, उनके प्रमाणीकरण की ठीक प्रकार से व्यवस्था होनी चाहिए और जनता का विश्वास अर्जित करना चाहिए कि ये जो दवाएं हैं, ये प्रामाणिक हैं तो निश्चित रूप से उन विधाओं में भी उपचार करने की सुविधा होगी और हमारा औषधि का और उपचार का जो विविधता का क्षेत्र है, उसको संबल मिलेगा। आपने जो समय दिया, उसके लिए मैं फिर से धन्यवाद करते हुए कहना चाहता हूं कि "सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित् दुःखभाग्भवेत्।"

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you. It is a very serious and important discussion. Due to constraint of time, I would like to confine myself to certain fundamental issues which the Ministry has to address.

Sir, I am happy that you are in the Chair. Thiruvalluvar, the philosopher and poet has said, "A nation is one which is free from hunger, which is free from ill-health and which is free from enemies." It means people should have access to food; people should have access to health care and health services. Any welfare Government should have these objectives, whether it is the BJP or the Congress or tomorrow somebody else.

Sir, having said that, what is the fundamental issue? The issue is our spending on health sector is not adequate. I draw the attention of the Minister to the Ninety-Second Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Health and Family Welfare. I quote:

"Despite India's economy today being one of the world's fastest growing and third largest in terms of Gross National Health Income, our health system continues to face a huge need gap in terms of access to adequate healthcare and availability of health professionals and facilities. India also has the dubious distinction of lagging behind countries like Nepal, Bhutan, Bangladesh, Peru, Maldives, China, Brazil, Thailand, Sri Lanka and Chile on important health indicators including child mortality and maternal mortality. If 63 million persons are faced with poverty every year due to health care costs alone (as per Draft National Health Policy, 2015), it clearly indicates that health care is moving away from the reach of the people in general and the poor in particular." This is part of a Report given by the Parliamentary Standing Committee. It is the 92nd Report, Sir. I want the Ministry to take note of this Report. Don't throw it away as being just recommendatory. This is the Report given by the Parliamentary Standing Committee. It clearly states what our position is.

Sir, our senior colleague, Mr. Ramakrishna, has referred to the spending on healthcare. He said that the National Draft Policy envisages 2.5 per cent of the GDP to be spent on health, but today, it is probably just 1.5 per cent. Ideally speaking, there is a demand; many well-meaning people are saying that India should spend around five to six per cent of its GDP on health. Sir, the Minister must take note of this. Let me read out the recommendations again — "The Committee notes that some major progammes/ schemes are likely to be affected as a result of a shortfall of Rs. 939.43 crores in Plan allocation for 2016-17. The Committee observes that constraints of funds should not come in the way of medical as well as health research." Sir, this is a part of the 94th Report on Demands-for-Grants, 2016-17; it is demand No. 43. The Minister should take note of this. Sir, I am not

giving my views; I am not giving my ideas. All these have been said by the Parliamentary Standing Committee. How would you take this forward? What action has been taken on the basis of the recommendations or observations made by the Parliamentary Standing Committee? This is what I would like to ask. Sir, it is not the Communist Party of India which is demanding that the Government should spend more on health. Today, the world economy is in a crisis. The Indian economy is in a crisis. Everybody knows that.

Sir, I have differences with the International Monetary Fund. I have been fighting against their policies at all levels, but here, I must refer to what the IMF has said. The IMF has observed that neo-liberal economic policies have led to unprecedented inequality in all countries. In such a situation, when the economy is in a bad shape, the Government should spend more on the social sector. That includes education and health. Now, I would like to ask the Government of India what their spending on health is. What is happening on the other hand is that commercialization of health services and health facilities is taking place. The private sector has emerged in a big way. Is there any regulatory mechanism to see to it that the private sector makes healthcare accessible to large sections of the people, particularly the poor? Where is the mechanism to regulate private healthcare units? They should also abide by certain policies of the Government. They should give access to poor people in private hospitals. Where is the mechanism? But commercialization of health services and healthcare is encouraged. There is outsourcing of services. Even in an Institute like the All India Institute of Medical Sciences, outsourcing is allowed. How can you allow such outsourcing of health services? You talk about PPP. What do you mean by Public Private Partnership in the health sector? You make it clear to the people of the country what you mean by Public Private Partnership in health. How can people have access to health services? That is my question. In the name of PPP model, you cannot allow people to be at the mercy of some private entities or establishments.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Mr. Raja, please conclude.

SHRI D. RAJA: I know there are certain regulations in some States. I can even refer to a State like Tamil Nadu and they prescribe that some percentage should be given for poor people. But is there any national level policy? On one side, you allow commercialization, privatization of health services and healthcare. What is the role of the Government? What is the responsibility of the Government? You talk about all Medical Councils, Medical Council of India, Dental Council of India, Pharmacy Council of India and, then, Nursing Council of India. They are all governed by Parliament Acts. But, what is happening in those Councils? Now, I am not going into details. About Medical Council

[Shri D. Raja]

of India, what Supreme Court of India has done, I am not entering into that. But one of the leading national dailies, long back wrote an editorial calling Medical Council of India as *. * is a big issue in all these Councils. How is it going on for years? I am not accusing one Government. This is an issue which successive Governments have failed to root out and there is corruption in all these Councils and there lies the problem.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Kindly conclude, Mr. Raja.

SHRI D. RAJA: Now, I come to the last point, that is, about our medial colleges, hospitals where we will have to deal with faculties, students, nurses and all medical personnel. But is the reservation policy properly implemented and have you made any review as to how the doctors or nurses are treated in prestigious Government institutions even in case of All India Medical Institute? Sir, there is discrimination at all levels and Thorat Committee was appointed by the Government. What action have you taken on the basis of Thorat Committee on the issue of discrimination in All India Institute of Medical Sciences? I can go on giving examples like this. So, these are all certain fundamental issues which any Government will have to address. Sir, Education for All, Healthcare for All must be the objective, must be the goal for any Government which is worthy of calling itself as welfare Government. Are you prepared to face this challenge? That is what we should discuss.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Please conclude, I have to call the next person.

SHRI D. RAJA: Sir, due to time constraints, I am not entering into big arguments quoting several reports. I have got all Reports of the Standing Committee. I request the Ministry to, at least, take note of observations or recommendations of the Standing Committee, in all the Reports. Thank you, Sir.

SHRI RANJIB BISWAL (Odisha): Sir, as we all speak on the functioning of the Health Ministry, I remember a saying which says, "Healthy citizens are the greatest asset, any country can have". This is the only Department which directly impacts all the citizens of India. In its zeal to prove the physical prudence, the Health Ministry has been the greatest casualty. Sir, I would like to know from the hon. Minister can he justify the budgetary cut on heath sector, which has been happening for the last two successive years? Sir, public health spending in India is around one per cent of the GDP and is the

---

*Expunged as ordered by the Chair.

lowest when compared to other countries like China, Brazil, the UK and the USA and it is far below what World Health Organisation's recommendations are, which is at 5 per cent. Sir, in fact, the Government healthcare outlay is stagnant at around ₹33,000 crores and has not translated to increase from 1.2 per cent of the GDP to 2.25 per cent of the GDP as suggested in the Draft National Health Policy. Sir, in 2014, the Budget for the health sector was slashed by 20 per cent and it came down to ₹ 35,000 crores. In 2015, it was further slashed and it was brought down to ₹33,000 crores. In a country which has a population of 125 crores, we are not able to spend one per cent of the GDP on health sector, that is really alarming. The slash of the Budget has been done despite the fact that India's health system has been ranked at 112 out of 190 by the WHO.

Sir, due to time constraints, I would only highlight a few points, and then, I will conclude. India's out-of-pocket expenditure is one of the highest in the world, and the same has risen from 60 per cent in 2012 to 78 per cent in 2015. This shows that a poor man has to pay huge cash to get himself treated in private hospitals. The impact on the Budgetary costs has been a double-attack. In States, the fund crunch has affected the Public Health Delivery at the primary level too. The expenditure of the National Health Mission, which supports a network of Accredited Social Health Activists (ASHA), to provide basic services, is down by 20 per cent. The Integrated Child Development Service Scheme which provides nutrition and other services to pregnant mothers and infants show a 50 per cent reduction which has a serious implication on Child Nutrition. Sir, there has been a reported shortfall of ₹109 billion in the ICDS Programme where 7,067 operational projects of ICDS and 13.42 lakhs of Anganwadi Centres are facing closures now. The Budget for HIV and AIDS has gone down from ₹1785 crores to ₹1395 crores which is a severe assault on the Indian battle on AIDS. Besides cutting down the Budgetary Support to NHM and AIDS, as many as 13 Centrally Sponsored Schemes have not been allocated any separate fund for the year 2015-16. For instance, with respect to Trauma Care, the Health Ministry had asked for Rs.472 crores. None was allotted. Again, as regards the National Programme on Prevention and Management of Burn Injury, to create more number of special burn wards in Government hospitals, they had asked for ₹171 crores. Nothing has been allotted for that. Even as regards the National Tobacco Programme, where we talk about cancer and cancer-related diseases from tobacco, this has also not been given any money. It is a thumbs-down. Sir, the National Health Policy stands to get no support from the Central Government. The most critical scheme, facing uncertainty, is the National Programme for Prevention and Control of Cancer, Diabetes, Cardiovascular Diseases and Strokes. The others in the list include the Programme of All-Inclusive Care for the Elderly, Prevention of Blindness, Human Resources Development and Telemedicine.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Kindly try to complete.

SHRI RANJIB BISWAL: The Ministry has stated that all these 15 Schemes will now be under the NHM. When there is a reduction in the Budget, how will the NHM carry forward all these Schemes?

Now, I come to another point. I am a Member of the Standing Committee on Health and Family Welfare. We have been repeatedly discussing about the Department of Health and the Department of Family Welfare. Sir, the MCI is a den of corruption. As we are all aware, in 2010, the CBI raided Dr. Ketan Desai and he was suspended by the MCI in October, 2010 following his arrest by the CBI. You will be surprised, Sir, that he will now be a part of the Statutory Body that presides over the medical, educational and professional ethics of physicians in the country.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Please conclude.

SHRI RANJIB BISWAL: Secondly, a Parliamentary Panel has highlighted gross financial irregularities and rampant corruption in the appointment of medical staff in the country's premier medical institution, AIIMS. Despite unveiling of corruption cases at AIIMS at regular intervals, the Ministry has done away with the regular Chief Vigilance Officer at AIIMS and has assigned the Joint Secretary to look into corruption cases. Sir, thirdly, there is vast irregularities involving senior officials and doctors at AIIMS. There have been a number of instances where people have been admitted under sports quota etc.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E. M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Please conclude.

SHRI RANJIB BISWAL: Sir, I would like to conclude, but I would like to draw your attention to MCI, the corruption part of it. Sir, you will be astonished to know this that a radiologist doing post graduation in a south medical college has paid ₹ 7 crores as donation to get admission and do PG on Radiology. Sir, if this is the amount of money a student pays to become a doctor, then, I am afraid what will happen to the health of the people of this country.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E. M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Please conclude. Don't ask for time. Kindly conclude.

SHRI RANJIB BISWAL: Sir, I am concluding by saying...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E. M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Shri Ramdas Athawale.

SHRI RANJIB BISWAL: Sir, you are not allowing me to conclude also. Sir, can I conclude? *...(Interruptions)...*

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*)

Sir, this Government came to power with a slogan, "सबका साथ, सबका विकास" I want to know from the Government, किसका विकास हो रहा है और किसके साथ यह गवर्नमेंट है? हेल्थ में इतना घपला हो रहा है। Health is going down day-by-day and the Government is not able to control the health of its Health Ministry! Thank you.

श्री रामदास अठावले (महाराष्ट्र): माननीय उपसभापति महोदय, आज स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के कामकाज संबंधी बहुत इम्पॉर्टेंट विषय पर चर्चा चल रही है। मंत्री जी, स्वास्थ्य बिगड़ने का कारण यह है कि गरीबों को जीने के लिए जो उपयुक्त खाना मिलना चाहिए, ताजी सब्जियां मिलनी चाहिए, उनको वे नहीं मिलती हैं। मेरा सरकार से यह निवेदन है कि जिन लोगों को जीने के लिए खाना नहीं मिलता है, सबसे पहले उनको खाना देने के संबंध में कोई योजना बनानी चाहिए।

किडनी फेल होने वाले मरीजों की संख्या 2,25,000 तक है। सरकार ने अभी 3000 दवाई की शॉप्स खोलने का निर्णय लिया है, लेकिन सरकारी अस्पतालों में जो दवा लिखी जाती है, वह दवा मिलती नहीं है। बहुत बार पेशेंट के अटेंडेंट्स को यह कह दिया जाता है कि यह दवा खत्म हो गई है या यह इंजेक्शन खत्म हो गया है, लेकिन उस अस्पताल की दवा दवाई की दुकान पर पहुंच जाती है और फिर वहां से उनको वह खरीदनी पड़ती है। यह काम बहुत जगह पर हो रहा है।

नड्डा जी, मुझे लगता है कि जहां सरकारी अस्पताल हैं, जब वहां दवा खत्म होती है, उससे पहले ही उसे मंगवाने की प्लानिंग होनी चाहिए। जो मरीज़ एडमिट हैं, उन मरीज़ों को दवा देने का काम सरकार का या अस्पताल का है। ऐसा कैसे हो सकता है कि दवा खत्म हो गई और पहले से मंगवाई नहीं गई? दवा खत्म करते-करते वे पेशेंट को भी खत्म कर देते हैं। मुझे लगता है कि इस पर थोड़ी गंभीरता की जरूरत है। यह काम पहले से ही चला आ रहा है। जब वहां की सरकार थी, तब भी ऐसा चलता था और अब यहां की सरकार है, तब भी यह चल रहा है। हां, इस सरकार के आने के बाद यह थोड़ा कम हुआ है, लेकिन जिस तरह आपका ध्यान गरीबों की तरफ होना चाहिए, उस तरह नहीं है।

उपसभापति महोदय, हमारे देश में भ्रूण हत्या हो रही है। अपने बेटों की शादी के लिए सबको लड़की चाहिए, बहन चाहिए, मां चाहिए, लेकिन जब डॉक्टर चेक करके यह बताता है कि गर्भ में लड़की है, तो लोग उसकी भ्रूण में ही हत्या करवा देते हैं। भ्रूण हत्या पर कठोर कानून लागू होना चाहिए। जो डॉक्टर इस तरह का काम कर रहे हैं, उन डॉक्टर्स के लाइसेंस को कैंसिल करने की आवश्यकता है।

[श्री रामदास अठावले]

महोदय, अगर आप प्राइवेट अस्पताल में जाते हैं, तो दो-तीन दिन में ही, दो लाख, तीन लाख या पांच लाख का बिल बना दिया जाता है। ठीक है, अस्पताल चलाने के लिए पैसा लेना जरूरी है, लेकिन अस्पताल चलाने के लिए लोगों को लूटने का काम नहीं करना चाहिए।

डिप्टी चेयरमैन साहब, आपको भी अनुभव होगा, चाहे केरल में हो या महाराष्ट्र में हो, अगर कोई पेशेंट प्राइवेट अस्पताल में एडमिट होने के लिए जाता है, तो वहां के डॉक्टर बोलते हैं कि पहले 50,000 रुपये भरो, 20,000 रुपये भरो, 30,000 रुपये भरो। वहाँ पैसा देना पड़ता है, यह बात सही है। नड्डा जी से मेरा यह कहना है कि उस डॉक्टर को पैसे की आवश्यकता है, हम यह समझ सकते हैं, लेकिन अगर इस तरह का कोई पेशेंट आता है और अगर उस पेशेंट के पास अभी पैसा नहीं है, तो उसे एडमिट कर लेना चाहिए, उसे ट्रीटमेंट देना चाहिए। अगर वह पैसा देता है, तो ठीक है और अगर नहीं देता है, तो आपको देना चाहिए, सरकार को देना चाहिए। आप इस तरह की भी कोई स्कीम लाइए। आपने अभी 1 लाख रुपये के बीमा की स्कीम बनाई है और उसमें 30 हजार रुपये की बढ़ोत्तरी भी आपने की है, लेकिन यह बीमा योजना दो-ढाई लाख की होनी चाहिए। गरीबों को ज्यादा से ज्यादा तकलीफ न हो, इसके लिए हम लोगों को काम करना चाहिए। हम इन पेशेंट्स की मदद करें। ये सभी पेशेंट्स हमें वोट देने वाले हैं। जो लोग बीमार होते हैं, ये बीमार लोग ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करते हैं, क्योंकि कल क्या होगा, मालूम नहीं है। इसलिए मुझे लगता है कि सरकार की तरफ से इनकी मदद करनी चाहिए। यह सरकार एक नयी सरकार है, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है, सबको साथ देने वाली सरकार है और सबका विकास करने वाली सरकार है। 'सबका साथ और सबका विकास', यानी उनका भी साथ, इनका भी साथ और सब लोगों का साथ मिला है। नड्डा साहब, यह मंत्रालय आपको मिला है। आप एक अच्छे मंत्री हैं, लेकिन सिर्फ अच्छा मंत्री होने से काम नहीं चलेगा, मतलब पैसा भी होना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा बजट नयी सरकार की तरफ से लेकर आपको लोगों की मदद करने की आवश्यकता है।

उपसभापति महोदय, मैं इतनी अपेक्षा करता हूँ कि मंत्री जी जरूर गरीबों को न्याय देने का काम करेंगे और जो लोग बीमार हैं, उनको बचाने का काम करेंगे। अगर हम बीमारों को बचाने का काम नहीं करेंगे, तो अपनी सरकार का काम ये लोग नहीं कर सकते। इसीलिए यह इनको बचाने का भी काम है। ...(**व्यवधान**)... यह काम ये करेंगे, तो यह सरकार बच जाएगी। ...(**व्यवधान**)... कांग्रेस वालों, तालियां मत बजाओ। 15 साल तक तुम्हारा नम्बर लगने वाला नहीं है। ...(**व्यवधान**)... तालियाँ बजाओ। ...(**व्यवधान**)... तालियाँ बजाने का ही ...(**व्यवधान**)... तालियाँ बजाओ। हम पहले तालियाँ बजाते थे। ...(**व्यवधान**)... अभी आपके ऊपर तालियाँ बजाने का वक्त आया है। ...(**व्यवधान**)... ठीक है ...(**व्यवधान**)... नहीं, नहीं। ...(**व्यवधान**)... मेरा तो उधर जोन का मतलब ही नहीं है। मैं तो इधर ही रहूँगा और मैं आपको उधर ही रखूँगा। ...(**व्यवधान**)... मंत्री पद की बात नहीं है। मंत्री पद मुझे मिले या न मिले, मैं नरेन्द्र मोदी जी के साथ हूँ। ...(**व्यवधान**)... इसीलिए, मैं मंत्री पद के लिए इधर नहीं आया हूँ। आप लोगों ने मंत्री पद नहीं दिया था। मैं पाँच साल राह देख कर इधर आया हूँ। ...(**व्यवधान**)... यह मंत्री पद का विषय नहीं है, मंत्री पद का काम नहीं है।

डिप्टी चेयरमैन सर, मैं ज्यादा वक्त न लेते हुए इतना ही बताना चाहता हूँ कि:

6.00 P.M .

"जब गरीबों का बिगड़ जाता है स्वास्थ्य,
जो दवा के बिना उनका हो जाता है अस्त।
लेकिन, डॉक्टर लोग रहते हैं मस्त,
और गरीबों का हो जाता है अस्त।"

तो उनकी जिन्दगी खराब हो जाती है। यह ठीक बात है कि हम सब लोग मिल कर देश को मज़बूत करने के लिए आदमी को मज़बूत करेंगे, बीमार आदमी को ज्यादा से ज्यादा दवा देने का काम करेंगे, इंजेक्शन देने का काम करेंगे और हम उनको स्वस्थ करने का काम करेंगे। जय भीम, जय भारत।

डा. विजयलक्ष्मी साधौ (मध्य प्रदेश): सर, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान बोलने का अवसर दिया है।

महोदय, चूँकि हम सब आखिर में हैं, इसलिए अब तक बहुत सारी चीज़ें काफी माननीय सदस्य यहाँ पर बोल चुके हैं। स्वास्थ्य राष्ट्रीय सुरक्षा का एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। किसी भी देश का विकास तभी सम्भव है, जब इस देश की जनता का स्वास्थ्य सही और ठीक-ठाक हो। आदरणीय गुलाम नबी आज़ाद जी ने अपने भाषण में, यूपीए-। और यूपीए-॥ की जो योजनाएँ स्वास्थ्य के क्षेत्र में हैं और उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो आयाम खड़े किए हैं, सभी पहलुओं को उनमें शामिल किया। मैं आदरणीय मंत्री जी का धन्यवाद करती हूँ कि उसी को आगे बढ़ाते हुए, वे इस पर कार्रवाई कर रहे हैं।

महोदय, आज मेडिकल का पेशा कॉमर्शियल हो गया है। गरीबों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएँ और अमीरों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएँ दोनों में बहुत फर्क़ है, जमीन-आसमान का फर्क़ है। अगर कहीं सबसे ज्यादा पैसा खर्च होता है, तो वह स्वास्थ्य सुविधाओं में खर्च होता है। गम्भीर बीमारियाँ अप्रत्याशित और बड़े खर्च का अकेला सबसे महत्वपूर्ण कारण होती है, जो प्रति वर्ष लाखों परिवारों को गरीबी रेखा से नीचे ले जाती हैं। यह स्वास्थ्य के कारण ही होता है कि काफी लोग गरीबी की रेखा के नीचे चले जाते हैं। गरीब आदमी अपने बच्चों के स्वास्थ्य के लिए, अपनी बीवी के स्वास्थ्य के लिए अपने गहने, अपनी थोड़ी बहुत जमीन जो उसकी एक बीघा हो, दो बीघा हो, तक वह गिरवी रख देता है और उसके कारण वह गरीबी रेखा में आ जाता है। पहले कैंसर, डाइबिटीज और हार्ट-ये जो बीमारियां थीं, ये सब बड़े लोगों की बीमारियां होती थीं। कह देते थे कि जो बड़े लोग हैं, जो पैसे वाले लोग हैं, ये बड़ी-बड़ी बीमारियां उनको ही होती हैं। लेकिन आज जिस तरह से ग्लोबलाइजेशन का मामला है और जिस तरह से टेंशन दिन-प्रतिदिन बढ़ जाती है, उसके कारण आजकल ये बीमारियां गरीबों के अंदर भी दिन-प्रतिदिन तेजी से बढ़ती जा रही हैं। अगर हम कहें तो भारत एक तरह से इन बड़ी-बड़ी बीमारियों का एक घर बन गया है और कई मामलों में ये बीमारियां नम्बर वन पर पहुंच गई हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, चिकित्सा के क्षेत्र में हमारे यहां काफी अच्छे-अच्छे डॉक्टर्स रहे हैं। लेकिन कहीं-न-कहीं हमारी पॉलिसी कहें या जिस तरह से माननीय सदस्यों ने कहा कि एक डॉक्टर को बनने के लिए 25, 30, 50 लाख या 60 लाख तक खर्च करने पड़ते हैं, तो वह डॉक्टर भी उस खर्च किए गए पैसे को वापस लेने का उपाय करता है तथा कैसे वह कमाता है? इसलिए या तो वह

[डा. विजयलक्ष्मी साधौ]

बड़े-बड़े हॉस्पिटल्स में जाता है या वह अन्य देशों में अपना धन उपार्जन करने के लिए जाता है, जिसके कारण हमारे इस देश के अंदर बहुत सारी प्रॉब्लम्स खड़ी हो गई हैं और हमारे सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 यहां तक कि डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल्स और मेडिकल कॉलेजेज़ में भी फैकल्टी की बहुत कमी हो गई है। चाहे हम सर्जन देखें या मेडिकल के डॉक्टर्स देखें, हर अस्पताल में चाहे वह डॉक्टर हों, चाहे पैरा मेडिकल स्टॉफ हो, इनकी दिन-प्रतिदिन कमी होती जा रही है। आजकल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस अनेक अस्पताल हो गए हैं। कुछ अस्पताल भारत को एक तरह से मेडिकल टूरिज्म में ऊपर लेते जा रहे हैं और यह मेडिकल टूरिज्म के आकर्षण का केन्द्र बन गया है, क्योंकि आज दुनिया भर के रोगी यहीं आते हैं क्योंकि यहां सस्ता इलाज मिलता है, हार्ट के ऑपरेशन भी सस्ते होते हैं बाकी भी जो इलाज होता है वह बहुत सस्ता होता है, इसलिए दूसरे देश के लोग आजकल भारत आने लगे हैं। बावजूद इसके देश के ज्यादातर लोगों की पहुंच के बाहर यह इलाज हो गया है, क्योंकि गरीबी रेखा के नीचे उनको यह इलाज की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है। चूंकि तेजी से हमारी आबादी बढ़ती जा रही है, जरूरतों को पूरा करने के लिए देश की जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा है, वह कहीं-न-कहीं असमर्थ होती जा रही है। माननीय मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि इस दिशा में भी ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। ऐसे में जो हमारी बुनियादी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं हैं, उनको पर्याप्त मदद की जरूरत होती है, जिसको देखने की हमें नितांत आवश्यकता है। केन्द्र और राज्य सरकारों को भी ऐसे कदम उठाने चाहिए, ताकि तत्कालीन और दीर्घकालीन स्वास्थ्य सेवाओं का भी भार लोग वहन कर सकें।

आजकल प्राइवेट हॉस्पिटल और प्राइवेट मेडिकल कॉलेज खुलते जा रहे हैं और खुलने भी चाहिए। इसमें से ज्यादा से ज्यादा पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टर्स निकलें और लोगों को सुविधाएं दें, लेकिन देखने में यह आ रहा है कि राज्य सरकार का मैटर कह कर जो जमीनें प्राइम लोकेशन पर इन इंस्टीट्यूट्स को दी जाती हैं, वहां पर ये सिर्फ अपना व्यापार करने के लिए न हों - चाहे वह मेडिकल कॉलेज खुले, चाहे प्राइवेट हॉस्पिटल खुले, चाहे क्लीनिक खुले - इसमें कहीं न कहीं ऐसे रूल्स बनाने चाहिए, जिससे गरीबों का समय पर सही तरीके से इलाज हो सके, उनका कोई खर्चा भी न लगे। इस तरह का कुछ परसेंटेज गरीबों के लिए भी निर्धारित करना चाहिए। वैसे ये गरीबों को सुविधा देने की बात करते हैं, लेकिन उसका क्रियान्वयन नहीं होता। आप जो कह रहे हैं कि सही बात है, उसमें लिखा जाता है कि इतना परसेंटेज गरीबों को भी इलाज में मिलना चाहिए। लेकिन सही मायने में उसका क्रियान्वयन नहीं होता है। इसलिए माननीय मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि क्रियान्वयन सही तरीके से हो, जिस पर वे ध्यान देने की कृपा करें। गरीब आदमी अपने गहने बेच कर इन अस्पतालों में इलाज कराते हैं। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करती हूँ। महोदय, मैं अपने स्टेट की बात करना चाहती हूँ। हेल्थ मिशन, आईसीडीएस स्कीम, नेशनल एड्स कंट्रोल प्रोग्राम के बजट में कटौती कर दी गई। Centrally sponsored जो स्कीम्स हैं, उनका बजट काफी कम कर दिया गया है। मैं अपनी स्टेट के बारे में बताना चाहती हूँ। हमारी स्टेट के वित्त मंत्री का यह कथन है कि केन्द्रीय योजनाओं के फंडिंग पैटर्न में जो बदलाव किया गया है, उसका असर राज्य पर निश्चित तौर पर पड़ेगा और भविष्य में हम अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर योजनाओं का चयन कर अनुपयोगी योजनाओं को बंद भी करेंगे, क्योंकि केन्द्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 10 फीसदी बढ़ने का उतना

लाभ नहीं मिलेगा, जितनी हमने उम्मीद की थी। यह मैं नहीं कह रही हूँ। बल्कि यह मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री का कहना है। वहां पर आप ही की सरकार चल रही है, उनका यह कहना है। जिस तरह से आपने राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार का रेश्यो 32 से 42 बढ़ाने की बात की थी, इसके बारे में आपके ही एक मंत्री इस तरह के जवाब दे रहे हैं कि आप सारी केन्द्रीय स्पॉन्सर्ड योजनाएं खत्म कर रहे हैं। आप परसेंटेज़ जरूर बढ़ा रहे हैं, लेकिन जो जरूरत की चीज़ें हैं, जो जरूरत की स्कीमें हैं, वे बंद हो जाएंगी। मैं समझती हूँ कि इससे बहुत बड़ा नुकसान होगा। ...(**समय की घंटी**)... मध्य प्रदेश को 12.5 हजार करोड़ रुपए चाहिए, जो इसके अंतर्गत उनको बिल्कुल नहीं मिलेगा। उनको मात्र 9 हजार करोड़ रुपए मिलेंगे, जिससे मध्य प्रदेश सरकार की जो योजनाएं हैं, कहीं न कहीं वे ठप हो जाएंगी और इसका सीधा-सीधा असर गरीबों के लिए जो स्वास्थ्य की योजनाएं हैं, उन पर पड़ेगा। इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि मध्य प्रदेश के बारे में आप जैसे कहते हैं कि यह एक पिछड़ा हुआ प्रदेश है ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती विप्लव ठाकुर (हिमाचल प्रदेश): मध्य प्रदेश में इनका ससुराल है।

डा. विजयलक्ष्मी साधौः विप्लव जी कह रही हैं कि वहां पर आपका ससुराल है, तो वहां तो आपको ज्यादा ध्यान देना चाहिए। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं समझती हूँ कि मध्य प्रदेश में ज्यादा आबादी एससी, एसटी और माइनोरिटीज़ की है, इसलिए उनको न देखते हुए, बल्कि अपनी ससुराल को देखते हुए वहां ज्यादा से ज्यादा महत्व देने की आप विशेष कृपा करेंगे, यही निवेदन मैं आपसे कर रही हूँ, धन्यवाद।

DR. K.P. RAMALINGAM (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, I thank you very much for giving me this opportunity. Our Minister is a very good and healthy Minister but he is managing a very bad and sick Ministry. At the most, our Health Ministry is now in an ICU. He has to take care with all efforts.

Sir, in India, one person dies of stroke every minute. Every minute, in India, one person is dying of stroke! Every sixth person, below 40 years, is a victim of cancer or cardio-vascular disease. The economic burden of non-communicable diseases in India will be 6.2 trillion US dollars over the period of 2016-30. It is a WHO Report and it is not my report. What are we going to do on this?

Sir, I am having concern about three major issues. The first and foremost issue is our medical education. Today, in our nation, the medical education is fastly going to be a totally privatized affair. Our country now has 200 Government medical colleges, but private medical colleges are 222 in number. Out of 57,138 seats, 29,995 seats, almost 30,000 seats are covered by private medical colleges only. The Government of India is slowly losing its governance on the medical education. Yes, the Medical Council of India is not at all listening to the Government instructions. Not only that, even the Government suggestions are thrown into the dustbin. So far, the Medical Council of India has not been

[Dr. K.P. Ramalingam]

hearing any Government of India's instructions. It is very bad. Without the governance of the Government of India, so far, the Medical Council of India was running. But, now what has happened is, the Supreme Court has superseded the Government of India's power. The Supreme Court has appointed three Judges to supervise the Medical Council of India. It is a very, very bad situation arising in the medical field. The Government of India, with the support of other parties, should take stringent and strong action. Always, the democratically-elected Government must supervise and govern the Medical Council of India. Whether it is this side or that side, whichever may be the Government, the Government is supreme. The democratically-elected Government is supreme. The bureaucratic set up has never been supreme nor the Supreme Court because the Government of India is the people's representative. We must keep that in our mind. That is the ripe situation which has arisen now. Sir, I should be given some more time. Please don't ring the bell.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I didn't ring.

DR. K.P. RAMALINGAM: If, at all; I am anticipating. Sir, another major issue is, now, the Supreme Court has given a direction regarding the entrance examination for the medical students. This is encroachment upon the States' powers. If it happens like this, then, the States will lose their powers to do the necessary services for the people, their own people. Our State is having Tamil as the medium; Kerala is having Malayalam; Karnataka is having Kannada. Then, how can they go in for the CBSE exam? No, it is uncalled for. Not only that, Sir, the Supreme Court is encroaching upon the federal Constitutional rights given to the States. They are encroaching upon them. So, it should not happen. If, at all, anything happens, any judgement further comes from the Supreme Court, this House has to pass an order; this House must amend the Act. So, it should not happen. The States have a right to conduct their own exam, they have their own set up. Otherwise, the States will ask for autonomous status. They will go separate. They will divide themselves from the map of the nation. In 1960s, we argued that we want a separate State, we want a separate nation. That situation will come. Again, that tone and voice will come from all other States. So, the Government of India must be very careful about it.

The next issue is regarding the drug and pharmaceuticals. Shri Ramakrishna has spoken that manufacturing of the drugs and pharmaceuticals is under the Ministry of Chemical and Fertilizers. The quality control is with the Health Ministry. Today, everything is being done by the Health Ministry, but the Health Ministry is not having the power to fix the prices. The trading activities are controlled by the Commerce Ministry and the Corporate Ministry. It should come under one umbrella. What is the role of the

Drug Controller? The Drug Controller should be given autonomous power. That should come under the Health Ministry. That should come under the direct purview of the Prime Minister, then only it will be viable, then only the price will be lowered and the right people will be served.

Sir, the third point is very important, and it is regarding medical facilities to the poor people. Sir, in rural areas, we are telling that everyone should be given all health facilities. All Governments are saying this. But what is happening? The money is given to the States, but, whether they are utilising it properly or not, nobody knows. There are only announcements. Without doctors, without pharmacists, without lab-technicians, without nurses, 50 per cent of the rural Primary Health Centres are running in India. The existing Primary Health Centres are running without the doctors for thirty days, forty days. They are even on six months leave, one year leave, on medical leave. The doctors are flying abroad and the Primary Health Centre is lying vacant. The cattle are inside the Primary Health Centre. This type of thing is going on. We must be very careful. Every village must be covered by a mobile medical unit, with mobile laboratory. All the diagnostic tests should be there. ...*(Time-bell rings)*... At least, once in a month, the mobile laboratory should go to the village, then only the purpose will be served. Sir, I urge upon the hon. Health Minister to take care of all these things. Then only better health facilities will be given to every person. Thank you very much, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you very much. Now, message from Lok Sabha.

MESSAGES FROM LOK SABHA

(I) The Appropriation Acts (Repeal) Bill, 2016

(II) The Repealing and Amending Bill, 2016

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report to the House the following messages received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:

> "In accordance with the provisions of rule 101 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to inform you that the following amendments made by Rajya Sabha in the Appropriation Acts (Repeal) Bill, 2015 at its sitting held on the 27th April, 2016, were taken into consideration and agreed to by Lok Sabha at its sitting held on the 3rd May, 2016:-

ENACTING FORMULA

1. That at page 1, line 1, *for* the word "Sixty-sixth", the word "Sixty-seventh" be *substituted.*

CLAUSE 1

2. That at page 1, line 2, *for* the figure "2015", the figure "2016" be *substituted.*

THE SCHEDULE

3. That at page 2, line 34 be *deleted.*

4. That at page 11, line 53 be *deleted."*

(II)

"In accordance with the provisions of rule 101 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to inform you that the following amendments made by Rajya Sabha in the Repealing and Amending (Third) Bill, 2015 at its sitting held on the 27th April, 2016, were taken into consideration and agreed to by Lok Sabha at its sitting held on the 3rd May, 2016:-

ENACTING FORMULA

1. That at page 1, line 1, **for** the word "Sixty-sixth", the word "Sixty-seventh" be *substituted.*

CLAUSE 1

2. That at page 1, line 3, *for* the bracket, words and figure "(Third) Act, 2015", the word and figure "Act, 2016" be *substituted.*

THE FIRST SCHEDULE

3. That at page 2, lines 21 and 22 be *deleted."*

DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE— *Contd.*

श्री हुसैन दलवई (महाराष्ट्र): धन्यवाद उपसभापति महोदय, मैं दो-चार मिनट में अपनी बात रखूंगा। यहां पर जो चर्चा हुई, उसके संबंध में मैं दो-तीन बातें बताना चाहूंगा। एक तो आप कैंसर के बारे में ठीक ढंग से रिसच कीजिए। यह बहुत बड़े पैमाने पर बढ़ गया है और कोस्टल एरिया में तो यह सबसे ज्यादा है। वहां पर यह पानी की वजह से है या क्या कारण है, इसे आप देखिए। मेरे रिश्तेदारों के घर

में, मेरे दोस्तों के घर में कैंसर के दो-दो, तीन-तीन पेशेंट्स हैं। जब वे इस बीमारी का इलाज कराने के लिए जाते हैं तो बहुत अधिक खर्चा आता है। उसके संबंध में क्या किया जा सकता है, इस संबंध में विचार कीजिए। इसके अतिरिक्त diabetes के पेशेंट्स भी बड़े पैमाने पर बढ़ गए हैं किन्तु इसकी दवा बहुत महंगी है। आप खुद pharmaceutical company खोलिए, गवर्नमेंट को pharmaceutical company बनानी चाहिए तथा कैंसर और diabetes की दवाएँ सस्ती मिलनी चाहिए। हमारे कार्यकर्ता, जिन्हें diabetes है, वे बार-बार बोलते हैं कि आप इस सवाल को उठाइए। उनका तीन-तीन, चार-चार हज़ार रुपए महीने का खर्च आ जाता है, वे यह खर्च कहां से करेंगे? अगर सही मायने में उन्हें जिंदा रखना है तो सरकार को इन बीमारियों की दवाएं सस्ती करनी चाहिए, यह मैं आपसे कहना चाहता हूं। मेरा एक सुझाव है कि हर जिले में सिविल अस्पताल होता है। आप उस सिविल अस्पताल को ठीक करके हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज क्यों नहीं खोलते? जो प्राइवेट कॉलेज हैं, वे एक करोड़, दो करोड़, तीन करोड़, चार करोड़ - कुछ भी कीमत विद्यार्थियों से लेते हैं। उसके बाद वे लोगों का exploitation करते रहते हैं। इसलिए कृपया आप मेडिकल कॉलेजेज़ खोलिए। अगर आपका बजट कम है तो बजट बढ़ाइए। हेल्थ और एजुकेशन - इन दो चीज़ों का बजट बढ़ना चाहिए, ये दोनों बजट आपने यूपीए के काल से कम किए हैं। जैसा हमारे नेता आज़ाद साहब ने कहा, उन्हीं योजनाओं को आप आगे ले जा रहे हैं, लेकिन उन्होंने जो बजट दिया था, आपका बजट उससे कम हो गया है। वह कैसे बढ़ेगा, उस संबंध में विचार कीजिए। दूसरा, पब्लिक अस्पताल हैं। मुम्बई में जे.जे. अस्पताल है, के.ई.एम. अस्पताल है, नायर अस्पताल है, वहां लोगों को बहुत अच्छी ट्रीटमेंट मिलता है, लेकिन वहां पर भीड़ इतनी अधिक होती है कि लोग कहां सोएंगे, वह नहीं पता होता। वहां पर लोग cot के नीचे सोते हैं। टाटा अस्पताल के बाहर लोग फुटपाथ पर रहते हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप public hospitals की सुविधाएं बढ़ाने का, उनका extension करने का - उनके पास जगह है, उस जगह पर उन्हें बढ़ाने का काम करेंगे और उन्हें सुविधाएं देंगे तो अच्छा होगा।

इसके अतिरिक्त मैं बहुत दिनों से एक बात कह रहा हूं कि मुम्बई-गोवा रोड पर बहुत बड़े पैमाने पर accidents होते हैं। पूरे भारत में जो accidents होते हैं, उसमें सबसे ज्यादा accidents इस रोड पर होते हैं, लेकिन वहां पर एक भी trauma centre नहीं है। अगर आप वहां पर trauma centre बनाएंगे तो बड़ी मेहरबानी होगी। इसके अतिरिक्त यह भी सवाल उठा है कि प्राइवेट अस्पतालों को 25 परसेंट लोगों का treatment करना चाहिए, लेकिन कोई भी ऐसा नहीं करता। इसका क्या इलाज हो सकता है, वह आप देखिए। सर, जब गरीब आदमी मर जाता है तो वे उसकी लाश तक नहीं देते हैं, यह बिल्कुल गलत बात है। इसके लिए एक कानून बनाइए। एक आदमी मर जाता है और उसकी लाश को देने में भी लोगों को तीन-तीन, चार-चार दिन धक्के खिलाते हैं, जो बहुत गलत बात है।

अंत में, मैं यह कहना चाहता हूं कि मेडिकल कॉलेज की परमिशन देना या डॉक्टर्स पर कार्यवाही करना, ये सारे अधिकार आपने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया को दे रखे हैं। उस काउंसिल के मेम्बर्स सारे डॉक्टर्स हैं। आप उसमें politicians, experts और workers को भी लीजिए, उस बोर्ड को बदलने का काम करिए। अभी मेरे दोस्त ने बताया कि डा0 केतन देसाई, जो जेल में था, उसने इतने बड़े पैमाने पर करप्शन किया, लेकिन छूटने के बाद उसे promotion मिल गया। अभी वह वर्ल्ड मेडिकल एसोसिएशन में भी गया है। सीबीआई ने कहा कि उसके खिलाफ कोई मामला नहीं है।

[श्री हुसैन दलवई]

यह तो गलत बात है। मेरे ख्याल से किसी ने उनको बचाने का काम किया है। जो मेडिकल काउंसिल है, इसका नाम कॉलेजों को परमिशन देना है, उसमें तो बड़े पैमाने पर करप्शन होता है। आप इसको बंद कीजिए। आप मेडिकल काउंसिल को बदल दीजिए। उनके पास अनलिमिटेड पावर्स हैं, वे ही रूल्स बनाते हैं, कानून बनाते हैं, उनको execute वे ही करते हैं, जजमेंट वे ही देते हैं और पनिशमेंट वे ही देते हैं। जो unethical काम चलता है, उस पर कोई कार्रवाई उन्होंने नहीं की है। मेरे ख्याल से यह गलत बात है। मेडिकल के कॉलेजों का रजिस्ट्रेशन भी वे ही करते हैं। यहां पर दो-तीन काउंसिल्स बनाने का सुझाव पार्लियामेंटरी कमेटी ने दिया है। ...(**समय की घंटी**)... आप उन सुझावों को क्रियान्वित कीजिए। आप जो कमेटी बनाएंगे, उसमें सिर्फ डॉक्टर्स को ही मत लीजिए, उसमें अन्य लोगों को भी लीजिए, मेरी इतनी ही रिक्वेस्ट है।

डा. भूषण लाल जांगडे (छत्तीसगढ़): उपसभापति महोदय, हमने जब पहले अस्पतालों में सर्विस की, उस जमाने में न अस्पताल था, कच्चे मकानों में हमने अपना अस्पताल चलाया, उस वक्त कोई सुविधा नहीं थी। उस जमाने में पूरी दवाइयां हमें मिलती नहीं थीं। उस ज़माने की स्थिति बहुत दयनीय थी। धीरे-धीरे संस्थाएं मजबूत होने लगी हैं, परन्तु उस समय हम वहां पर सेवा करते रहे, वह सेवा कहलाती थी, आज के हमारे चिकित्सकों की जो सेवा है, वह सेवा न होकर एक बिजनेस बन गया है। उस बिजनेस के कारण से मरीजों की जो हालत है, वह बहुत खस्ता हो गई है। आज मरीज चाहे गरीब हो, चाहे अमीर हो, चाहे जो भी हो, आज चिकित्सा बिजनेस बन गया है, उसके कारण से उनकी स्थिति दयनीय हो जाती है। जो गरीब लोग हैं, वे अपनी जमीन बेचकर, अपना इलाज कराते हैं। आज इलाज बहुत महंगा भी हो गया है। जब हम पहले इलाज कराते थे तब बहुत कम रकम में इलाज हो जाता था और मरीज ठीक हो जाते थे। उनका बहुत कम समय में इलाज हो जाता था। इस समय जितनी जांच होती है, आज के ज़माने में चाहे किसी को बुखार ही क्यों न हो, परन्तु उसको डॉक्टर लोग जांच के लिए भेजते हैं, चाहे ब्लड का टेस्ट हो, चाहे एक्सरे जांच हो, चाहे जो भी हो, उसमें मरीज का बहुत सारा पैसा खर्च हो जाता है। इसके कारण लोगों की स्थिति बहुत दयनीय हो जाती है। किसानों को अपना खेत बेचना पड़ जाता है, गरीबों को अपना जेवर बेचना पड़ जाता है, जिसके कारण उनकी हालत खस्ता हो जाती है।

आज सरकार मरीजों की मदद कर रही है। मोदी जी की सरकार ने एक एलान किया है, उसके आधार पर हम सोच सकते हैं कि हमारी स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी, अच्छी होंगी। मैंने तमिलनाडु में देखा है, वहां पर स्वास्थ्य सेवाएं बहुत उत्तम हैं। केरल में भी मैंने देखा है, केरल में भी स्वास्थ्य सेवाएं बहुत उत्तम हैं। मैं चाहता हूं कि इसी तरह से पूरे देश की स्वास्थ्य सेवाएं अच्छी हों। इससे ही हमारा धन-जन सुरक्षित रह सकता है। आज बच्चों को नई-नई बीमारियां हो रही हैं, आज बड़े-बड़े लोगों को नशाखोरी के कारण, गुटका खाने के कारण या तम्बाकू खाने के कारण कैन्सर की बीमारी हो रही है, जिससे सुरक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी हो गई है। मैं स्वयं गांवों में जाता हूं और यह एलान करता हूं कि यदि आप लोग मुझे किसी कार्यक्रम में बुलाते हैं, तो यदि आप नशा-मुक्त होना चाहते हैं, तब बुलाइए नहीं, तो मत बुलाइए। हमारे देश के लिए नशा-मुक्त होना बहुत जरूरी है। आप खासकर गांव के एरिया में देखेंगे कि लोगों को पीने के लिए दूध मिलता नहीं है, लेकिन शराब मिलती है। आज तम्बाकू का गुटका हर दुकान में मिल जाएगा। यह गुटका हमारे बच्चों के लिए बहुत ही हानिकारक है।

जब पहले बुजुर्ग लोग बच्चों को बोलते थे कि बीड़ी सुलगा कर लाओ, तो बच्चे बीड़ी सुलगाने के लिए जाते थे और आधी बीड़ी पीकर वे अपने बाप या दादा को देते थे। इस तरह से उनको बीड़ी पीने की आदत पड़ जाती थी। इसी तरह से आज शराब की भी स्थिति हो गई है। आज गांवों में बच्चों से शराब मंगाई जाती है। यहां तक कि स्कूलों में शिक्षकगण भी छात्रों को लाइन में लगाते हैं। वे छात्र भी आधी शराब पीते होंगे और आधी शराब में पानी मिलाकर अपने शिक्षक को देते होंगे।

आज हमारे बच्चे भी नशाखोर हो रहे हैं। इनका नशा छुड़ाना ज्यादा जरूरी है। आज हमारे बहुत से अस्पतालों में नशा-मुक्ति का कार्यक्रम चलता है, परन्तु मुझे उस नशा-मुक्ति कार्यक्रम से संतोष नहीं है। मैंने देखा है कि हमारे कुछ संत लोग हैं, कुछ जानकार लोग हैं और आयुर्वेद के ज्ञाता लोग हैं, जो जड़ी-बूटी को जानते हैं। जो लोग जंगलों में रहते हैं, उनको बहुत सी दवाइयों की जानकारी होती है। वे लोग नशा-मुक्ति की दवाइयां भी देते हैं। मैंने खुद देखा है कि हमारे कुछ लोग नशा-मुक्ति की एक खुराक देते हैं और उस एक खुराक से ही नशा-मुक्ति हो जाती है। मैं डॉक्टर्स से बोलता हूं, तो वे कहते हैं कि इस पर रिसर्च होनी चाहिए। मैं कहता हूं कि रिसर्च किसलिए? जो बहुत सारी दवाइयां सिद्ध हैं, उनकी रिसर्च का सवाल नहीं है। जैसे आयुर्वेद की बहुत सी दवाइयां सिद्ध हैं, जो पिछले पांच या दस हजार सालों से चल रही हैं, मान लीजिए हम हींगेश्वर की दवाई का उपयोग करते हैं या त्रिभुवन की दवाई का उपयोग करते हैं, तो वे जैसे पहले हजारों सालों से बनती थीं, वैसे ही आज भी बनती हैं। पहले हम Tetramycin का उपयोग करते थे, Streptopenicillin का उपयोग करते थे। आज हम उनका उपयोग कहां कर रहे हैं? आज हम उनका उपयोग नहीं कर रहे हैं। आज उनका महत्व कम हो गया है। आज उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है। आज स्थिति खराब हो गई है, इसलिए इसमें सुधार करना बहुत जरूरी है। हमारे देश में आयुर्वेद काफी समय से चला आ रहा है। हम आयुर्वेद से ही इलाज कराते थे। हमारे दादा, नाना आयुर्वेद की जड़ी-बूटियों के बारे में जानते थे। धीरे-धीरे हमारे जंगल खत्म होते जा रहे हैं और जंगलों से जड़ी-बूटियां सब खत्म हो रही हैं। आज हम यह नहीं जानते कि कौन सी जड़ी-बूटी किस बीमारी में काम आती है, परन्तु हमारे दादा, हमारे नाना जानते थे और वे इनसे घर पर ही इलाज करते रहे। यदि किसी को थोड़ा बहुत बुखार हो गया, किसी को सर्दी लग गई या किसी को दस्त हो गए, तो वे ठीक हो जाते थे। आज हम एक से एक अच्छी दवाइयों का उपयोग करते हैं, परन्तु उनसे ठीक नहीं हो पाते हैं बल्कि बीमारियां और बढ़ जाती हैं। पहले हमें लू नहीं लगती थी। हमारे बच्चों को लू नहीं लगती थी, परन्तु आज हम शहर में ए.सी. में रहकर भी जैसे ही बाहर निकलते हैं, तो हमें लू लग जाती है। हम उसका इलाज नहीं करा पाते हैं और अस्पताल में भर्ती करना पड़ जाता है। हमें आज इन सारी परिस्थितियों को देखना होगा। ...(**समय की घंटी**)... पहले जो इलाज होता था, आज उसमें परिवर्तन आता जा रहा है। आज उसमें सुधार करना हमारे लिए आवश्यक है। अभी मोदी जी ने जिस तरह से योग की शिक्षा देने के लिए पूरे राष्ट्र में और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा दिया है यदि हमारा शरीर स्वस्थ है, यदि हम स्वस्थ विधि का पालन करते हैं, तो हम निरोग रहेंगे, हमारी बीमारी कम होगी और हम उसका उपयोग कर सकते हैं, योग एक ऐसा साधन है।

श्री उपसभापतिः आपने बहुत अच्छा बोला।

डा. भूषण लाल जांगड़ेः सर, मैं एक मिनट समय और लूँगा, मेरी कुछ बातें हैं।

[डा. भूषण लाल जांगड़े]

सर, मैं बीच में ओडिशा में मयूरभंज गया था, वहाँ एक निजी आयुर्वेदिक अस्पताल है, जो बंद हो गया है। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूँगा कि इसको प्रारम्भ कर दें। वहाँ जड़ी-बूटी का भंडार है। यदि वे इसको प्रारम्भ कर दें, तो मैं सोचता हूँ कि कम से कम 100 किलोमीटर दूर तक जो एरिया है, वहाँ के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। ...(**समय की घंटी**)...

दूसरी बात, बस्तर में मेडिकल कॉलेज खुल गया है, परंतु जो सुविधा हमें मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल रही है। यह हमारे छत्तीसगढ़ की बात है। आप वहाँ सुविधा देने का प्रयास करें, तो इससे खास कर बस्तरवासियों को लाभ मिलेगा।

सर, छत्तीसगढ़ की एक और बात है कि वहाँ एक गवर्नमेंट फार्मेसी है। फार्मेसी से दवाइयाँ अच्छी बनती हैं। हम प्राइवेट कंपनियों से दवाइयाँ लेते हैं। जैसे मैं योगराज गुग्गुल का उदाहरण देता हूँ। वह उंगली से दबाने से नहीं दबता है, परंतु आज जो हम फर्म से खरीदते हैं, वह टूट जाता है। इस तरह से वहाँ सरकार तुरंत आयुर्वेदिक फार्मेसी खोल कर दवाइयाँ बना कर उनका उपयोग करे, तो हमारा आयुर्वेद बहुत आगे बढ़ जाएगा। मैं इतना कह कर अपनी बात समाप्त करता हूँ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Ary you an Ayurvedic doctor or an Allopathic doctor?

डा. भूषण लाल जांगडेः सर, मैं condensed course में था, जिसमें आयुर्वेदिक और एलोपैथिक, दोनों आते हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. That is good. But, in Kerala, Ayurveda is very popular. It is very popular there.

डा. भूषण लाल जांगडेः केरल में आयुर्वेदिक पद्धति से आँख का ऑपरेशन किया जाता है। यह बहुत प्रसिद्ध है। उसी तरह से देश में भी होना चाहिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Shri Jairam Ramesh, the last speaker, the last speaker; last but not the least, I tell you.

SHRI JAIRAM RAMESH (Andhra Pradesh): Sir, thank you very much for giving me this opportunity because two days ago you tried to dispose me of. But today, at least, you have given me ...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Who can dispose you of?

SHRI JAIRAM RAMESH: You have been very kind to give me five minutes at the end of a long day and I am grateful that the hon. Minister is here.

Sir, I want to make five points, very briefly, because it has been a very long discussion, a very rich discussion, and I want to draw the Minister's attention to these

five issues. I don't necessarily expect him to respond to it but I just want to flag these five issues for his attention and further consideration.

Sir, the first issue is relating to the budgets in the State Governments. Now, Sir, the expectation was that by increasing the devolution of taxes from 32 per cent to 42 per cent, the State Governments will spend more on essential sectors like health. Now it would have been unrealistic to expect this in the first year but I would like the hon. Minister to review the situation whether it has actually begun to happen in, at least, the second year of implementation. Sir, what is happening from my experience is that because the norm for funding pattern has changed from 75:25 to 60:40, the State Governments are spending more money to fulfil their part of the obligation for Central Schemes and not necessarily expanding their level of expenditure. So, I think what we are seeing in the State budgets is no doubt an increase in the States' spending on health but that increase in spending is only to fulfil the change in the norm from 75:25 to 60:40 and not in real terms. Sir, for States like Kerala, Tamil Nadu, Karnataka, I am not very concerned about because these are States which traditionally have spent very well on health with good outcomes but it is States like UP., Bihar, Jharkhand, Odisha, particularly, the Northern and the Central belt States, where there is need to increase public expenditure on health which may be handicapped by the change in the funding pattern even though the States have got more money from 32 per cent to 42 per cent. So, I would like the hon. Minister to keep this matter under constant review and constant consideration, particularly, in the Northern and Central Indian States.

Sir, the second issue that I want to raise is on insurance. It has been our experience, and this has been brought out very clearly in the Report of the High-level Expert Group on Health, that contrary to expectation, out-of-pocket-expenditure has actually increased, even after the introduction of insurance products. So, I would like to caution the hon. Minister not to follow the insurance-led model of health delivery. Insurance has an important role. We must harness that role. But, to give insurance the central place in our health-planning, as seems to be the case in the last two-three years that I have been able to pick up is, I think, being a bit too unrealistic. I would like to urge the hon. Minister to go slow on the insurance-led model and focus more on the public health delivery, which has traditionally been the pattern that our health system has been founded on.

SHRI TAPAN KUMAR SEN (West Bengal): Just a minute, Mr. Jairam. How would 49 per cent FDI be accommodated if that was not done?

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, let me not respond to that now!

Sir, the third issue that I want to raise is the National Health Mission. Sir, I had this debate with Mr. Ghulam Nabi Azad when he was the Minister — he is not here now; I had this debate with Dr. Anbumani Ramadoss. Unfortunately, I failed in that debate. I would like to revive that debate once again with my good friend, Mr. Nadda. Sir, what has happened is, the National Rural Health Mission has become the National Health Mission, but all health programmes have also become a part of the National Health Mission. Even the National Communicable Diseases Programme is now a part of the National Health Mission. To my knowledge, a 'mission' means, a clearly defined objective, a clearly defined cost parameter and a clearly defined performance parameter. Now, what has happened is — this happened in the UPA Government and this is also happening in the NDA Government — all programmes, in their totality, are becoming 'missions'. Now, this is making a mockery of the word 'mission'. I would like the hon. Minister to review the structure of the National Health Mission, to make it far more focussed, far more pointed, to have a starting date and to have a final date as far as the Mission is concerned, and not covert all vertically-integrated programmes, even the National Communicable Diseases Programme, as 'missions'.

Sir, the fourth issue that I want to raise is governance. I have been a member of the Standing Committee for the last two years. And, we took up the issue of governance of public health systems. And I think, the Government of India should make a beginning by demonstrating a completely new approach to governance, to the systems that it controls and it governs, before it gives advice to others on what governance should be. And, what better place to start than the All India Institute of Medical Sciences? Sir, we have given a detailed report on the changes required in order to make the All India Institute of Medical Sciences a better place, a better health ecosystem. Sir, I have no doubt, I have no hesitation, in saying that the All India Institute of Medical Sciences is one of our few world-class institutions. It is world-class because of the quality of students and the quality of the faculty. Now, we must give them a work environment conducive to their talents and conducive to their capabilities. Today, Sir, the work environment in AIIMS is like a bus station; it is like a railway station. I salute the people who are working in AIIMS, for their degree of commitment, for their degree of social sensitivity, in the conditions under which they are working, most of which have been imposed by Government, some of which have been imposed by Parliament. I think this is really commendable.

Sir, we have given a detailed report on how AIIMS should be better governed. And, it is not just a question of AIIMS, Delhi, because the same system of AIIMS, Delhi, is

now being replicated all over the country. First it was six AIIMS; now there is going to be an AIIMS in every State. I am sorry to say, Sir, the best signal the Health Minister can send, to show that he means business for good governance, is by resigning his role as Chairman of the Governing Body of AIIMS.

There is no reason why the Health Minister of India should be the Chairman of the Governing Body not only of AIIMS, Delhi but AIIMS, Bhubaneswar, AIIMS, Jodhpur, AIIMS, Raipur and all the other AIIMS. You must bring professionals. You must allow professionals to manage these institutions professionally. And I think the hon. Minister will see in the Standing Committee Report a large number of these recommendations which, I hope, he will take seriously. Sir, I know that you are looking at the watch. My final point is very topical, very relevant because yesterday the Supreme Court has passed a sweeping order taking over the MCI virtually. Sir, on the 8th of March, I had the privilege of presenting or laying on the Table of the House the Standing Committee's 92nd Report on the Functioning of Medical Council of India. This took us eight months. This is the first time that the Standing Committee actually examined the functioning of the MCI. This Report, in my view, is a landmark Report because it not only looks at the functioning of the MCI but also looks at the structure of undergraduate and postgraduate medical education. It also looks at the mix of public and private. It also looks at the fact that today 60 per cent of all the medical colleges in India are in four States and how to make medical education and medical training more widespread in our country than is the case so far. Sir, I wish and I request the Minister to take this Report very seriously. It seems that the Supreme Court has taken the Report more seriously than the Government. This is a very unfortunate situation. Whether it is NDA or UPA it is an immaterial issue, it is the job of the Government to reform MCI. MCI must be reformed. It is the job of the Government to reform undergraduate and postgraduate medical education. That must be reformed. And it is the job of the Government to ensure greater regional distribution of medical infrastructure including colleges. I don't think that we should abdicate this role to the Supreme Court with all due respect to the Supreme Court or to this three-man Committee that has been set up by the Supreme Court yesterday. So, I think, if, the Government means business, I would request the hon. Minister to come to Parliament with the new MCI law that the Standing Committee has recommended and you will find all Parties' support for that law because all Members of the Standing Committee unanimously have given that Report.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Five minutes mean five minutes. *...(Interruptions)...*

SHRI JAIRAM RAMESH: You have been so kind; allow me for one minute more because I know tomorrow you will not be kind, so I am taking full advantage of this kindness of yours. Sir, the one issue that has bothered me for many years is that, as a country, we are not paying adequate attention to the issue of environmental health. I think environmental issues today are extracting a huge mobility cost as far as public health is concerned whether it is air pollution, whether it is water pollution, whether it is land degradation or whether it is chemical contamination. I think we are beginning to see increasing evidence of the fact that morbidity, if not mortality, is being influenced heavily by environmental factors. Hon. Minister is an unusual man because he had been both Minister of Environment and Minister of Health in the State Government. So, he should be in a better position to be appreciative of the point that I am making that increasingly environmental issues are extracting public health cost and we must intervene decisively before it becomes too late. Sir, I thank you very much for giving me this courtesy.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you for the very valuable points. Now, the hon. Minister is to speak.

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री जगत प्रकाश नड्डा): माननीय उपसभापति महोदय, आज स्वास्थ्य मंत्रालय पर यहां राज्य सभा में चर्चा हुई है और बहुत ही सार्थक और पॉज़िटिव चर्चा हुई है। सच में यह मंत्रालय को काम करने में एक डायरेक्शन भी देता है और ताकत भी देता है, क्योंकि जो सेंटिमेंट्स हमारे सदस्यों से आते हैं, उनसे पता चलता है किं मत्रालय को कैसे देखा जा रहा है और साथ ही बहुत महत्वपूर्ण सुझाव भी आते हैं, जिनको हम अपनी वर्किंग में incorporate करने का प्रयास करते हैं। मैं सबको धन्यवाद देता हूँ, विपक्ष के नेता, गुलाम नबी आज़ाद से लेकर सभी सदस्यों ने, कुल मिलाकर 21 सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया है और स्वास्थ्य विभाग के preventive, promotive, curative और medical education, इन सारे विषयों के बारे में उन्होंने चर्चा की है और यह बहुत गंभीर चर्चा रही है, बहुत तर्कपूर्ण चर्चा रही है। मैं उन सबका धन्यवाद करता हूँ और धन्यवाद करने के साथ-साथ उनको यह भी विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि जो आपके सेंटिमेंट्स हैं, जो आपके विचार हैं, मंत्रालय उन सबको अपने में समावेश करके उसी दिशा में बढ़ने का प्रयास कर रहा है। आपके विचार से हम कोई अलग हैं, ऐसा नहीं है। हम इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

दूसरी बात यह है कि मैं अभी नहीं, बल्कि पहले से ही जब मैं प्रदेश में भी मंत्री था, तो मैं हमेशा एक बात पर विश्वास करता हूँ कि government works in continuity. Men come and go; parties come and go, but, by and large, the continuity of the Government is there and policies are not made in one day. A policy has got a history; it has got a background; it has got an understanding; and, because of those understandings and lot of positive contributions of many people, a policy is evolved. What we can do is, we should see to it that with experience, how better we can make that policy, how we can improve upon that policy, how we can make it more meaningful and how we can make its

implementation part better. इसलिए जो पॉलिसीज़ प्रोग्राम्स के तहत विभिन्न experiences के साथ चलती रही हैं, उनको हमने continity के साथ बढ़ाया है और बढ़ाने के साथ-साथ उसकी effectiveness और उसकी capacity कैसे बढ़े, इस पर हमने ज्यादा बल दिया। इस पर हमारा फोकस रहा है।

